seemasandeshsgr@gmail.com ☎ 0154-2466402, 2466403 ■ जयपुर ■ श्रीगंगानगर ■ हनुमानगढ़ ■ बीकानेर ■ बठिण्डा से एक साथ प्रसारित

कदम, कसम और कलम हमेशा सोच समझकर ही उठाना चाहिए।

वर्ष 1951 से निरन्तर प्रकाशित

# सीमा सन्देश

संस्थापक स्व. श्री कमल नयन शर्मा

ताकत किसान की, जवान की



■ वर्ष : 56 ■ अंक : 294 ■ मूल्य : रु. 4.00 ■ पृष्ठ : 12 | seema-sandesh.com | श्रीगंगानगर, मंगलवार 27 अक्टूबर 2026

देवदत्त पडिक्कल ने 199 रन बनाकर... 11 >

## न्यूज इन ब्रीफ

### 6500 टन चांदी के आयात को मंजूरी

**नई दिल्ली।** त्योहारी सीजन में मांग को ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार ने अगले छह माह में 6,500 मीट्रिक टन चांदी के आयात को मंजूरी दी है। भारत अपनी 80 प्रतिशत से अधिक चांदी आयात करता है। कारोबारियों का मानना है कि इससे बाजार में उपलब्धता बढ़ेगी और कीमतों पर दबाव पड़ सकता है।

### चक्रवात से आंध्र तट पर खतरा

**नई दिल्ली।** बंगाल की खाड़ी में सक्रिय चक्रवाती तूफान 'अर्नब' के अति भीषण चक्रवात में बदलने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, यह 28 अक्टूबर को आंध्र प्रदेश और यनम तट से टकरा सकता है। इस दौरान हवा की रफ्तार 115 से 125 किमी प्रति घंटा और झोंकों में 140 किमी प्रति घंटा तक पहुंच सकती है।

### दालें और महंगी होंगी, आयात बढ़ा

**नई दिल्ली।** वित्त वर्ष 2026-27 के अप्रैल-अगस्त के दौरान भारत में दालों का आयात 67 प्रतिशत बढ़कर 2.06 मिलियन टन पहुंच गया, जबकि आयात पर खर्च 38 प्रतिशत बढ़कर 1.18 अरब डॉलर हो गया। कम बारिश और वैश्विक आपूर्ति प्रभावित होने से कीमतों पर दबाव की आशंका है। आने वाले समय में दालों के भाव बढ़ सकते हैं। सरकार के पास लगभग 4.5 मिलियन टन दालों का भंडार है।

### पिकअप से चार करोड़ कैश बरामद

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के खुसीर्पार थाना क्षेत्र में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक पिकअप वाहन से चार करोड़ रुपये नकद बरामद किए हैं। पुलिस को सूचना मिली थी कि वाहन में बड़ी मात्रा में नकदी रायपुर से नागपुर ले जाई जा रही है। जांच के दौरान पिकअप के पिछले हिस्से में बने गुप्त चेंबर से रकम मिली। पुलिस ने वाहन जब्त कर दो लोगों को हिरासत में लिया है।

### नकली नोटों की खेप पकड़ी

**जयपुर।** पुलिस की स्पेशल टीम ने दीपावली से पहले बड़ी कार्रवाई करते हुए 3.45 लाख रुपये के नकली नोटों के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। भट्टा बस्ती थाना क्षेत्र में पकड़े गए शाहबाज खान के पास 500-500 रुपये के नकली नोट मिले। जांच में एक नोट पर दो अलग-अलग सीरियल नंबर भी मिले हैं।

### मानहानि मामले में राहुल गांधी बरी

**सुल्तानपुर।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को अमित शाह पर टिप्पणी से जुड़े मानहानि मामले में एमपी/एमएलए कोर्ट ने सोमवार को बरी कर दिया। करीब आठ साल चली कानूनी प्रक्रिया के बाद कोर्ट ने तीन बिंदुओं पर उन्हें दोषी नहीं माना। अदालत ने कहा कि बड़े नेताओं के खिलाफ ऐसे मामले दायर करते समय सावधानी बरतनी चाहिए। वहीं, सुल्तानपुर पहुंचते समय पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर राहुल गांधी के काफिले की कुछ गाड़ियां आपस में टकरा गईं, लेकिन वे सुरक्षित रहे।

### भारतीय समुदाय शांतिप्रिय : गोयल

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारतीय समुदाय अपनी शांतिप्रिय छवि के कारण दुनिया में सम्मान पाता है। बर्लिन में भारतीयों से संवाद के दौरान उन्होंने कहा कि भारतीय विदेशों में परिवार और समाज के प्रति जिम्मेदारी निभाते हैं तथा हिंसा या तोड़फोड़ से दूर रहते हैं। गोयल ने प्रवासी भारतीयों से बच्चों को मेंटरशिप, डिजिटल प्रशिक्षण और करियर मार्गदर्शन देने की अपील की। उनकी यह टिप्पणी यूरोप के कई देशों में जारी प्रदर्शनों के बीच आई है।

# सरकार ने तेज की भर्ती, बजट कार्यों की रफ्तार

**मुख्य सचिव ने कहा:** राज्य में 1.90 लाख युवाओं को मिली सरकारी नौकरी, 1.10 लाख पदों पर भर्ती प्रक्रिया जारी

**जयपुर**



राज्य सरकार ने युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने और विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए प्रशासनिक गतिविधियां तेज कर दी हैं। मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास की अध्यक्षता में सोमवार को शासन सचिवालय में हुई कमेटी ऑफ सेक्रेट्रीज (सीओएस) की बैठक में भर्ती प्रक्रियाओं, बजट घोषणाओं, मिशन कर्मयोगी, ई-फाइलों के निस्तारण और सूखा संभावित जिलों की तैयारियों की समीक्षा की गई। अधिकारियों को जनहित से जुड़े लंबित कार्यों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

**बजट घोषणाओं पर फोकस:** बैठक में वर्ष 2024-25, 2025-26 व 2026-27 की बजट घोषणाओं की समीक्षा की गई। मुख्य सचिव ने प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्राप्त योजनाओं को धरातल पर उतारने व लंबित घोषणाओं को प्राथमिकता से पूरा करने के निर्देश दिए।

**मिशन कर्मयोगी में दूसरा स्थान :** राजस्थान ने मिशन कर्मयोगी की केपीआई रैंकिंग में प्रमुख राज्यों में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। राज्य के 8.33 लाख से अधिक कार्मिक आई-गॉट प्लेटफॉर्म पर पंजीकृत हैं। प्रशिक्षण पूर्ण करने की गति बढ़ाने हेतु प्रत्येक शनिवार एक घंटे का प्रशिक्षण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

**ई-फाइल व जन शिकायतों का त्वरित निस्तारण :** राजकाज पोर्टल पर 54.9 लाख से अधिक ई-फाइलें बनाई जा चुकी हैं। वहीं राजस्थान संपर्क पोर्टल पर मार्च से अक्टूबर 2026 के बीच दर्ज 65.92 लाख शिकायतों में से 99.56 प्रतिशत का निस्तारण किया जा चुका है। औसत निस्तारण समय घटकर 12 दिन रह गया है।

### पांच वर्ष में चार लाख भर्तियों का लक्ष्य

मुख्य सचिव ने कहा कि सरकार 5 वर्षों में 4 लाख सरकारी भर्तियां करने के लक्ष्य पर कार्य कर रही है। 11 रोजगार मेलों और विभिन्न भर्ती प्रक्रियाओं के माध्यम से 1.90 लाख से अधिक नियुक्तियां दी जा चुकी हैं। 1.10 लाख पदों पर भर्ती प्रक्रिया जारी है, जिनमें 45,645 पदों पर शीघ्र नियुक्तियां संभावित हैं। उन्होंने आरपीएससी व कर्मचारी चयन बोर्ड के साथ समन्वय बढ़ाने, लंबित न्यायालयीन मामलों में प्रभावी पैरवी करने तथा भर्ती कैलेंडर के लिए रिक्त पदों का विवरण शीघ्र भेजने के निर्देश दिए।

# सेना को मिलेंगे घातक हेलीकॉप्टर और ड्रोन

2.12 लाख करोड़ की रक्षा खरीद मंजूर; स्वदेशी रक्षा उद्योग को बढ़ावा, 82 फीसदी खरीद भारतीय कंपनियों से होगी



**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में हुई रक्षा अधिग्रहण परिषद की बैठक में सशस्त्र बलों के लिए 2.12 लाख करोड़ रुपये के सैन्य उपकरणों और हथियारों की खरीद को मंजूरी दी गई है। इसका उद्देश्य सेना की मारक क्षमता, निगरानी व्यवस्था और सीमाओं की सुरक्षा को मजबूत करना है। थल सेना के लिए हाई मोबिलिटी व्हीकल, सेल्फ प्रोपेल्ड ट्रैक्ड गन सिस्टम, लाइट मल्टी रोल हेलीकॉप्टर, कम दूरी की वायु रक्षा प्रणाली और काउंटर ड्रोन सिस्टम खरीदे जाएंगे। निगरानी ड्रोन, एकीकृत सर्विलांस एवं स्ट्राइक सिस्टम और लंबी दूरी तक हमला करने वाले कामिकाजे ड्रोन सिस्टम को भी मंजूरी मिली है। नौसेना के लिए आधुनिक एंटी शिप मिसाइलों से बचाव वाली एक्टिव ऑफबोर्ड डिकॉय सिस्टम और अन्य स्वदेशी प्लेटफॉर्म खरीदे जाएंगे। वहीं वायु सेना के लिए स्पेशल यूटिलिटी हेलीकॉप्टर, एयर डिफेंस सिस्टम और मोबाइल वेदर रडार जैसी प्रणालियां शामिल हैं।

## गुरु रामदास के प्रकाश पर्व पर श्री अकाल तख्त साहिब से भव्य नगर कीर्तन सजाया

**अमृतसर।** सिखों के चौथे गुरु श्री गुरु रामदास जी के प्रकाश गुरुपर्व पर सोमवार को एसजीपीसी की ओर से श्री अकाल तख्त साहिब से भव्य नगर कीर्तन निकाला गया। नगारों, जयकारों और नरसिंघों की गूंज के बीच निकले नगर कीर्तन में बड़ी संख्या में संगत ने भाग लिया तथा पुष्पवर्षा कर श्रद्धा व्यक्त की। अरदास के बाद सचखंड श्री हरिमंदिर साहिब के मुख्य ग्रंथी ज्ञानी अमरजीत सिंह ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब के पावन स्वरूप को सुनहरी पालकी में सुशोभित किया। तख्त श्री दमदमा साहिब के जत्थेदार ज्ञानी टेक सिंह ने चंवर साहिब की सेवा निभाई। नगर कीर्तन का मार्गभर विभिन्न संस्थाओं और संगत ने स्वागत किया। पांच प्यारों एवं निशानची सिंहों को सिरोपा भेंट किया गया तथा श्रद्धालुओं के लिए लंगर की व्यवस्था रही। घंटाघर प्लाजा में पंजाब पुलिस ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब को सलामी दी, जबकि हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा आकर्षण का केंद्र रही। मुख्य ग्रंथी ज्ञानी अमरजीत सिंह और ज्ञानी टेक सिंह ने संगत को गुरु साहिब की शिक्षाओं, गुरबाणी और सिख मर्यादा के अनुरूप जीवन जीने का संदेश दिया। एसजीपीसी अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी ने देश-विदेश की संगत को गुरुपर्व की शुभकामनाएं देते हुए निस्वार्थ सेवा, विनम्रता, नाम-सिमरन और मानवता के कल्याण की भावना अपनाने का आह्वान किया।

## रिटायर्ड अफसर हनी ट्रैप में फंसा

**वेल्लोर।** तमिलनाडु में सेना के 52 वर्षीय पूर्व अधिकारी पी. बाबू को पाकिस्तानी महिला को सैन्य गतिविधियों से जुड़ी संवेदनशील जानकारी देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस के अनुसार महिला ने खुद को डीआरडीओ की रिसर्च असिस्टेंट बताया था और सोशल मीडिया के जरिए संपर्क किया। आरोप है कि बाबू ने व्हाट्सऐप पर सैन्य गतिविधियों व हथियारों से जुड़ी जानकारी साझा की। जांच एजेंसियों ने इसे हनी ट्रैप का मामला बताया है।

# भाजपा नेताओं और पुलिस के बीच धक्का-मुक्की

कांग्रेस ने दिल्ली रैली के लिए भरी हुंकार; युवा कांग्रेस ने निकाला 'दिल्ली चलो' मार्च

**जयपुर**

प्रधानमंत्री मोदी पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की टिप्पणी के विरोध में भाजपा ने जयपुर में प्रदर्शन किया। भाजपा प्रदेश मुख्यालय से कार्यकर्ता रैली के रूप में चौमूं हाउस सर्किल पहुंचे और नारेबाजी की। प्रदर्शन में प्रदेश पदाधिकारी, युवा मोर्चा, महिला मोर्चा और एससी मोर्चा के कार्यकर्ता शामिल हुए। भाजपा ने पहले कांग्रेस कार्यालय का घेराव करने का ऐलान किया था, लेकिन पुलिस ने अनुमति नहीं दी और बेरिकेडिंग कर कार्यकर्ताओं को चौमूं हाउस सर्किल पर रोक दिया। प्रदर्शन के दौरान भीड़ कम होने की चर्चा रही।

जयपुर शहर भाजपा जिलाध्यक्ष अमित गोयल भी प्रदर्शन में पहुंचे। भाजपा नेताओं ने खड़गे के बयान को राजनीतिक मर्यादाओं के खिलाफ बताते हुए कांग्रेस से सार्वजनिक माफी की मांग की।

उनका कहना था कि राजनीतिक विरोध के बावजूद भाषा की गरिमा बनाए रखना जरूरी है। पार्टी द्वारा इस मुद्दे पर कांग्रेस अध्यक्ष का प्रबल विरोध करने का निर्णय लिया गया है।

### वोट चोरी देश के हर नागरिक से जुड़ा मुद्दा

इंडिया गठबंधन की ओर से एक नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में प्रस्तावित 'वोट बचाओ-देश बचाओ' रैली को लेकर युवा कांग्रेस ने तैयारियां तेज कर दी हैं। युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदयभानु चिब ने दावा किया कि राजस्थान से पांच हजार युवा कार्यकर्ता रैली में शामिल होंगे। जयपुर के शहीद स्मारक से प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय तक युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने 'दिल्ली चलो' बैनर के साथ पैदल मार्च निकाला। इसके बाद चिब ने निर्वाचित पदाधिकारियों की बैठक लेकर रैली की तैयारियों की समीक्षा की। चिब ने आरोप लगाया कि वोट चोरी का मुद्दा किसी राजनीतिक दल तक सीमित नहीं, बल्कि देश के हर नागरिक से जुड़ा है। भाजपा के पास वोट चोरी का नुस्खा होने का आरोप लगाते हुए चुनाव प्रक्रिया पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि दिल्ली रैली में देशभर से बड़ी संख्या में लोग शामिल होंगे, जिससे दिल्ली के व्यापारियों को भी लाभ मिलेगा।


# वोट चोरी व एसआईआर मुद्दे पर कांग्रेस की रैली, जवाब में भाजपा की पदयात्रा

**राजनीतिक प्रतिद्वंद्वता;** 'मोदी का बाप भी जाएगा' के जवाब में भाजपा ने स्लोगन जारी किया 'मोदी कहीं नहीं जाएंगे'

**नई दिल्ली।** एसआईआर और कथित वोट चोरी के मुद्दे को लेकर कांग्रेस और इंडिया गठबंधन 1 नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में वोट बचाओ, देश बचाओ रैली आयोजित करेंगे। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे और एसआईआर प्रक्रिया रोकने की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि लोकतांत्रिक अधिकारों पर खतरा है और सरकार महंगाई जैसे मुद्दों से ध्यान भटका रही है। कांग्रेस के आरोपों पर भाजपा ने पलटवार करते हुए इन्हें गलत धारणा फैलाने वाला बताया है। तेलंगाना भाजपा अध्यक्ष एन. रामचंद्र राव ने कहा कि पार्टी 2 नवंबर को तेलंगाना में 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा निकालेगी, जिसमें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शामिल होंगे। ऐसी पदयात्रायें हर प्रदेश में होंगी। दिल्ली में एक नवंबर को होने वाली इंडिया गठबंधन की रैली से पहले चल रही राजनीतिक बयानबाजी के बीच, सोमवार को बीजेपी ने एक स्लोगन जारी किया है। एक्स पर बीजेपी ने अपने संदेश में लिखा, 'सभी भारत-विरोधी ताकतों को बता दें कि मोदी कहीं नहीं जाएंगे।' यह पोस्ट कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के उस बयान पर पलटवार करने के लिए था, जिसमें उन्होंने कहा था 'मोदी का बाप भी जाएगा।'

**मतदाता सूची को लेकर सियासत तेज :** भाजपा ने दावा किया कि हटाए गए मतदाताओं के नाम दोबारा जुड़वाने की प्रक्रिया उपलब्ध है। वहीं कांग्रेस एसआईआर को लोकतंत्र के लिए खतरा बताते हुए जनता से रैली में भाग लेने की अपील कर रही है। दोनों दलों के बीच चुनावी मुद्दों को लेकर राजनीतिक टकराव तेज हो गया है।

### खरगे की टिप्पणी कांग्रेस की हताशा दिखाती है : रक्षामंत्री राजनाथ सिंह



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पिता पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की टिप्पणी को कांग्रेस की राजनीतिक संस्कृति और वैचारिक शून्यता का परिचायक बताया है। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक जीवन में पद की गरिमा, संयम और मयार्दा जरूरी है। राजनाथ सिंह ने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेताओं ने पहले भी प्रधानमंत्री और उनके परिवार को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणियां की हैं। उन्होंने कहा कि राजनीतिक विरोध लोकतंत्र का हिस्सा है, लेकिन व्यक्तिगत टिप्पणियां स्वीकार्य नहीं हो सकतीं। सिंह ने कहा कि ऐसी टिप्पणियों से प्रधानमंत्री मोदी के जनसेवा के संकल्प को कमजोर नहीं किया जा सकता।

### वोट चोरी से लोकतांत्रिक अधिकार खतरे में : मल्लिकार्जुन खरगे



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि देश में बड़े पैमाने पर वोट चोरी हुई है और यह प्रक्रिया अब भी जारी है, जिससे करोड़ों लोगों का मतदान अधिकार खतरे में है। उन्होंने कहा कि त्योहारों के बीच जनता महंगाई से परेशान है, लेकिन सरकार जनसमस्याओं के बजाय चुनावी प्रक्रिया पर ध्यान दे रही है। खरगे ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे और एसआईआर प्रक्रिया रोकने की मांग दोहराई।

**खरगे से माफी की मांग :** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की पटना में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पिता को लेकर की गई टिप्पणी पर राजनीतिक विवाद बढ़ गया है। भाजपा ने इसे अमर्यादित बताते हुए देशभर में विरोध प्रदर्शन किया और खरगे से माफी की मांग की। भाजपा नेताओं ने कहा कि राजनीतिक विरोध की एक सीमा और गरिमा होती है।

### वोट चोरी से कुछ सुरक्षित नहीं : राहुल



दिल्ली में कांग्रेस की प्रस्तावित रैली को लेकर सियासत तेज हो गई है। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर व्यापारियों का समर्थन किया और सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि मेट्रो बंद करने, सड़कें सील करने और राजधानी में पाबंदियों के लिए सरकार जिम्मेदार है। वोट चोरी होने पर दुकान,बचत व बच्चों का भविष्य भी सुरक्षित नहीं रहेगा। उन्होंने मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार को हटाने की मांग करते हुए कहा, इससे आंदोलन 30 सेकंड में समाप्त हो जाएगा।

### कांग्रेस ने मर्यादा खोई : प्रदेशाध्यक्ष राठौड़



**जयपुर/चित्तौड़गढ़।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की टिप्पणी को लेकर भाजपा ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोला है। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने इसे राजनीतिक मर्यादाओं के खिलाफ बताते हुए कांग्रेस से सार्वजनिक माफी की मांग की। उन्होंने कहा कि विपक्ष को सरकार की आलोचना का अधिकार है, लेकिन व्यक्तिगत टिप्पणी लोकतांत्रिक संवाद को कमजोर करती है। भाजपा महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस हताशा में अमर्यादित भाषा का सहारा ले रही है। चित्तौड़गढ़ सांसद सीपी जोशी ने कहा कि देश की जनता कांग्रेस को पहले ही नकार चुकी है। इसके बाद ही कांग्रेस नेता ऐसी बयानबाजी कर रहे हैं।



## शरद पूर्णिमा मेले पर हुए विभिन्न अनुष्ठान

# हनुमान खेजड़ी धाम में उमड़े श्रद्धालु



**सीमा सन्देश # सूरतगढ़।** शरद पूर्णिमा पर सोमवार को श्रीहनुमान खेजड़ी मंदिर में सुबह से देर शाम तक बालाजी के दर्शनार्थ बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला जारी रहा। मंदिर में दिनभर जय हनुमान व जय श्रीराम के जयकारे गूंजते रहे। कई श्रद्धालुओं ने बाबा को सवामणी का भोग लगाया। शरद पूर्णिमा पर चंद्रमा की रोशनी में रखी अमृतमयी खीर का बालाजी को भोग लगाकर श्रद्धालुओं में वितरण किया गया। वहीं, मंदिर में लगाए लंगर में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। मेले में श्रद्धालुओं ने वीर हनुमान की प्रतिमा के दर्शन कर परिक्रमा की और प्रसाद चढ़ाया। वहीं बैठकर श्री सुंदरकांड व श्री हनुमान चालीसा का पाठ किये। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए श्रीहनुमान खेजड़ी प्रबंध समिति सदस्यों ने कतारों की व्यवस्था कर दर्शन करवाए। मंदिर की आभा देखते ही बनती थी। समिति की ओर से हलवा, पूरी व सब्जी का लंगर लगाया गया। लंगर का शुभारंभ यजमान समाजसेवी पृथ्वी स्वामी ने सपरिवार भोग लगाकर किया।

### जागरण में भजनों पर देर रात तक झूमे भक्त

मेले की पूर्व संध्या पर मंदिर परिसर में श्रीबालाजी का जागरण आयोजित किया गया। मुख्य यजमान यजमान नगरपालिका अध्यक्ष ज्योति कंवर व समिति कोषाध्यक्ष जगदीश वशिष्ठ ने सपत्नीक बालाजी की पूजा-अर्चना की। मुख्य पुजारी पं. हनुमानप्रसाद शर्मा ने पूजा संपन्न करवाई। इसके बाद भजन गायक कबीर राजस्थानी ने बालाजी के एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुतियां दी। भजनों पर श्रद्धालु देर रात तक झूमते रहे। समिति की ओर से अतिथियों व भामाशाह रुकमादेवी ओझा का सम्मान किया गया। मेले के दौरान व्यवस्थाएं बनाए रखने में श्रीहनुमान खेजड़ी प्रबंध समिति के अध्यक्ष नरेंद्र राठी के नेतृत्व में महासचिव मदन ओझा, सचिव श्रीकांत शर्मा, अविनाश प्रधान, भीम जोशी, महेंद्र राजपुरोहित, योगेश स्वामी, जगदीश स्वामी, पंकज शर्मा, महावीर भोजक, कालूराम बिश्नोई, साधूराम शर्मा, पूराराम जाट, राजकुमार सेन, हरीश शर्मा, ओम सोमानी, पार्षद कृष्ण बेनीवाल सहित अन्य सदस्यों ने सेवाएं दी।

# चमकौर सिंह और मनजीत कौर ने वापस लिया नामांकन

## पूर्व विधायक जांगिड के प्रयास का असर



**सादुलशहर।** पंचायत राज चुनाव के अंतर्गत ज़िला परिषद श्रीगंगानगर के सदस्य हेतु नामांकन वापसी के आखिरी दिन एडीएम कार्यालय में अपराह्न 3 बजे तक भारी गहमा-गहमी रही। पूरा दिन पार्टियों के अधिकृत प्रत्याशियों द्वारा अपनी ही पार्टी के निर्दलीय उम्मीदवारों को मनाकर अपने पक्ष में नामांकन वापिस करवाने का क्रम अंतिम समय तक प्रयास किया। वहीं पूर्व विधायक जगदीशचंद्र जांगिड की समझाइश से एक आजाद उम्मीदवार दंपती द्वारा भी नामांकन कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में वापस ले लिया गया। जोन नम्बर 34 से निर्दलीय प्रत्याशी पूर्व पंचायत समिति सदस्य तथा किसान मजदूर कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष चमकौर सिंह संधु तथा उनकी धर्मपत्नी मनजीत कौर संधु ने जोन नम्बर 38 से विधायक प्रतिनिधि एवं महसचिव जिला कांग्रेस कमेटी श्रीगंगानगर एडवोकेट कृष्ण मेघवाल अलीपुरा की उपस्थिति में पार्टी प्रत्याशियों क्रमशः रोशनी देवी धर्मपत्नी दुलीचंद तथा जसपाल कौर पत्नी मंगल सिंह के पक्ष में अपने अपने नामांकन पत्र वापस ले लिये। जोन नम्बर 36 से पार्टी प्रत्याशी सुखप्रीत सिंह, पूर्व जिला परिषद सदस्य मंगल सिंह तथा राजेंद्रपाल सिंह बॉबी बराड़ मोहनपुरा व रणजीत भुंवाल उपस्थित रहे ।

### चुनाव ड्यूटी कर्मियों के मतदान अधिकार की मांग

**सूरतगढ़।** पंचायती राज चुनाव में ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों के मतदान अधिकार को सुनिश्चित करने की मांग को लेकर राजस्थान विद्युत उत्पादन मजदूर यूनियन (इंटक) ने जिला निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन भेजा है। यूनियन ने ग्राम पंचायत रायांवाली के पंजीकृत मतदाताओं को सरपंच और वार्ड पंच चुनाव में मतदान की सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की। यूनियन के प्रदेश महामंत्री श्याम सुंदर शर्मा ने बताया कि थर्मल की प्रभातनगर आवासीय कॉलोनी में कार्यरत सैकड़ों कर्मचारी व अधिकारी रायांवाली पंचायत क्षेत्र के मतदाता हैं। चुनाव ड्यूटी अन्य स्थानों पर लगने से उनके लिए गृह पंचायत पहुंचकर मतदान करना कठिन हो सकता है। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रक्रिया में जिम्मेदारी निभाने वाले कर्मचारियों को मतदान अधिकार से वंचित नहीं किया जाना चाहिए। यूनियन ने प्रशासन से समय रहते व्यावहारिक व्यवस्था करने और संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी करने की मांग की है।

# लालगढ़ जाटान में काव्य गोष्ठी आयोजित



**लालगढ़।** साहित्य अकादेमी की 'ग्रामालोक' योजना के अंतर्गत रविवार को गांव लालगढ़ जाटान के जमींदारा आदर्श माध्यमिक विद्यालय में राजस्थानी काव्य गोष्ठी आयोजित की गई। करीब तीन घंटे चली इस गोष्ठी में ग्रामीणों और विद्यार्थियों ने राजस्थानी कविताओं और साहित्यिक प्रस्तुतियों का आनंद लिया। मुख्य अतिथि वरिष्ठ शायर डॉ. अरुण शहैरिया 'ताइर' तथा विशिष्ट अतिथि गीतकार डॉ. संदेश त्यागी थे। अध्यक्षता साहित्य अकादेमी के राजस्थानी परामर्श मंडल सदस्य डॉ. कृष्णकुमार आशु ने की। गोष्ठी का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुआ। इस अवसर पर सूरतगढ़ के मनीष बोधि ने दलित चेतना पर आधारित कविताएं प्रस्तुत कीं। व्यंग्यकार रमेश कुक्कड़, युवा कवयित्री भारती शर्मा, सुरेश कनवाड़िया और कृष्णकान्त सुथार ने भी अपनी रचनाओं से श्रोताओं को प्रभावित किया। मुख्य अतिथि डॉ. अरुण शहैरिया ह्यताइरह्न, विशिष्ट अतिथि डॉ. संदेश त्यागी और अध्यापक रमेश कुमार ने गजलों एवं साहित्यिक प्रस्तुतियों से वातावरण को सरस बना दिया। अध्यक्षीय संबोधन में डॉ. कृष्णकुमार आशु ने साहित्य अकादेमी की गतिविधियों और भारतीय भाषाओं के संरक्षण एवं प्रोत्साहन के प्रयासों की जानकारी दी। राजकीय कन्या महाविद्यालय की हिंदी आचार्य डॉ. मधु वर्मा ने कवियों को पुस्तकें भेंट कर सम्मानित किया। स्कूल व्यवस्थापक रमेश गर्ग ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। मंच संचालन अरुण उमेश ने किया।


# पीएनबी ने विद्यार्थियों को भेंट की दो आलमारियां, योजनाओं की जानकारी दी



**श्रीगंगानगर।** पंजाब नेशनल बैंक ने कॉरपोरेट सामाजिक जिम्मेदारी (सीएसआर) के तहत गजसिंहपुर क्षेत्र के चक 4 एफएफए स्थित राउमावि को दो अलमारियां भेंट कीं। बैंक की इस पहल से विद्यालय में शैक्षणिक सामग्री और आवश्यक अभिलेखों को व्यवस्थित रखने में सुविधा होगी। इस अवसर पर पंजाब नेशनल बैंक गजसिंहपुर शाखा के ब्रांच मैनेजर बजरंग लाल ने दोनों अलमारियां विद्यालय की प्रधानाचार्या सोनिया को सुपुर्द कीं। विद्यालय परिवार ने बैंक के इस सहयोग की सराहना करते हुए इसे शिक्षा क्षेत्र के लिए उपयोगी कदम बताया। कार्यक्रम के दौरान बैंक प्रतिनिधियों ने विद्यालय स्टाफ को पंजाब नेशनल बैंक की विभिन्न योजनाओं, बचत योजनाओं, ऋण सुविधाओं और अन्य बैंकिंग सेवाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ग्राहक बैंक की डिजिटल और पारंपरिक सेवाओं का लाभ किस प्रकार उठा सकते हैं। विद्यालय स्टाफ के साहब राम, सीमा रानी, कुलदीप सिंह, प्रदीप सिंह, रामधन, बलजिंदर कौर, रमनदीप कौर, गिरीश कुमार एवं मनोज कुमार मीणा सहित अन्य उपस्थित रहे।

### बैठक ली

सादुलशहर। केंद्र सरकार द्वारा लोकतंत्र पर किए जा रहे कुठाराघात एवं वोट चोर गद्दी छोड को लेकर एक नवंबर 2026 को नई दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित होने वाली कांग्रेस की रैली को कामयाब करने के लिए एआईसीसी के सचिव एवं उत्तर प्रदेश के प्रभारी जगदीश चंद्र जांगिड ने यूपी के लखनऊ में बुंदेलखंड जोन के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। जांगिड के निजी सचिव प्रतीक शर्मा के अनुसार, बैठक में रैली को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गई। वोट चोर गद्दी छोड को लेकर ज्यादा से ज्यादा प्रचार-प्रसार करने, रैली में ज्यादा से ज्यादा कार्यकर्ताओं एवं आमजन को भिजवाने की रूपरेखा भी बनाई गई।




एक परिवार, कई एजेंसियां; किसान के पास विकल्प कितने?

# मुकाबला नहीं, तो मनमर्जी का रेट? एक ही ट्रैक्टर के दाम और ऑफर की काश्तकार करें पूरी पड़ताल

**ट्रैक्टर** किसान के लिए एक बड़ा निवेश है, जो सालों की गाढ़ी कमाई, फसल की आमदनी और बैंक कर्ज के बूते खरीदा जाता है। ऐसे में किसान की कोशिश रहती है कि अलग-अलग शोरूम में जाकर मोल-भाव करे ताकि बेहतर सौदा मिल सके। लेकिन अक्सर शिकायतें आती हैं कि आसपास के अलग-अलग शोरूम में जाने के बावजूद एक जैसे दाम, मिलती-जुलती स्कीमें और समान शर्तें बताई जाती हैं। कई जगह डीलरशिप का संचालन एक ही कारोबारी समूह या परिवार के पास होता है। यदि बाजार में मुकाबला ही न हो, तो क्या मोल-भाव की गुंजाइश खत्म हो जाती है? ऐसे में किसान केवल धारणाओं में उलझने के बजाय लिखित कोटेशन, कंपनी की नीति और ऑन-रोड खर्च की बारीकी से पड़ताल करे।

### 1 अलग-अलग शोरूम या एक ही व्यवस्था?

अगर आप एक ही मॉडल के लिए तीन एजेंसियों पर जाते हैं और तीनों जगह लगभग एक जैसी कीमत व शर्तें मिलती हैं, तो यह जरूर समझें कि क्या वे स्वतंत्र रूप से छूट दे रहे हैं या यह कंपनी की कोई तय गाइडलाइन है।
**किसान क्या करे:** केवल बोर्ड या शोरूम का नाम न देखें। एक ही मॉडल, हॉर्सपावर और वैरिएंट का राजस्थान, पंजाब या हरियाणा के शोरूम से तारीख सहित लिखित कोटेशन लें। नकद, बैंक फाइनेंस और एक्सचेंज की अंतिम कीमत अलग-अलग पूछें। यदि रेट समान हों, तो आफ्टर-सेल्स सर्विस, वारंटी और पार्ट्स की उपलब्धता की तुलना करें।

### 2 पड़ोसी जिले या राज्य से खरीद का नफा-नुकसान

श्रीगंगानगर व सीमावर्ती इलाकों के किसान अक्सर पंजाब व हरियाणा के बाजारों का रुख करते हैं, जहां शुरूआती दाम कम दिखते हैं। लेकिन सिर्फ कम बेस प्राइस देखकर फैसला न करें। **कंपनी की नीति:** पता करें कि क्या कंपनी की कोई क्षेत्रीय बिक्री पाबंदी (टेरिटरी पॉलिसी) है? अगर डीलर बाहरी खरीद से मना करे, तो कंपनी की लिखित नीति या कस्टमर केयर से पुष्टि करें। **दस्तावेज व रजिस्ट्रेशन:** दूसरे राज्य के बिल पर स्थानीय आरटीओ में पंजीकरण, टैक्स और लोन प्रक्रिया में कोई अतिरिक्त अड़चन तो नहीं आएगी। **वारंटी व सर्विस:** क्या स्थानीय डीलर दूसरे राज्य से खरीदे ट्रैक्टर पर तय फ्री सर्विस और वारंटी क्लेम आसानी से देगा?

### 3 ऑन-रोड कीमत का पूरा ब्रेकअप मांगें

ट्रैक्टर की सिर्फ एक्स-शोरूम कीमत जानना काफी नहीं है। घर तक ट्रैक्टर लाने का कुल खर्च समझें और कोटेशन में हर मद अलग दर्ज करवाएं: एक्स-शोरूम कीमत व जीएसटी: मॉडल का मूल भाव और टैक्स दर। रजिस्ट्रेशन व टैक्स: वास्तविक सरकारी शुल्क और नंबर प्लेट खर्च। **बीमा :** प्रीमियम, अवधि और कवरेज के नियम। एक्सेसरीज: कंपनी साथ दे रही है या डीलर अलग से जोड़ रहा है। **हैंडलिंग/लॉजिस्टिक्स चार्ज:** यदि कोटेशन में अस्पष्ट चार्ज दिखें, तो लिखित आधार पूछें। अकारण जोड़े गए खर्च पर सवाल उठाएं। **फाइनेंस व एक्सचेंज:** लोन की ब्याज दर, प्रोसेसिंग फीस और पुराने ट्रैक्टर का वाजिब मूल्यांकन।

### 4 सिर्फ 'आकर्षक ऑफर' के झांसे में न आएं

अक्सर पुराने ट्रैक्टर का ज्यादा एक्सचेंज रेट दिखाकर नए का बेस प्राइस बढ़ा दिया जाता है, या कम डाउन पेमेंट बताकर महंगे ब्याज वाले लोन में बांध दिया जाता है। ह्यमुफ्तह्न सामान के बजाय बिल पर सीधी नकद छूट मांगें। किसी भी खाली फॉर्म या अधूरे दस्तावेज पर हस्ताक्षर न करें।
**सलाह:** ट्रैक्टर का केवल बोर्ड पर लिखा दाम नहीं, बल्कि डिलीवरी तक का पूरा हिसाब देखें। दो-तीन अधिकृत डीलरों से लिखित कोटेशन जुटाएं, सभी मदों का मिलान करें और तभी अपनी मेहनत की कमाई का सही निवेश करें।

## दस्तावेजों की जानकारी लेना और शर्तों को समझना जरूरी

**वाहन** खरीदते समय या फाइनेंस करवाते समय बीमा कराना बेहद जरूरी है। बीमा पॉलिसी दुर्घटना के बाद होने वाले बड़े आर्थिक नुकसान को कम करने में मदद करती है। बीमा का लाभ पॉलिसी में शामिल कवर, नियमों और शर्तों के अनुसार ही मिलता है। इसलिए वाहन मालिकों को सभी जरूरी जानकारियां ध्यानपूर्वक समझनी चाहिए। वाहन की ओन-डैमेज पॉलिसी दुर्घटना से वाहन को हुए नुकसान की मरम्मत के खर्च को कवर कर सकती है। इससे अचानक पड़ने वाला आर्थिक बोझ कम होता है। बीमा कंपनी के अधिकृत नेटवर्क गैराज में नियमों के अनुसार कैशलेस मरम्मत की सुविधा भी मिल सकती है। वाहन के मालिक-चालक को व्यक्तिगत दुर्घटना कवर निर्धारित पात्रता और शर्तों के अनुसार मिल सकता है। बीमा और वाहन फाइनेंस से संबंधित कई दस्तावेज अंग्रेजी में होते हैं। स्वयं दस्तावेजों को पढ़कर समझ सकते हैं, तो बेहतर है। अन्यथा संबंधित एजेंट या कंपनी के प्रतिनिधि से प्रत्येक महत्वपूर्ण शर्त, प्रीमियम, बीमा अवधि, कवर और अपवादों की पूरी जानकारी लेनी चाहिए। बीमा से संबंधित सभी जानकारियां संभव हो तो एजेंट या कंपनी से लिखित में प्राप्त करें। साथ ही, बीमा पॉलिसी, प्रीमियम की रसीद, फाइनेंस एग्रीमेंट और अन्य जरूरी दस्तावेजों की प्रतियां अपने पास सुरक्षित रखें। केवल बीमा करवाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि पॉलिसी की शर्तों को समझना भी उतना ही आवश्यक है। सही जानकारी और सुरक्षित दस्तावेज भविष्य में होने वाली परेशानियों से बचने में मदद कर सकते हैं।



**सोनू देवी**
**यूनाटेड इंडिया इंश्योरेंस**
**मोबाइल 95212-61302**

## ट्रैक्टर पिता ने लिया लेकिन बीमा बेटे के नाम पर किया

मेरे पिता दर्शन सिंह ने कोगटा फाईनेंशियल इण्डिया प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी से स्वराज ट्रैक्टर नम्बर आरजे 13-आरई-8663 फाइनेंस करवाया था। 17 अक्टूबर 2023 को कम्पनी ने फाइनेंस करते समय मेरे सामने ही पिता को कहा था कि ऋण की सुरक्षा के लिए आपका बीमा करवना पड़ेगा ताकि मृत्यु होने पर ऋण सुरक्षित रहे। बीमा के एवज में पैसे भी लिए इसके बाद आश्वस्त हो गए कि बीमा हो गया। 16 दिसम्बर 2023 को पिता की मौत हो गई। बीमा कम्पनी को तत्काल सूचित किया तब कम्पनी की ओर से कहा गया कि क्लेम बनाकर भेज देंगे और क्लेम राशि आते ही आपके लोन में जमा कर देंगे। अब किश्त जमा करवाने की आवश्यकता नहीं। 15 जनवरी 2024 को जब शाखा प्रबंधक से मिला और क्लेम हेतु कागजात सौंपने पर कागज ले लिए साथ ही बताया कि बीमा दर्शन सिंह का नहीं बलकरण सिंह का किया गया है। ऐसे में क्लेम नहीं मिल सकता। बीमा राशि चुकानी होगी जबकि फाइनेंस दर्शन सिंह के नाम का था। नियमानुसार जिसके नाम फाइनेंस या लोन होता है बीमा भी उसी का होता है। परन्तु कम्पनी की ओर से धोखाधड़ी की गई। इसलिए कम्पनी के विरूद्ध 2024 में जिला उपभोक्ता सरक्षण विवाद प्रतितोष आयोग में अधिवक्ता ओम यादव के मार्फत वाद दायर किया हुआ है। वर्तमान में सुनवाई जारी है।
**बलकरण सिंह पुत्र दर्शन सिंह**
**निवासी वार्ड नम्बर एक ,**
**मोहम्मदाबाद, पदमपुरा ,सूरतगढ़**

**अगली कड़ी में पढ़ें: फ्री सर्विस या सिर्फ दिखावा? सर्विस और मेंटेनेंस की शर्तों में किन बातों का रखें ध्यान।**

अगली कड़ी · 29 अक्टूबर
"फ्री सर्विस या दिखावा?"

**आपके साथ धोखा हुआ? हमें बताएं**
बिल, लोन या रसीद की फोटो के साथ WhatsApp पर लिखें या वॉइस नोट भेजें। आपकी पहचान आपकी अनुमति के बिना नहीं छापी जाएगी।

स्कैन करें या संदेश भेजें
93528 93528

किसान की बात, किसान के साथ – यही है सीमा सन्देश की पहचान 1951 से

# वरिष्ठ अध्यापिका शमिंदरकौर को जयपुर में सम्मानित किया



**सीमा सन्देश # मिर्जेवाला।** जोधेवाला विद्यालय की वरिष्ठ अध्यापिका शमिंदर कौर को जयपुर में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी, पुस्तक विमोचन एवं सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया। राजस्थान साहित्य अकादमी, उदयपुर एवं 'पाती अपनों को मुहिम' के संयुक्त तत्वावधान में डॉ. अंबेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसायटी, अंबेडकर भवन जयपुर में आयोजित कार्यक्रम में देशभर से साहित्यकारों, शिक्षाविदों एवं प्रबुद्धजनों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान 'डिजिटल दौर में हाथ से लिखे पत्रों की भूमिका' विषय पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में शमिंदर कौर ने विशिष्ट स्थान प्राप्त किया। आयोजकों की ओर से उन्हें प्रशस्ति-पत्र एवं सम्मान राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया। समारोह में पाती परिवार की चार पुस्तकों का विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी डॉ. सूरज सिंह नेगी तथा प्रो. मीना सिरोला सहित अनेक साहित्यकार एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। वरिष्ठ अध्यापिका शमिंदर कौर को वर्ष 2011 में राज्य स्तरीय पुरस्कार से भी सम्मानित किया जा चुका है।

# बिरला पब्लिक स्कूल में स्काउट-गाइड रात्रि शिविर : विद्यार्थियों ने सीखे जीवनोपयोगी कौशल

**श्रीगंगानगर।** स्थानीय बिरला पब्लिक स्कूल में स्थानीय संघ के तत्वावधान में स्काउट-गाइड इकाई का एक दिवसीय रात्रि शिविर आयोजित हुआ। शुभारंभ स्थानीय संघ अध्यक्ष एडवोकेट विनोद गोयल, सचिव राम कुमार स्वामी एवं उपप्राचार्या सुशीला सहारण ने ध्वजारोहण कर किया। शिविर में विद्यार्थियों को प्राथमिक उपचार, टेंट निर्माण, गांठें बांधना, आपदा प्रबंधन, स्वच्छता व पर्यावरण संरक्षण का व्यावहारिक प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भरता व अनुशासन का पाठ पढ़ाया गया। कचरा प्रबंधन पर आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में बच्चों ने जागरूकता का संदेश दिया।



### विद्यार्थियों ने दल भावना का दिया परिचय

रात्रि में आयोजित कैंप फायर शिविर का मुख्य आकर्षण रहा, जहां विद्यार्थियों ने लोकगीत व सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत कर दल भावना का परिचय दिया। उपप्राचार्या सुशीला सहारण व प्रधानाध्यापिका आकांक्षा खुल्लर ने स्काउटिंग को व्यक्तित्व विकास के लिए आवश्यक बताया। प्रभारी नीरज के मार्गदर्शन में आयोजित शिविर में मोहित, कुलदीप शर्मा, राम सिंह सहित अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

### रचनात्मकता और नवाचार कौशल का दिया परिचय, प्रयासों की सराहना

# पादपों पर रील प्रति. में खुशबू ने हासिल किया प्रथम स्थान

**श्रीगंगानगर।** सेठ जी.एल. बिहाणी एसडी पीजी कॉलेज के वनस्पति विज्ञान विभाग की ओर से पादपों से संबंधित रील प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें बीएससी एवं एमएससी के विद्यार्थियों ने रील बनाकर पौधों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ अपनी रचनात्मकता और नवाचार कौशल का परिचय दिया। प्रतियोगिता का उद्घाटन प्राचार्य डॉ. वरुण माहेश्वरी ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए इस प्रकार की गतिविधियों को ज्ञान और रचनात्मकता के विकास में उपयोगी बताया। इस अवसर पर उपप्राचार्य डॉ. गुलशन कुमार भी उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में बीएससी प्रथम सेमेस्टर की छात्रा खुशबू ने प्रथम, एमएससी बॉटनी के विद्यार्थी गौरव ने द्वितीय तथा बीएससी तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थी लखविंदर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।



### सम्मानित किया

विजेताओं को उपप्राचार्य डॉ. गुलशन कुमार एवं वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. अजय कुमार शर्मा ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता के दौरान डॉ. रवि प्रकाश एवं डॉ. रवि गौतम ने विद्यार्थियों को प्रतियोगिता के नियमों की जानकारी दी। अंत में डॉ. अजय कुमार शर्मा ने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

### वाल्मीकि जयंती मनाई

**सादुलशहर।** भगवान श्री वाल्मीकि जयंती धूमधाम से मनाई गई। श्री वाल्मीकि मंदिर से भगवान श्री वाल्मीकि की शोभायात्रा को चेयरमैन मनीषा खीचड, पूर्व चेयरमैन प्रदीप खीचड ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। शोभायात्रा में फूलों से सजे वाहन पर भगवान श्री वाल्मीकि की तस्वीर विराजमान की गई। शोभायात्रा के दौरान अनेक स्थानों पर श्रद्धालुओं द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। वाल्मीकि चौक पर विशेष कार्यक्रम भी हुआ। भगवान श्री वाल्मीकि के जन्मोत्सव की बधाई दी गई। इस दौरान वाइस चेयरमैन अशोक धमीजा, पार्षद राहुल कुमार, रणजीत सहारण, मोहनलाल सहारण, ठेकेदार जसवंत मिड्ढा, राकेश कुमार सहित समाज के नागरिक मौजूद थे।




**मौसम**

| अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|
| 32.8° | 16.7° |

आर्द्रता

| सुबह | शाम |
|---|---|
| 74% | 42% |

विंड स्पीड
3-10KM/h

आज का सूर्यास्त
05:52PM

कल का सूर्योदय
06:45AM

मुख्यतः आसमान साफ रहेगा।

**सर्राफा श्रीगंगानगर**

(24 कैरेट/10 ग्राम)
₹1,42,140
(22 कैरेट/10 ग्राम)
₹1,31,460

चांदी (प्रति किलो)
₹1,95,000

नोट : इन भावों पर जीएसटी अलग से है।

## न्यूज इन ब्रीफ

### राधिका अग्रवाल को पीएचडी

**श्रीगंगानगर।** टांटिया विवि की शोधार्थी राधिका अग्रवाल ने डॉ. अशोक कुमार यादव के मार्गदर्शन में वाणिज्य विषय में पीएचडी की उपाधि प्राप्त की है। उनके शोध का विषय 'कर्मचारी प्रेरणा और संगठनात्मक प्रदर्शन पर इसका प्रभाव' रहा। उनकी इस शैक्षणिक सफलता पर परिजनों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



### कॉलेज में नशामुक्ति कार्यशाला आयोजित

**श्रीगंगानगर।** जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव एवं एसपी हरिशंकर के नेतृत्व में जारी नशा मुक्त श्रीगंगानगर अभियान के तहत राजकीय गर्ल्स नर्सिंग कॉलेज में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग विक्रम ज्याणी ने कहा कि महाराजा गंगा सिंह के दूरदर्शी प्रयासों और हमारे पूर्वजों के अथक परिश्रम ने इस क्षेत्र को विकास, समृद्धि और कृषि की नई पहचान दी। उन्होंने कहा कि जिस क्षेत्र की पहचान मेहनतकश किसानों, उपजाऊ जमीन और खुशहाल परिवारों से होनी चाहिए, वहां यदि युवा नशे की गिरफ्त में आने लगें तो यह केवल एक व्यक्ति या परिवार की समस्या नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के भविष्य का सवाल है। हमें समझना होगा कि नशा केवल शरीर को बीमार नहीं करता, बल्कि परिवारों की खुशियां छीनता है।

### महर्षि वाल्मीकि जयंती पर क्विज

**श्रीगंगानगर।** चौ. बल्लूराम गोदारा राजकीय कन्या महाविद्यालय में भारतीय ज्ञान परंपरा केंद्र के तत्वावधान में महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर 'आइए जानें आदि कवि को: महर्षि वाल्मीकि का व्यक्तित्व व कृतित्व' विषय पर क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई। केंद्र प्रभारी प्रो. किरण दीप ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य छात्राओं को महर्षि वाल्मीकि के जीवन, साहित्यिक योगदान और भारतीय ज्ञान परंपरा से परिचित कराना था। सहायक आचार्य दर्शनशास्त्र श्री अजीत के निर्देशन में आयोजित क्विज में सत्यवती, ममता और ऋतु ने शत-प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। रूपिन्द्र और जाहन्वी द्वितीय स्थान पर रहीं। छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई।

### लोक कलाकारों की प्रस्तुतियों ने जमाया रंग, सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए, गंगासिंह चौक पर आयोजित हुआ भव्य कार्यक्रम

# श्रीगंगानगर स्थापना दिवस; महाराजा गंगासिंह की प्रतिमा पर किए पुष्प अर्पित, शिवपुर हैड पर किया हवन, पूजा-अर्चना







**सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर**

गंगानगर जिले का स्थापना दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। स्थापना दिवस के उपलक्ष में आयोजित कार्यक्रमों के तहत सोमवार को प्रातः गंगासिंह चौक पर जिले के संस्थापक महाराजा श्री गंगासिंह को श्रद्धापूर्वक नमन कर पुष्पाजंलि दी गई। इसके बाद शिवपुर हैड पर हवन-यज्ञ कर पूजा-अर्चना की गई। सर्वधर्म प्रार्थना सभा में धर्मगुरूओं ने जिले की खुशहाली के लिए प्रार्थना की जबकि पर्यटन विभाग की ओर से लोक कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों, नृत्य और लोकगीतों की प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। इससे पूर्व गंगासिंह चौक पर महाराजा गंगासिंह की प्रतिमा पर गंगानगर विधायक जयदीप बिहाणी, जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव, जिला परिषद सीईओ अभिषेक जैन, अराधना चौहान (आईएएस), नगर परिषद सभापति अजय दावडा, राजेश रानी, प्रीति गर्ग, पवन शर्मा, मंगत सेतिया सहित अन्य द्वारा पुष्प अर्पित किए गये। लोक कलाकारों द्वारा विभिन्न प्रस्तुतियां दी गईं। इसके पश्चात साईकिलस्ट दल की अगुवाई करते हुए जिला कलक्टर सहित अन्य साईकिल चलाकर शिवपुर हैड पहुंचे।



#### सर्वधर्म प्रार्थना का आयोजन

इसके पश्चात शिवपुर हैड पर हवन, पूजा अर्चना व सर्वधर्म प्रार्थना का आयोजन किया गया। जिला परिषद सीईओ अभिषेक जैन, नगर परिषद सभापति अजय दावडा ने हवन व पूजा-अर्चना की। सर्वधर्म प्रार्थना सभा में पंडित कृष्ण कुमार तिवाड़ी ने विधि विधान से हवन व पूजा अर्चना करवाई। कृष्ण कुमार तिवाड़ी, अमरचंद बोरड, जसवीर सिंह, फादर वर्गीस, मुफ्ती आसिफ इसामति ने जिले की खुशहाली की कामना करते हुए सर्वधर्म प्रार्थना की। इस मौके पर विधायक जयदीप बिहाणी, अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रशासन सुभाष कुमार, संजीव वर्मा, अरविन्दर सिंह, अराधना चौहान, अमिता बिश्नोई, हर्षिता मिढ्ढा, यशिका चौधरी, नरेश मीणा, मोहनलाल अरोड़ा, हरजिन्दर सिंह बराड़, पर्यटन विभाग के पवन शर्मा, पूर्व विधायक राजकुमार गौड़, मुकेश गोदारा, सारिका चौधरी, लीला चेरीटेबल ट्रस्ट की ओर से प्रेम चौधरी सहित समस्त अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे। सभी ने महाराजा गंगासिंह को नमन करते हुए हवन में पूर्णाहुति दी। पूजा-अर्चना के पश्चात अतिथियों ने शिवपुर हैड स्थित गंगनहर में श्रीफल और पुष्प प्रवाहित किए। महाराजा गंगासिंह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करने के पश्चात अतिथियों ने पौधारोपण भी किया।

### लोक कलाकारों की प्रस्तुतियों को सराहा

स्थापना दिवस कार्यक्रम में पर्यटन विभाग की ओर से लोक कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों और लोकगीतों की प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। आवो नी पधारो म्हारे देश से शुरूआत करते हुए लोक कलाकारों ने मोर बन आयो रसिया, सतरंगी राजस्थान सहित एक से बढकर एक लोकगीतों और लोक नृत्य की प्रस्तुतियां देकर समां बांध दिया। मौके पर अतिथियों और उपस्थितजनों ने कलाकारों की प्रस्तुतियों की सराहना की। राजस्थानी वेशभूषा में सजे-धजे कलाकारों ने भी अतिथियों और ग्रामीणों का मनोरंजन किया।

### बैंकिंग योजनाओं की जानकारी दी

शिवपुर हैड पर आयोजित कार्यक्रम में जिला अग्रणी बैंक और आरएसईटीआई द्वारा एक मेला वित्तीय साक्षरता के नाम आयोजित स्टॉल में जिला कलक्टर सहित अन्य अधिकारियों द्वारा सेल्फी भी खिंचवाई। इस मौके पर एलडीएम मुकेश जांगड़ा ने गामीणों को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना सहित योजनाओं की जानकारी उपलब्ध करवाई।

# यूआईटी के पूर्व सचिव असीजा के कार्यकाल में कथित भ्रष्टाचार की जांच एसीबी को सौंपी

**सीमा सन्देश#श्रीगंगानगर।** नगर विकास न्यास (यूआईटी) के तत्कालीन सचिव अशोक असीजा के कार्यकाल में हुए कथित व्यापक भ्रष्टाचार की शिकायत पर संबंधित विभागों ने कड़ा संज्ञान लेते हुए मामले को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ( को हस्तांतरित कर दिया है। एडवोकेट रजत स्वामी ने इस संबंध में महानिदेशक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, जयपुर को एक विस्तृत शिकायत पत्र सौंपा था। इसमें श्रीगंगानगर यूआईटी के सचिव रहे अशोक असीजा के कार्यकाल के दौरान नियमों को ताक पर रखकर किए गए गंभीर प्रशासनिक भ्रष्टाचार और पद के दुरुपयोग के आरोप लगाए गए थे। रजत स्वामी के अनुसार उन्होने शिकायत में आरोप लगाया गया था कि उक्त अधिकारी के कार्यकाल में भू-माफियाओं और रसूखदारों से मिलीभगत कर कृषि भूमि के अवैध नियमन व रूपांतरण में भारी धांधली की गई। नियमों के विपरीत करोड़ों रुपये मूल्य के मूल्यवान भूखंडों के पट्टे अवैध रूप से जारी किए गए, जिससे राज्य सरकार को भारी राजस्व की हानि उठानी पड़ी। यूआईटी द्वारा स्वीकृत विभिन्न सार्वजनिक निर्माण कार्यों में स्वीकृत बजट से कहीं अधिक राशि के फर्जी बिल पास किए गए और धरातल पर अत्यंत घटिया स्तर का निर्माण कार्य करवाया गया। इतना ही नहीं तकनीकी शाखा और लेखा शाखा के चुनिंदा अधिकारियों के साथ साठगांठ कर सुनियोजित तरीके से भ्रष्टाचार का एक नेटवर्क चलाया, जिसका मुख्य उद्देश्य व्यक्तिगत व अनुचित लाभ कमाना था। स्वामी ने बताया कि शिकायत पर हुई प्रशासनिक प्रगति के अनुसार, यह मामला पहले नगर विकास एवं आवास विभाग से कार्मिक विभाग को भेजा गया। इसके बाद कार्मिक विभाग ने परिवाद की जांच कर नियमानुसार आगामी कार्रवाई हेतु इसे भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो को हस्तांतरित कर दिया है। असीजा को 19 जून 2026 को ही कार्मिक विभाग द्वारा निलंबित कर मुख्यालय जयपुर भेज दिया गया था और वर्तमान में वे श्रीगंगानगर यूआईटी में पदस्थ नहीं हैं। उनका सेवा संबंधी रिकॉर्ड भी कार्मिक विभाग को भिजवा दिया जा चुका है।

# विद्यार्थियों ने किया सीमा चौकी का भ्रमण

**श्रीगंगानगर।** श्रीगंगानगर स्थापना दिवस उपलक्ष्य में प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों के तहत मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी अरविंदर सिंह के नेतृत्व में सोमवार को 6 विद्यालयों के 153 विद्यार्थियों के दल ने सीमा चौकी हिंदुमलकोट का भ्रमण किया। सीडीईओ अरविंदर सिंह ने बताया कि शिक्षा विभाग को सौंपे गए विभिन्न कार्यक्रमों की शृंखला में पीएम श्री विद्यालय, मटका चौक सहित सीमा क्षेत्र के आस-पास के 5 विद्यालयों के 153 विद्यार्थियों व स्टाफ ने हिंदुमलकोट सीमा चौकी का भ्रमण कर रेडक्लिफ लाइन व बीएसफ की देशभक्ति पूर्ण ड्यूटी को नजदीक से समझा। प्रभारी अधिकारी अमरदीप कौर ने बताया कि इस विजिट के दौरान विद्यार्थियों ने नजदीक से पड़ौसी देश से लगती सीमा को देखा साथ ही ऐतिहासिक रेलवे स्टेशन के अवशेष को देखकर पुरानी व्यापारिक केंद्र रही मंडी हिंदुमलकोट के बारे में जानकारी प्राप्त की। विद्यार्थियों को बीएसफ से जुड़ी डॉक्यूमेंट्री फिल्म भी दिखाई गई। बीएसफ के प्रभारी अधिकारी इंस्पेक्टर अखिलेश चंद्र ने विद्यार्थियों को बीएसएफ में भर्ती के विभिन्न माध्यमों बारे बताया। बीएसएफ श्री इंस्पेक्टर से दलीप शेखावत, परशुराम एवं प्रमोद कुमार ने विद्यार्थियों को बीएसएफ की कार्यप्रणाली बारे बताया।



# गौतम कुक्कड़ रोटरी के स्टेट को-ऑर्डिनेटर नियुक्त



**सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर**

रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3090 के सत्र 2027-28 'रोटरी लीजेंड्स' के लिए रोटरी क्लब श्रीगंगानगर रिद्धि-सिद्धि के पांच सक्रिय सदस्यों को महत्वपूर्ण प्रांतीय पदों पर नियुक्त किया गया है।

डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन एसएस वशिष्ठ ने आरआई डायरेक्टर गुरजीत एस. सेखों एवं आरआई प्रेसिडेंट लैरी ए. लन्सफोर्ड की सहमति से नियुक्तियों की घोषणा की। मनोज कुमार अरोड़ा को गेम्स एंड स्पोर्ट्स कमेटी, गौतम कुक्कड़ को डिजिटल न्यूज एंड मीडिया कमेटी तथा कुलदीप गोदारा को ब्लड डोनेशन प्रमोशन कमेटी का स्टेट को-ऑर्डिनेटर बनाया गया है।

हितेश मित्तल और संजय खेमका को क्रमशः स्किल डेवलपमेंट व मेंबरशिप एंगेजमेंट सबकमेटी का डिप्टी स्टेट को-ऑर्डिनेटर नियुक्त किया गया। क्लब सदस्यों ने सभी को शुभकामनाएं दीं।

### जांच में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली संजना सिंह के विरुद्ध डोपिंग संबंधी मामला प्रमाणित पाए जाने पर उनकी प्रथम स्थान की वरीयता निरस्त की

# गंगानगर मैराथन: शिकायतों पर जांच के लिए गठित समिति ने लिया निर्णय

**सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर**

जिले के स्थापना दिवस 2026 के तहत गत दिवस आयोजित गंगानगर मैराथन में विभिन्न प्रतियोगिताओं के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान को लेकर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण के लिए जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव द्वारा सीडीईओ अरविंदर सिंह की अध्यक्षता में जांच समिति का गठन किया गया है।

इस समिति में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक वीरेन्द्रपाल सिंह, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय सिंघला तथा जिला खेल अधिकारी हरजिंदर सिंह को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। समिति द्वारा प्राप्त शिकायतों पर तथ्यों एवं उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर जांच की जा गई।

समिति सदस्यों के अनुसार 21 किलोमीटर महिला वर्ग में प्रथम स्थान को लेकर प्राप्त शिकायत की जांच की गई। जांच में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली संजना सिंह के विरुद्ध डोपिंग संबंधी मामला प्रमाणित पाए जाने के आधार पर उनकी प्रथम स्थान की वरीयता निरस्त कर दी गई है। इसके परिणामस्वरूप पूर्व में द्वितीय स्थान पर रही प्रतिभागी को प्रथम, तृतीय स्थान पर रही प्रतिभागी को द्वितीय तथा चतुर्थ स्थान पर रही प्रतिभागी को तृतीय स्थान प्रदान किया गया है। इसी प्रकार 5 किलोमीटर पुरुष वर्ग में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान को लेकर प्राप्त दावे की भी जांच की गई। जांच में चिप टाइमिंग के आधार पर निर्धारित परिणाम सही पाए गए। इस आधार पर शिकायतकर्ता का दावा खारिज कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त, 10 किलोमीटर दौड़ के संबंध में भी एक शिकायत प्राप्त हुई है। इस प्रकरण में समिति द्वारा तथ्यों एवं उपलब्ध साक्ष्यों की जांच की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद नियमानुसार निर्णय लिया जाएगा।

जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि मैराथन की विभिन्न प्रतियोगिताओं से संबंधित प्राप्त शिकायतों का निस्तारण तथ्यों, उपलब्ध साक्ष्यों एवं निर्धारित प्रक्रिया के आधार पर किया जाएगा।

# नशा मुक्त अभियान: अफीम, हेरोइन व डोडा पोस्त के साथ 4 तस्कर पकड़े

**सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर**

राजस्थान पुलिस मुख्यालय के निदेशों एवं जिला पुलिस अधीक्षक हरी शंकर के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे 'नशा मुक्त भारत अभियान' के तहत श्रीगंगानगर जिला पुलिस ने मादक पदार्थों के तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने विभिन्न थाना क्षेत्रों में दबिश देकर भारी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ बरामद किए हैं और 4 तस्करों सहित कुल 19 संदिग्धों को गिरफ्तार किया है।

#### प्रमुख कार्रवाइयों का विवरण

**जवाहरनगर:** पुलिस ने गश्त के दौरान आरोपी अजय (पुत्र शंकरलाल) के कब्जे से 1 किलो अवैध अफीम बरामद कर गिरफ्तार किया।

**अनूपगढ़:** पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी मनोज कुमार (पुत्र भादर राम) के कब्जे से 100 ग्राम अवैध अफीम जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया।

**सादुलशहर:** पुलिस टीम ने गश्त के दौरान अभियुक्ता ममता (पत्नी गुरप्रताप सिंह) के कब्जे से 15 ग्राम अवैध हेरोइन (चिट्टा) बरामद कर उसे गिरफ्तार किया।

**सूरतगढ़ शहर:** पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी अवतार सिंह (पुत्र बचन सिंह, निवासी पंजाब) के कब्जे से 16 किलो 590 ग्राम डोडा पोस्त चुरा बरामद कर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। इसके अतिरिक्त, जिला पुलिस द्वारा कानून व्यवस्था बनाए रखने के तहत 19 संदिग्धों को बीएनएसएस की धारा 170 के अंतर्गत गिरफ्तार किया गया है। जिला पुलिस का यह अभियान मादक पदार्थों की तस्करी पर लगाम लगाने के लिए निरंतर जारी रहेगा।

*क्या उपयोग है इस धन का? जो खा लिया, जो पी लिया वही मेरा है। - यशपाल*

संपादकीय

## चमक-दमक के पीछे सवाल


**अ**मेरिका के विक्टोरिया सीक्रेट फैशन शो में रियलिटी टीवी स्टार काइली जेनर द्वारा लगभग 440 करोड़ रुपये मूल्य की हीरों से जड़ी 'फैंटसी ब्रा' पहनकर रैंप वॉक करना दुनिया भर में चर्चा का विषय बन गया। हजारों हीरों और सोने से तैयार इस परिधान को तकनीकी कौशल और आभूषण कला का अनूठा उदाहरण बताया जा रहा है। फैशन और लग्जरी उद्योग के लिए यह उपलब्धि हो सकती है, लेकिन इसके साथ कुछ ऐसे प्रश्न भी जुड़ते हैं, जिन पर गंभीरता से विचार होना चाहिए। फैशन का उद्देश्य केवल आकर्षक परिधान प्रस्तुत करना नहीं होता, बल्कि वह समाज की सोच, संस्कृति और समय की प्राथमिकताओं का भी प्रतिबिंब होता है। जब किसी वस्तु की कीमत सैकड़ों करोड़ रुपये बताई जाती है, तो वह स्वाभाविक रूप से लोगों का ध्यान खींचती है। किंतु यह भी उतना ही महत्वपूर्ण है कि उस प्रदर्शन का सामाजिक संदेश क्या है। आज दुनिया का बड़ा हिस्सा आर्थिक असमानता, महंगाई, बेरोजगारी और खाद्य संकट जैसी चुनौतियों से जूझ रहा है। ऐसे समय में अत्यधिक विलासिता का प्रदर्शन आम लोगों को असहज करता है।

निस्संदेह, हीरा उद्योग और लक्जरी ब्रांड अपने उत्पादों का प्रदर्शन करने के लिए भव्य आयोजनों का सहारा लेते हैं। यह उनका व्यावसायिक अधिकार भी है। महंगे आभूषणों और उत्कृष्ट शिल्पकला का प्रदर्शन किसी प्रदर्शनी, संग्रहालय या पारंपरिक आभूषणों के माध्यम से भी किया जा सकता है। इसलिए बहस इस बात की नहीं है कि महंगे आभूषण क्यों बनाए गए, बल्कि इस बात की है कि उन्हें प्रस्तुत करने का तरीका समाज में किस प्रकार का संदेश देता है।

फैशन उद्योग का समाज पर गहरा प्रभाव पड़ता है, विशेषकर युवाओं पर। रैंप पर जो कुछ दिखाई देता है, वह धीरे-धीरे आधुनिकता और सफलता की नई परिभाषा के रूप में प्रस्तुत होने लगता है। यदि फैशन केवल महंगे और चौंकाने वाले प्रदर्शन तक सीमित रह जाए, तो सादगी, उपयोगिता और सांस्कृतिक संवेदनशीलता जैसे मूल्य पीछे छूट सकते हैं। इसलिए फैशन जगत पर यह जिम्मेदारी भी है कि वह रचनात्मकता और सामाजिक उत्तरदायित्व के बीच संतुलन बनाए रखे।

हमें यह भी स्वीकार करना होगा कि किसी भी लोकतांत्रिक समाज में कला, फैशन और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अपना स्थान है। किसी आयोजन को केवल इसलिए अनुचित नहीं कहा जा सकता कि वह अत्यधिक महंगा है। परंतु जब ऐसे आयोजन वैश्विक चर्चा का विषय बनते हैं, तब उनके सामाजिक और नैतिक पक्ष पर विमर्श होना भी स्वाभाविक है। यही स्वस्थ समाज की पहचान है। आज आवश्यकता इस बात की है कि फैशन उद्योग केवल वैभव का प्रतीक बनने के बजाय मानवीय संवेदनाओं और सामाजिक सरोकारों से भी जुड़े। यदि उसकी रचनात्मकता पर्यावरण संरक्षण, हस्तशिल्प, स्थानीय कारीगरों के कौशल और टिकाऊ फैशन को बढ़ावा दे, तो उसका प्रभाव कहीं अधिक सकारात्मक होगा। चमक-दमक क्षणिक आकर्षण पैदा कर सकती है, लेकिन समाज को आगे बढ़ाने वाले मूल्य सादगी, संवेदनशीलता और संतुलन ही होते हैं। यही वे आधार हैं, जिन पर किसी भी आधुनिक और सभ्य समाज का भविष्य सुरक्षित रह सकता है। कीमत कितनी भी हो, खर्चा कितना भी हो, यदि ऐसा कोई आयोजन समाज को अच्छा संदेश नहीं देता, तो उस पर खर्च हुई राशि व्यर्थ है।

सोशल मीडिया से




### नियमित व्यायाम या योग करें, वजन नियंत्रित रखें तथा प्रतिदिन 8 से 10 गिलास पानी अवश्य पिएं

# फाइब्रोस्कैन : बिना चीर-फाड़ जानें लीवर कितना स्वस्थ



स्वास्थ्य

डॉ. जगदीश कस्वां
लीवर रोग विशेषज्ञ, निदेशक एसएन सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, श्रीगंगानगर

**ह**मारे शरीर का सबसे महत्वपूर्ण और सबसे अधिक मेहनत करने वाला अंग लीवर (यकृत) है। यह शरीर की एक रासायनिक फैक्ट्री की तरह कार्य करता है और भोजन को पचाने, ऊर्जा का भंडारण करने, विषैले पदार्थों को बाहर निकालने, पोषक तत्वों का संतुलन बनाए रखने तथा शरीर की अनेक जैव-रासायनिक प्रक्रियाओं सहित 500 से अधिक महत्वपूर्ण कार्य करता है। लेकिन बदलती जीवनशैली, जंक फूड, मोटापा, शराब, धूम्रपान और तनाव के कारण आज फैटी लीवर तथा अन्य लीवर रोग तेजी से बढ़ रहे हैं। ऐसे में आधुनिक 'फाइब्रोस्कैन' तकनीक लीवर की बीमारी का समय रहते पता लगाने का सुरक्षित और प्रभावी माध्यम बनकर सामने आई है।

### बायोप्सी का विकल्प

पहले लीवर की अंदरूनी स्थिति जानने के लिए लिवर बायोप्सी करनी पड़ती थी। इसमें सुई के माध्यम से लीवर का छोटा-सा नमूना निकालकर जांच की जाती थी। यह प्रक्रिया दर्दनाक होने के साथ-साथ कुछ जोखिम भी रखती थी। अब फाइब्रोस्कैन ने इस परेशानी को काफी हद तक समाप्त कर दिया है। यह पूरी तरह दर्दरहित, बिना चीरा-फाड़ और बिना सुई की जांच है।



### फाइब्रोस्कैन का काम

फाइब्रोस्कैन देखने में अल्ट्रासाउंड मशीन जैसा होता है, लेकिन इसका उद्देश्य तस्वीर लेना नहीं बल्कि लीवर की कठोरता (स्टिफनेस) मापना होता है। जांच के दौरान लीवर वाले हिस्से पर एक छोटा-सा प्रोब रखा जाता है, जो त्वचा के माध्यम से हल्के कंपन (वाइब्रेशन) लीवर तक भेजता है। मशीन यह मापती है कि ये कंपन लीवर से कितनी गति से गुजरते हैं। स्वस्थ और नरम लीवर में कंपन की गति कम होती है, जबकि सख्त या क्षतिग्रस्त लीवर में यह गति अधिक होती है। यही परिणाम किलोपास्कल (केपीए) में प्रदर्शित किया जाता है।

### बच सकता है लीवर

लीवर की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि उसमें स्वयं को ठीक करने की अद्भुत क्षमता होती है। यदि शुरूआती अवस्था में फैटी लीवर या फाइब्रोसिस का पता चल जाए तो संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और वजन नियंत्रित करके स्थिति को काफी हद तक सामान्य बनाया जा सकता है। यदि लंबे समय से थकान महसूस हो, पेट के दाहिने हिस्से में भारीपन रहता हो या रक्त जांच में लीवर एंजाइम असामान्य आए हों, तो चिकित्सकीय सलाह लेकर फाइब्रोस्कैन अवश्य कराना चाहिए। एस.एन. अस्पताल में यह सुविधा उपलब्ध है तथा सप्ताह में तीन दिन निःशुल्क जांच भी की जाती है।

### सटीक आकलन

यदि लंबे समय तक लीवर में सूजन या फैटी लीवर की समस्या बनी रहे तो लीवर में घाव बनने लगते हैं, जिसे फाइब्रोसिस कहा जाता है। फाइब्रोस्कैन इस फाइब्रोसिस की गंभीरता का सटीक आकलन करता है। इसके साथ ही यह लीवर में जमी चर्बी (फैट) की मात्रा भी बताता है, जिससे फैटी लीवर की अवस्था का सही पता चल जाता है।

### रिपोर्ट तुरंत, दर्द बिल्कुल नहीं

फाइब्रोस्कैन का सबसे बड़ा लाभ यह है कि इसमें न तो सुई लगती है और न ही किसी प्रकार का चीरा लगाया जाता है। जांच पूरी तरह दर्दरहित होती है और कुछ ही मिनटों में पूरी हो जाती है। रिपोर्ट के लिए कई दिनों या हफ्तों तक इंतजार नहीं करना पड़ता, बल्कि जांच के तुरंत बाद परिणाम उपलब्ध हो जाते हैं। यदि मरीज उपचार ले रहा हो या जीवनशैली में बदलाव कर रहा हो, तो कुछ महीनों बाद दोबारा फाइब्रोस्कैन कराकर सुधार का आकलन भी किया जा सकता है।

### रिपोर्ट को कैसे समझें

फाइब्रोस्कैन रिपोर्ट में मुख्य रूप से दो प्रकार के स्कोर होते हैं। पहला फाइब्रोसिस (लिवर स्टिफनेस) स्कोर होता है। सामान्यतः 2 से 7 केपीए तक का स्कोर स्वस्थ या हल्के प्रभावित लीवर का संकेत माना जाता है, जबकि 7 से 12 केपीए या उससे अधिक स्कोर मध्यम या गंभीर फाइब्रोसिस अथवा सिरोसिस की संभावना दर्शाता है। दूसरा सीएपी स्कोर होता है, जो लीवर में जमी चर्बी की मात्रा बताता है। स्कोर जितना अधिक होगा, फैटी लीवर की समस्या उतनी ही ज्यादा मानी जाएगी।

### जांच से पहले क्या करें

फाइब्रोस्कैन कराने से लगभग 4 से 6 घंटे पहले खाली पेट रहना चाहिए। इस दौरान केवल थोड़ा पानी पिया जा सकता है। जांच पूरी होने के तुरंत बाद सामान्य भोजन किया जा सकता है तथा व्यक्ति अपनी नियमित दिनचर्या, कार्यालय या वाहन चलाने जैसे कार्य भी कर सकता है। किसी विशेष आराम की आवश्यकता नहीं होती।

### लीवर को स्वस्थ रखने के सरल उपाय

लीवर को स्वस्थ रखने के लिए भोजन में दलिया, ओट्स, मोटा अनाज, ताजे फल और हरी पत्तेदार सब्जियों को शामिल करें। चुकंदर, गाजर, पालक, ब्रोकली और जामुन जैसे एंटीऑक्सीडेंट युक्त खाद्य पदार्थ लाभकारी हैं। नियमित व्यायाम या योग करें, वजन नियंत्रित रखें तथा प्रतिदिन 8 से 10 गिलास पानी अवश्य पिएं। शराब, धूम्रपान और अन्य नशीले पदार्थों से दूरी बनाए रखें तथा बिना चिकित्सकीय सलाह के लंबे समय तक दर्द निवारक दवाओं का सेवन न करें। समय पर की गई एक छोटी-सी जांच भविष्य में लीवर की बड़ी और गंभीर बीमारियों से बचा सकती है।

### गर्भावस्था से खान-पान पर ध्यान जरूरी, विटामिन डी और कैल्शियम की कमी बनती है कारण

# पोषण की कमी से बच्चों में होता है सूखा रोग, स्वस्थ आहार और दिनचर्या से करें बचाव

**स्व**स्थ बचपन ही सशक्त भविष्य की नींव होता है। बचपन में पोषण की कमी रह जाए तो इसका असर जीवनभर स्वास्थ्य पर पड़ सकता है। बढ़ते बच्चों के शारीरिक विकास के लिए पौष्टिक आहार बेहद जरूरी है। विशेष रूप से गर्भवती महिलाओं को संतुलित आहार लेना चाहिए, ताकि गर्भ में पल रहे शिशु का विकास सही तरीके से हो सके। पोषण की कमी के कारण कई बच्चे सूखा रोग (रिकेट्स) से ग्रसित हो जाते हैं।

### त्रिदोष के असंतुलन से होता है सूखा रोग

वरिष्ठ आयुर्वेद विशेषज्ञ डॉ. बी. एल. मिश्रा के अनुसार शरीर के निर्माण और संचालन के लिए वात, पित्त और कफ यानी त्रिदोष का संतुलित रहना आवश्यक है। इनके असंतुलन से शरीर में कई रोग उत्पन्न हो सकते हैं। बच्चों में सूखा रोग वायु और पित्त के विकृत होने से यकृत की कार्यप्रणाली प्रभावित होने के कारण होता है। इससे पाचक रस का निर्माण कम हो जाता है और शरीर में रस, रक्त, मांस, मेद, अस्थि, मज्जा और शुक्र धातु के निर्माण की प्रक्रिया प्रभावित होती है।

### कमजोर हो जाती हैं हड्डियां

डॉ. मिश्रा बताते हैं कि पाचन रस की कमी से कैल्शियम, फास्फोरस और विटामिन डी का सही चयापचय नहीं हो पाता। इसके कारण हड्डियां कमजोर और नरम हो जाती हैं। बच्चों को उठने-बैठने, चलने-फिरने और सामान्य गतिविधियों में



परेशानी होने लगती है। रोग बढ़ने पर हड्डियां इतनी कमजोर हो सकती हैं कि मामूली चोट से भी फ्रैक्चर का खतरा रहता है।

### प्रमुख कारण और लक्षण

गर्भवती महिला को पर्याप्त पोषण नहीं मिलना, पाचन संबंधी समस्या, आंतों की बीमारी, आंतों में सूजन या गांठ और आनुवांशिक कारण बच्चों में सूखा रोग की वजह बन सकते हैं। इसके प्रमुख लक्षणों में हड्डियों का नरम होना, बच्चों का जल्दी थक जाना, चिड़चिड़ापन, सिर का तालु लंबे समय तक नरम रहना, दांत देर से निकलना, घुटनों और पैरों का टेढ़ा होना, पसलियों का उभरना, रीढ़ की हड्डी में विकार और लंबाई का कम बढ़ना शामिल हैं।

### पौष्टिक आहार से करें बचाव

डॉ. मिश्रा के अनुसार सूखा रोग से बचाव के लिए बच्चों और गर्भवती महिलाओं के आहार में दूध, दही, पनीर, अंडे, हरी सब्जियां, फल, मखाना, काजू, बादाम, कद्दू के बीज, दालें, राजमा, ब्राउन राइस और मछली जैसी पोषक चीजें शामिल करनी चाहिए। विटामिन डी की कमी दूर करने के लिए सप्ताह में चार दिन 20 से 30 मिनट सुबह की हल्की धूप लेना लाभकारी है। धूप सीधे त्वचा के संपर्क में आनी चाहिए। सूखा रोग के लक्षण दिखाई देने पर चिकित्सक की सलाह से ही उपचार लेना चाहिए।

**- डॉ. बीएल मिश्रा**
वरिष्ठ आयुर्वेद चिकित्सक

### शैडो बीमारी के क्रम में ...

# मसूड़ों की बीमारी और डायबिटीज का खामोश संबंध



**सु**बह या रात की ब्रश करते समय मसूड़ों से खून निकलना,मुँह से बदबू आना,मसूड़ों का सूज जाना इत्यादि सिर्फ दांतों मसूड़ों से जुड़ी समस्या नहीं है। हम इसे अक्सर मामूली समझ कर नजर अंदाज कर देते हैं। एक गंभीर समस्या होने के साथ साथ यह मधुमेह के साथ भी जुड़ी है। मधुमेह महज रक्त में शर्करा बढ़ने तक का ही नाम नहीं है। लगातार शर्करा ज्यादा रहने से संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है,फिर चाहे वो दाँतों और मसूड़ों का ही क्यों ना हो। मसूड़ों के साथ साथ हड्डी भी संक्रमित हो सकती है। घाव भरने में भी देरी हो सकती है। ये असर इकतरफा नहीं होता। मसूड़ों की लंबी समय तक रहने वाली सूजन शरीर में होने वाली सूजन की प्रक्रियाओं को बढ़ा देती है। साथ ही शर्करा का स्तर नियंत्रण भी प्रभावित होता है। इस तरह मसूड़ों की बीमारियां और मधुमेह एक दूसरे की प्रभावित कर सकती हैं।

### बचाव कैसे करें

1. दिन में दो बार दाँतों को ब्रश करें।
2. मुँह से आने वाली दुर्गंध को नजर अंदाज नहीं करें।
3. मसूड़ों से खून आए तो दाँत चिकित्सक से जाँच करवाएँ।
4. मधुमेह के मरीज होने पर शर्करा का स्तर लक्ष्य के अनुसार नियंत्रित रखें।

5-तंबाकू से दूर रहें।

मसूड़ों की समस्या का समाधान करने से शर्करा स्तर के नियंत्रण में भी सुधार हो सकता है,लेकिन यह मधुमेह की दवाई,व्यायाम और संतुलित आहार का विकल्प नहीं है।

नई रिसर्च इसे दोतरफा बताती है। रक्त में अनियंत्रित शर्करा मसूड़ों के संक्रमण को बढ़ा सकती है और लंबे समय तक यदि मसूड़े संक्रमित रहें तो इन्सुलिन रेजिस्टेंस होने की वजह से शर्करा का स्तर बढ़ सकता है। स्वस्थ मसूड़े सिर्फ मुस्कान के लिए ही जरूरी नहीं है बल्कि बेहतर समग्र स्वास्थ्य के लिए भी आवश्यक हैं। छोटी सी समस्या को नजरअंदाज करने की बजाय समय पर उपचार लें।




डॉ. दीपिका मोंगा
वरिष्ठ चिकित्सक, श्रीगंगानगर

### अनुभव, संवेदनशील व्यवहार और चिकित्सा दक्षता से रोगियों और चिकित्सक समुदाय में विश्वास कायम किया

# डॉ. साहिल जिंदल : सीमावर्ती क्षेत्र में हृदय रोग विशेषज्ञ के रूप में सशक्त पहचान

**श्री**गंगानगर शहर के सुखाड़िया मार्ग स्थित जिंदल हार्ट एंड सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल में कार्यरत डॉ. साहिल जिंदल जिला मुख्यालय पर सेवाएं दे रहे डीएम (कार्डियोलॉजी) विशेषज्ञ चिकित्सकों में महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं। वर्तमान में श्रीगंगानगर में सीमित संख्या में डीएम कार्डियोलॉजिस्ट उपलब्ध हैं और **डॉ. साहिल जिंदल** ऐसे विशेषज्ञ चिकित्सक हैं, जिनकी सेवाएं क्षेत्र के हृदय रोगियों के लिए 24 घंटे उपलब्ध रहती हैं। शहर के मध्य स्थित जिंदल हॉस्पिटल होने से रोगियों को जांच, परामर्श और आपातकालीन उपचार के लिए विशेष सुविधा मिलती है। श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़ जिलों के साथ-साथ बीकानेर जिले के समीपवर्ती क्षेत्रों तथा पंजाब व हरियाणा के सीमावर्ती इलाकों से भी बड़ी संख्या में रोगी हृदय संबंधी उपचार के लिए यहां पहुंचते हैं। अपने अनुभव, संवेदनशील व्यवहार और चिकित्सा दक्षता के माध्यम से डॉ. साहिल जिंदल ने अल्प समय में ही रोगियों और चिकित्सक समुदाय के बीच विश्वास कायम किया है। उनका प्रयास रहता है कि क्षेत्र के हृदय रोगियों को महानगरों जैसी विशेषज्ञ चिकित्सा सुविधाएं स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध हो सकें और उन्हें अनावश्यक रूप से बड़े शहरों की ओर रुख नहीं करना पड़े।





### गुणवत्तापूर्ण उपचार-नैतिक चिकित्सा पर जोर

डॉ. साहिल जिंदल उपचार में गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हैं। एंजियोप्लास्टी के दौरान उच्च गुणवत्ता के स्टैंट और चिकित्सा उपकरणों के उपयोग के साथ ही वे प्रभावी और प्रमाणित दवाओं के प्रयोग पर जोर देते हैं। उनका मानना है कि चिकित्सक और रोगी के बीच विश्वास सबसे महत्वपूर्ण होता है। इसलिए रोगी को केवल आवश्यक दवाएं और उचित उपचार ही मिलना चाहिए। चिकित्सा क्षेत्र में नैतिकता, पारदर्शिता और कर्तव्यनिष्ठा को वे अपनी कार्यशैली का आधार मानते हैं। गरीब और जरूरतमंद रोगियों के प्रति भी उनका विशेष संवेदनशील दृष्टिकोण है। आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों की स्थिति को देखते हुए वे उपचार शुल्क, दवाओं या अन्य माध्यमों से यथासंभव सहायता करने का प्रयास करते हैं।

### डॉ. नरेश त्रेहन के मार्गदर्शन में मिला अनुभव

डॉ. साहिल जिंदल का जन्म 27 मई 1984 को श्रीगंगानगर के वरिष्ठ ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. आर.सी. जिंदल के परिवार में हुआ। प्रारंभिक शिक्षा उन्होंने श्रीगंगानगर के नोजगे पब्लिक स्कूल से प्राप्त की तथा उच्च माध्यमिक शिक्षा बीएसएफ स्कूल से पूरी की। इसके बाद कोटा से मेडिकल प्रवेश परीक्षा की तैयारी कर उन्होंने नीट में सफलता हासिल की। इसके पश्चात कर्नाटक के हुबली से एमबीबीएस की डिग्री प्राप्त की और इसके बाद गुलबर्गा से एमडी की शिक्षा पूरी की। एमडी के बाद उन्होंने देश के प्रतिष्ठित मेदांता-द मेडिसिटी, गुरुग्राम में विश्व प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. नरेश त्रेहन के अधीन रजिस्ट्रार के रूप में कार्य किया। यहां उन्हें आधुनिक हृदय चिकित्सा की बारीकियां सीखने का अवसर मिला। इसके बाद डीएम कार्डियोलॉजी प्रवेश परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उन्होंने देश के शीर्ष संस्थानों में स्थान बनाया और मुंबई स्थित टोपीवाला नेशनल मेडिकल कॉलेज एवं बी.वाई.एल. नायर चैरिटेबल हॉस्पिटल से डीएम (कार्डियोलॉजी) की उपाधि प्राप्त की।

### 14 वर्षों के अनुभव के बाद सेवा के लिए लौटे

डीएम की शिक्षा पूरी करने के बाद डॉ. साहिल जिंदल ने महाराष्ट्र के जलगांव स्थित प्रतिष्ठित कार्डियोलॉजी सेंटर में लगभग डेढ़ वर्ष तक सेवाएं दीं। इस दौरान उन्होंने ईको, एंजियोग्राफी और एंजियोप्लास्टी जैसी महत्वपूर्ण प्रक्रियाओं में विशेषज्ञता हासिल की। मेदांता हो या जलगांव का सेंटर आय की दृष्टि से उनके लिए बड़े अवसर थे, लेकिन लगभग 14 वर्षों तक चिकित्सा शिक्षा और अनुभव प्राप्त करने के बाद उन्होंने अपने गृह क्षेत्र लौटने का निर्णय लिया, ताकि सीमावर्ती क्षेत्र के रोगियों को अपने अनुभव का लाभ दे सकें। उन्होंने अपने पिता द्वारा स्थापित जिंदल हॉस्पिटल में सेवाएं प्रारंभ कीं और इसे आधुनिक सुविधाओं से युक्त जिंदल हार्ट एंड सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के रूप में स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। स्कूली जीवन से ही प्रतिभावान, अनुशासित और आज्ञाकारी छात्र रहे डॉ. साहिल जिंदल ने चिकित्सा क्षेत्र में भी अपने व्यवहार, दक्षता और समर्पण से वरिष्ठ चिकित्सकों, सहयोगियों और रोगियों के बीच विशेष स्थान बनाया है।

### हार्ट अटैक के समय स्थानीय उपचार जीवन बचाने में सहायक

हृदयाघात जैसी आपात स्थिति में समय सबसे महत्वपूर्ण होता है। यदि रोगी को कम समय में विशेषज्ञ चिकित्सक और आवश्यक उपचार उपलब्ध हो जाए तो उसके जीवन बचने की संभावना काफी बढ़ जाती है। पहले ऐसी गंभीर परिस्थितियों में रोगियों को जयपुर या अन्य बड़े शहरों के लिए रेफर किया जाता था, जहां पहुंचने और उपचार शुरू होने में कई घंटे लग जाते थे। डॉ. साहिल जिंदल के अनुसार, हृदय रोगियों को स्थानीय स्तर पर ही अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होने से समय की बचत होती है और बेहतर परिणाम मिलते हैं।

### आयुष्मान और आरजीएचएस योजना से जुड़े रोगियों को लाभ

जिंदल हार्ट एंड सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल राजस्थान सरकार की 'मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य (मा)' और 'राजस्थान गवर्नमेंट हेल्थ स्कीम (आरजीएचएस)' योजना से भी संबद्ध है। इससे इन योजनाओं के पात्र रोगियों को हृदय उपचार का लाभ मिल रहा है। इन योजनाओं के माध्यम से बड़ी संख्या में हृदय रोगी यहां बिना शुल्क उपचार प्राप्त कर चुके हैं। नियमानुसार पात्र रोगियों की जांच, उपचार और आवश्यक दवाओं की सुविधा उपलब्ध करवाई जाती है। डॉ. साहिल जिंदल इन योजनाओं को जरूरतमंद रोगियों के लिए अत्यंत उपयोगी बताते हैं।

# बदलते मौसम में बच्चों का रखें ध्यान, संक्रमण से बचाव जरूरी

**मौसम** में बदलाव के साथ दिन में गर्मी और रात में ठंडक के कारण बच्चों में मौसमी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। वायरल फीवर, सर्दी, खांसी, जुकाम, फ्लू और संक्रमण के मरीज इन दिनों लगातार सामने आ रहे हैं। चिकनपॉक्स, वायरल हेपेटाइटिस, डेंगू और मलेरिया के लक्षणों को समय पर पहचानना जरूरी है। बच्चों में किसी भी बीमारी का इलाज विशेषज्ञ की सलाह से ही कराना चाहिए।

**बुखार में खुद से दवा देने से बचें :** वायरल बुखार में छींक, नाक बहना, गले में खराश और सामान्य बुखार जैसे लक्षण दिखाई देते हैं। वहीं, तेज दर्द, सुस्ती, खेलकूद में रुचि कम होना और दवा के बाद भी बुखार न उतरना अन्य संक्रमण का संकेत हो सकता है। ऐसी स्थिति में घर पर इलाज करने के बजाय चिकित्सक से परामर्श लेना चाहिए। बच्चों को मेडिकल स्टोर से बिना सलाह पैरासिटामॉल या एंटीबायोटिक देना नुकसानदायक हो सकता है। पैरासिटामॉल की मात्रा बच्चे के वजन के अनुसार तय होती है, जबकि एंटीबायोटिक केवल डॉक्टर की सलाह पर ही दी जानी चाहिए।

**चिकनपॉक्स और डेंगू से बचाव जरूरी :** चिकनपॉक्स में बुखार के साथ शरीर पर लाल पानी वाले दाने निकलते हैं। ऐसे बच्चे को अलग कमरे में रखें और साफ-सफाई का विशेष ध्यान दें। इसे सामान्य मानकर इलाज में लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए। डेंगू और मलेरिया से बचाव के लिए बच्चों को पूरी बांह के कपड़े पहनाएं, मच्छरदानी का उपयोग करें और घर के आसपास पानी जमा न होने दें।

**खान-पान और जीवनशैली पर दें ध्यान :** छोटे बच्चों में साल में कई बार वायरल संक्रमण होना सामान्य है। इससे घबराने के बजाय पौष्टिक भोजन, मौसमी फल, पर्याप्त नींद और शारीरिक गतिविधियों पर ध्यान दें। भीड़भाड़ वाले स्थानों पर बच्चों को ले जाने से बचें। प्रो. डॉ. गौतम के अनुसार बढ़ता स्क्रीन टाइम बच्चों के मानसिक और शारीरिक विकास को प्रभावित कर सकता है। अभिभावक बच्चों के साथ समय बिताएं, खेलों के लिए प्रेरित करें।

### 14 जिलों की 80 तहसीलों में घोषित सूखे के हालात, सूखाग्रस्त क्षेत्रों में राहत कार्यों का रास्ता साफ

# राजस्थान में सूखे की दस्तक, बीकानेर-चूरू की तहसीलों पर भी संकट

**बीकाने/जयपुर**

मानसून में औसत से कम बारिश के कारण राजस्थान के कई जिलों में सूखे की स्थिति बन गई है। राज्य सरकार ने चूरू और बीकानेर सहित 14 जिलों की 80 तहसीलों को गंभीर और मध्यम सूखाग्रस्त घोषित किया है। रविवार को जारी अधिसूचना के बाद प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्य शुरू करने, पशुओं के लिए चारा-पानी की व्यवस्था और किसानों को सहायता उपलब्ध कराने का रास्ता साफ हो गया है। सरकार की अधिसूचना के अनुसार चूरू जिले की राजगढ़ तहसील तथा बीकानेर जिले की दो तहसीलों को सूखाग्रस्त क्षेत्रों की सूची में शामिल किया गया है। इसके अलावा जोधपुर की 12, जालोर और बाड़मेर की 10-10, बालोतरा की 9, पाली की 8 तथा डूंगरपुर और जैसलमेर की 7-7 तहसीलों को भी सूची में रखा गया है। नागौर, सिरोही और ब्यावर की तहसीलें भी प्रभावित क्षेत्रों में शामिल हैं।

#### राहत कार्यों और चारा व्यवस्था पर रहेगा जोर

सरकार ने प्रभावित क्षेत्रों में सूखे की स्थिति को देखते हुए प्रशासन को राहत एवं बचाव कार्य शुरू करने के अधिकार दिए हैं। सूखाग्रस्त घोषित क्षेत्रों में छह महीने तक संबंधित प्रावधान लागू रहेंगे। इस दौरान पशुओं के लिए चारा डिपो खोलने, पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने और जरूरतमंद किसानों तक राहत पहुंचाने के प्रयास किए जाएंगे।

#### फसल और पशुपालन पर सूखे का असर

कम बारिश के कारण कई क्षेत्रों में फसलों के उत्पादन में गिरावट की आशंका है। वहीं, पशुपालकों के सामने चारे और पानी का संकट बड़ी चुनौती बन रहा है। प्रशासन के सामने प्रभावित गांवों तक राहत सामग्री पहुंचाना और पशुधन को बचाने के लिए पर्याप्त व्यवस्था करना प्राथमिकता होगी।

**पश्चिमी राजस्थान में सूखे की सबसे ज्यादा मार:** बारिश की कमी का सबसे अधिक असर पश्चिमी राजस्थान के जिलों में देखने को मिल रहा है। बाड़मेर, जालोर, जैसलमेर, जोधपुर, बालोतरा और पाली में खरीफ फसलें प्रभावित हुई हैं। खेतों में नमी की कमी, जलस्रोतों में घटता पानी और चारागाहों में चारे की कमी से किसानों और पशुपालकों की परेशानी बढ़ गई है। पाली जिले में सामान्य से 58 प्रतिशत कम बारिश दर्ज की गई है, जबकि जैसलमेर में 54 प्रतिशत और जालोर में 50 प्रतिशत की कमी रही। इसके अलावा बांसवाड़ा, सिरोही, जोधपुर, बालोतरा और डूंगरपुर में भी बारिश सामान्य से काफी कम रही है।

### ग्रामीण इलाकों में जनसंपर्क अभियान तेज

# सरदारशहर में पंचायत चुनाव : राजनीतिक सरगर्मियां तेज



**सीमा सन्देश # सरदारशहर**

विधानसभा क्षेत्र में पंचायत एवं जिला परिषद चुनावों को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेजी से बढ़ रही हैं। गांवों में अपनी सरकार बनाने और समर्थन जुटाने के लिए भाजपा और कांग्रेस सहित अन्य दलों ने जनसंपर्क और सभाओं का दौर शुरू कर दिया है। चूरू जिला परिषद के जोन नंबर 1 में आयोजित भाजपा की सभा में पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़, चूरू विधायक हरलाल सारण और पूर्व विधायक अशोक पिंचा सहित कई गणमान्य नेता मौजूद रहे। इस दौरान काफी संख्या में कार्यकर्ताओं की भागीदारी रही। कई लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की, जिनका माला पहनाकर स्वागत किया गया। इसी प्रकार दूसरी ओर कांग्रेस भी ग्रामीण क्षेत्रों में पूरी तरह सक्रिय है। सरदारशहर विधायक अनिल भंवरलाल शर्मा, केसरी चंद शर्मा, तारानगर विधायक नरेंद्र बुढ़ानिया, पूर्व प्रधान रामकुमार मेघवाल और कांग्रेस देहात अध्यक्ष दुर्गाराम पारीक समेत प्रमुख नेता लगातार जनसंपर्क कर पार्टी के पक्ष में मतदान की अपील कर रहे हैं। भाजपा और कांग्रेस के अलावा आरएलपी सहित अन्य राजनीतिक दल भी अपने प्रत्याशियों के समर्थन में मैदान में उतर चुके हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में चुनावी चर्चाएं चरम पर हैं और सभी दल अपने संगठन को मजबूत करने में जुटे हैं।

# हर कॉलेज को पांच लाख की एफडी करवानी होगी



**बीकानेर।** महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय की विद्या परिषद की विशेष बैठक सोमवार को कुलगुरु प्रो. नरसीराम बिश्नोई की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। सदस्य सचिव यशपाल आहूजा ने बताया कि परिषद ने सम्बद्धता शुल्क को महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर के समान करने और शोध शुल्क का पुनर्निर्धारण करने का निर्णय लिया। सम्बद्ध महाविद्यालयों को एंडोमेंट फंड के तहत कुलसचिव एवं महाविद्यालय के संयुक्त नाम से 5 लाख रुपये की एफडीआर न्यूनतम पांच वर्ष के लिए बनानी होगी। परिषद ने निर्णय लिया कि शैक्षणिक सत्र 2026-27 में सम्बद्धता की शर्तें दो माह में पूरी करने वाले महाविद्यालयों की वर्ष 2025-26 तक की सम्बद्धता वृद्धि का निस्तारण किया जाएगा। शर्तें पूरी नहीं करने वाले संस्थानों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। मीडिया प्रभारी डॉ. उमेश शर्मा ने बताया कि विश्वविद्यालय में विजिटिंग प्रोफेसर, एडजंक्ट प्रोफेसर, मानद प्रोफेसर एवं प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस की अस्थायी नियुक्ति नीति-2026 को भी मंजूरी दी गई। बैठक में परीक्षा प्रणाली में संशोधन और अन्य शैक्षणिक विषयों पर निर्णय के लिए समिति गठन को कुलगुरु को अधिकृत किया गया। बैठक में विभिन्न संकायाध्यक्ष एवं नामित सदस्य उपस्थित रहे।

## भंवरलाल शर्मा को मिली पीएचडी उपाधि



**सरदारशहर।** स्थानीय शक्ति सरस्वती शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान के सहायक प्रोफेसर भंवरलाल शर्मा को टांटिया विश्वविद्यालय, श्रीगंगानगर से शिक्षा विषय में पीएचडी की उपाधि मिली है। उन्होंने यह शोध प्रोफेसर डॉ. राजेश शर्मा के निर्देशन में पूरा किया। उनका शोध विषय 'उच्च माध्यमिक विद्यालय के शैक्षिक वातावरण का विद्यार्थियों की अध्ययन आदतों, समस्या समाधान योग्यता एवं शैक्षिक उपलब्धियों के संबंध में अध्ययन' रहा, जिसमें विद्यालय के शैक्षिक वातावरण और विद्यार्थियों की क्षमताओं के बीच संबंधों का विश्लेषण किया गया है।

# बाइक चालक ने साइकल सवार को मारी टक्कर, घायल

**सीमा सन्देश#पदमपुर**

तेज गति से आ रहे बाइक चालक ने साइकल सवार को टक्कर मार दी। इससे साइकल सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे पहले श्रीगंगानगर रैफर किया गया परन्तु यहां भी उसकी हालत हो देते हुए बीकानेर रैफर कर दिया। जहां उसका इलाज जारी है। जानकारी अनुसार रविवार शाम 5:30 बजे गौरव पथ रोड पर कृष्ण लाल पुत्र खेमचंद पारवानी साइकिल पर जा रहा था। इसी दौरान सामने से तेज गति से आ रहे मोटरसाइकिल चालक ने साइकल में टक्कर मार दी। संतुलन बिगड़ने पर कृष्णलाल नीचे गिर पड़े और गंभीर चोटें आई। मौक पर मौजूद लोगों ने उन्हे इलाज के लिए हस्पताल पहुंचाया जहां उनकी गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उन्हे श्रीगंगानगर रैफर कर दिया। श्रीगंगानगर में डॉक्टरों ने उनकी हालत में सुधार नहीं होने पर बीकानेर रैफर कर दिया। फिलाहला पुलिस ने पीड़ित के भाई नारायण दास के परिवाद पर अज्ञात मोटरसाइकिल चालक के कानूनी कार्यवाही के लिए परिवाद दिया है। इलाके में यह कोई पहली घटना नहीं है पूर्व में भी बाइक चालकों की तेज रफ्तार कई लोगों ने लिए परेशानी का सबब बन चुकी है। सड़कों पर बेतरतीब दौड़ते बाइक चालकों के आगे कानून व्यवस्था भी बेनामी साबित हो जाती है। बुलेट सवार भी दिन भर गलियों में पटाखे फोड़ने जैसी आवाज करते हुए गुजरते रहते हैं। बालिका स्कूलों के आसपास भी इस तरह की घटनाओं पर परिजनों और विद्यालय प्रबंधन द्वारा पुलिस प्रशासन को शिकायत की गई परन्तु आज तक प्रभावी कार्यवाही नहीं होने से ऐसे लोगों के हौसले बुलन्द हैं।

## शिविर में कई योजनाओं की जानकारी दी



**मिर्जेवाला।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की ओर से गांव मिर्जेवाला में संध्या शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में रजत गौड़ और अजीत सोनी ने ग्रामीणों को सूर्य घर योजना, जीवन ज्योति योजना सहित बैंक की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी तथा उनका लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर डॉ. राकेश गोदारा, महबूब खान, सोनू सेखों, अंगद गोदारा, गिरदावर शिक्षापाल तथा राजेंद्र राठौड़ सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

## बीकानेर विधायक जेठानंद व्यास का स्वागत

**सूरतगढ़।** बीकानेर विधायक जेठानंद व्यास के भगत सिंह चौक स्थित महावीर भोजक के आवास पर पहुंचने पर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस दौरान भगत सिंह चौक अध्यक्ष राजू मूंदड़ा, वस्त्र यूनियन अध्यक्ष परवेज पठान, हीरालाल, गुलजारी सुखीजा, रमेश पारीक, ज्योति माई, डूंगर सिंह, कविश, दुलीचंद, राजेंद्र मोदी, जयनारायण, नरेश, महेश, भवानी शंकर, जगदीश भोजक आदि ने माला पहनाकर अभिनंदन किया।



# गुरु रामदास के प्रकाश पर्व पर उमड़ी संगत



**सीमा सन्देश # सूरतगढ़।** शहर में गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में श्री गुरु रामदासजी के प्रकाश पर्व पर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी व संगत के सहयोग से भव्य रात्रिकालीन कीर्तन दीवान सजाया गया। सचिव गगन सिंह ने बताया कि दरबार साहिब अमृतसर के भाई गुरकीरत सिंह, मुक्तसर साहिब के भाई परविंदर सिंह व भाई किशोर सिंह ने शबद कीर्तन से संगत को भावविभोर किया। कथावाचक भाई हरप्रीत सिंह मखू व प्रचारक कर्मवीर सिंह (चंडीगढ़) ने गुरु इतिहास व सिद्धांतों पर प्रकाश डालते हुए युवाओं को नशे जैसी बुराइयों से दूर रहने और गुरबाणी से जुड़ने का संदेश दिया। मुख्य सेवादार सुखवंत सिंह चावला ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य गुरमत का प्रचार करना है। मीत सेवादार प्रीतम सिंह गिल, जगदीश सिंह गिल, सुरजीत सिंह सग्गू, त्रिलोक सिंह कलसी, हरपाल सिंह व जसवीर सिंह सग्गू ने जत्थों और विचारकों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।
हरजिंदर सिंह खालसा, कृपाल सिंह, पुरुषोत्तम सिंह, काला सिंह, छिन्दर सिंह, अमरिंदर सिंह कलसी, देवेंद्र सिंह, जसविंदर सिंह, अर्शप्रीत सिंह व जगदीप सिंह ने लंगर और अन्य व्यवस्थाओं में सहयोग दिया। इस दौरान बड़ी संख्या में साध-संगत उपस्थित रही।

### 1100 महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा

# सरदारशहर में श्रीमद्भागवत कथा का भव्य शुभारंभ



**सीमा सन्देश # सरदारशहर**

शहर के ताल मैदान में जोशी परिवार की ओर से आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ सोमवार को भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। राजवाला कुएं से प्रारंभ हुई यात्रा गांधी चौक और मुख्य बाजार से होते हुए कथा स्थल ताल मैदान पहुंची। इसमें 1100 महिलाओं ने सिर पर मंगल कलश धारण कर श्रद्धा और उत्साह के साथ भाग लिया। भजन-कीर्तन और गाजे-बाजे के साथ निकली इस यात्रा में सजीव झांकियां मुख्य आकर्षण का केंद्र रहीं, जिससे पूरे शहर का वातावरण भक्तिमय हो गया। जोशी परिवार के सदस्य इस दौरान मुख्य यजमान के रूप में शामिल रहे। आयोजन में ओमप्रकाश पारीक, शोभा कांत स्वामी, शम्भू दयाल पांडिया, शंकरलाल प्रेमाणी, पूनम चंद तिवाड़ी, तेजपाल चौधरी, तिलोक चन्द माली, बुधमल प्रजापत और रामलाल सुथार सहित क्षेत्र के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। समिति की ओर से कथा स्थल पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं। कथावाचक आगामी सात दिनों तक श्रीमद्भागवत कथा वाचन करेंगे। कथा के इस दिव्य शुभारंभ से श्रद्धालुओं में भारी उत्साह का माहौल देखने को मिल रहा है।

## न्यूज इन ब्रीफ

### श्री छःन्याति ब्राह्मण महासंघ तहसील कार्यकारिणी गठित

**सीमा सन्देश # सूरतगढ़।** श्री छःन्याति ब्राह्मण महासंघ ने तहसील कार्यकारिणी की घोषणा की गई है। महासंघ के जिलाध्यक्ष पाराशर नारायण शर्मा की ओर से जारी नियुक्ति पत्र के अनुसार हनुमान प्रसाद शर्मा को तहसील अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। जबकि पं. मोहन उपाध्याय व अमित पारिक उपाध्यक्ष तथा रजनीश शर्मा महामंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई है। नवनियुक्त पदाधिकारियों से तहसील में समाज को एकजुट करने, संगठन को मजबूत बनाने व सामाजिक समरसता के लिए मिलकर कार्य करने की अपेक्षा जताई गई है।



### ट्रेलर की टक्कर से पति-पत्नी की मौत

**चूरू।** सादुलपुर क्षेत्र में लगातार हो रहे सड़क हादसे चिंता का विषय बन गए हैं। पिछले 72 घंटे में 9 लोगों की मौत हो चुकी है। सादुलपुर-सिद्धमुख मार्ग पर पेट्रोल पंप के पास ट्रक-ट्रेलर की टक्कर से बाइक सवार अशोक कुमार की मौके पर मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी पूजा ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस के अनुसार, दोनों ईंट भट्ठे से काम कर घर लौट रहे थे। हादसे के बाद पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### रतनलाल के निधन पर शोक जताया

**सीमा सन्देश # सादुलशहर।** वार्ड नंबर 14 निवासी टेलर रतनलाल (65) के निधन हो गया है। उनके निधन पर विधायक गुरवीर सिंह बराड, चेयरमैन प्रतिनिधि प्रदीप खीचड, संजय जांगिड, वरिष्ठ अधिवक्ता कृष्ण अलीपुरा, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अमन मक्कड, पूर्व पार्षद संजीव खीचड, श्रमिक नेता सुभाष चंद्र, तरूण होटला, हरीश होटला, सीटू यूनियन अध्यक्ष महेश खंडा आदि ने शोक व्यक्त किया है।

# पदमपुर: चानणा धाम मेले में स्काउट-गाइड विद्यार्थियों ने दी उत्कृष्ट सेवाएं, हुआ सम्मान

**सीमा सन्देश# पदमपुर**



चानना धाम के ऐतिहासिक मेले में राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड संघ पदमपुर के विद्यार्थियों द्वारा श्रद्धालुओं को बेहतर व्यवस्थाएं प्रदान की गईं। मेले के दौरान स्काउट यूनिट के सदस्यों ने पूरी निष्ठा और सेवा भाव के साथ जगह-जगह तैनात होकर उत्कृष्ट सेवाएं दीं। विद्यार्थियों के इस समर्पित सेवा कार्य को देखते हुए मेला प्रबंधन समिति की ओर से उनका भव्य स्वागत किया गया और सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रभारी सहायक जिला कमिश्नर एवं मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी पदमपुर विमला परिहार, प्रधान नत्थू राम, चेयरमैन बनवारी लाल, डॉ. राजपाल जोईया और सचिव भागीरथ तंवर शामिल रहे। संघ के सचिव भागीरथ तंवर ने जानकारी देते हुए बताया कि स्काउट का मूल आदर्श वाक्य हमेशा सेवा हेतु तैयार रहना है। हमारी स्काउट एवं गाइड की टीम आसपास के क्षेत्र में होने वाली सहशैक्षणिक गतिविधियों , राष्ट्रीय पर्वों , अन्य महत्वपूर्ण मेलों, चुनावों और किसी भी प्रकार की आपदा या आमजन के सहयोग के अवसरों पर हमेशा तन्मयता से तैयार रहती है। मेले की अनुशासन और दर्शनार्थियों की व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने में इन्द्र पाल टाक, समीर, माधव, विराट, अर्पण जोत सिंह, उदित, साहिल, रोहित सहित अन्य स्काउट-गाइड विद्यार्थियों ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और सेवार्थ मुस्तैद रहे।

# खाजूवाला: निःशुल्क औषधि युक्त खीर वितरण में 400 लोग लाभान्वित



**सीमा सन्देश# खाजूवाला।** शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर सोमवार को मीणा मार्केट स्थित बाबा हरिराम मंदिर (ट्रस्ट) में दमा, श्वास एवं एलर्जी से पीड़ित रोगियों के लिए निःशुल्क औषधि युक्त खीर वितरण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 400 मरीज लाभान्वित हुए। शिविर का लाभ लेने के लिए खाजूवाला क्षेत्र के साथ-साथ दूर-दराज के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में रोगी एवं अन्य लोग पहुंचे। आयोजन श्री चित्रापुर मठाधिपति परम पूज्य श्रीमत सद्योजात शंकराश्रम स्वामीजी के स्नेहिल आशीर्वाद से संपन्न हुआ। शरद पूर्णिमा के अवसर पर परंपरानुसार दिव्य जड़ी-बूटियों से निर्मित औषधि युक्त खीर का वितरण किया गया। आयोजन का उद्देश्य दमा, श्वास एवं एलर्जी से पीड़ित लोगों को आयुर्वेद व दैनंदिन जीवनशैली के प्रति जागरूक कराना रहा। शिविर में आयुवेर्दाचार्य डॉ. राम सारस्वत (बी.ए.एम.एस.), नवजीवन आयुर्वेद ने खीर वितरण व्यवस्था में योगदान दिया। शिविर में श्योपाल सिंह शेखावत, दीपाराम माली, नरेन्द्र अग्रवाल,चतुर्भुज हलवाई, भीम ताखर, राजकुमार नाई,लोकेश स्वामी व लेखराज भील आदि स्वयंसेवकों का शानदार योगदान रहा।

# मुक्ति धाम पर जनसुविधाओं को लेकर बैठक आयोजित



**सीमा सन्देश # सरदारशहर**

दक्षिण मुक्तिधाम सेवा समिति की बैठक समिति अध्यक्ष राजकरण बरड़िया की अध्यक्षता में हुई। इसमें मुक्तिधाम के विकास, सौंदर्यीकरण व जनसुविधाओं के विस्तार के लिए चर्चा की गई। बरड़िया ने बताया कि दानदाताओं के सहयोग से मुक्तिधाम के सौंदर्यीकरण का कार्य जल्द शुरू करवाया जाएगा। सुजानमल चंदनमल चिड़ालिया परिवार के कोलकाता प्रवासी उत्तमचंद चिंड़ालिया के सहयोग से सोलर ऊर्जा पैनल लगाया जाएगा। उत्तमचंद चिड़ालिया ने बताया कि स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के लिए योग क्लासेज एवं जिम की सुविधा के साथ एंबुलेंस सेवा भी शुरू की जाएगी। समिति के उपाध्यक्ष सुबुद्धि कुमार बरड़िया ने लकड़ी की किल्लत को देखते हुए विद्युत शवदाह गृह स्थापित करने का सुझाव दिया। बैठक में जबरमल दुगड़ की स्मृति में उनके पुत्र श्रेयांश एवं संजय की ओर से नारायण बली करवाने के लिए 20 गुणा 20 फीट का शेड बनवाए जाने पर आभार व्यक्त किया। बैठक में मंत्री झाबरमल चिड़ालिया, गुलाबचंद नाहटा, सूरज नाहटा, विजय सिंह चिड़ालिया, ऋषभ चिड़ालिया, बजरंग लुणिया, चंद्रप्रकाश लुणिया, पार्षद विमल जमड़, सिद्धार्थ चिड़ालिया, राजकुमार बरड़िया सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

**कार्यक्रम** | प्रभात फेरी और महाआरती का आयोजन, मूर्ति स्थापना कर किया नमन

# महर्षि वाल्मीकि जयंती पर निकाली भव्य झांकी, जगह-जगह स्वागत

**सीमा सन्देश # श्रीविजयनगर**







शहर के वार्ड नंबर 3 में स्थित बाबा रामदेव मंदिर में वाल्मीकि समाज की ओर से महर्षि वाल्मीकि महाराज की मूर्ति स्थापना की गई। इस मौके पर महर्षि वाल्मीकि जयंती उपलक्ष्य में भव्य झांकी निकाली गई। झांकी वार्ड नंबर 3 बाबा रामदेव मंदिर से रवाना होकर शहर के मुख्य मार्गों से होकर गुजरी। मार्ग में श्रद्धालुओं ने उत्साह के साथ झांकी का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इस दौरान माहौल भक्तिमय बना रहा और महर्षि वाल्मीकि महाराज के जयकारों से शहर गूंज उठा। समाज के लोगों ने महर्षि वाल्मीकि महाराज के आदर्शों को याद करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। झांकी शहर के मुख्य मार्गों से भ्रमण करने के बाद पुनः बाबा रामदेव मंदिर पहुंची, जहां कार्यक्रम का समापन हुआ। इस दौरान भंवर लाल सारसर, राधेश्याम गोयल, अंबेडकर नवयुवक संघ के अध्यक्ष राजकुमार घारू, सुल्तान,शंकर लाल, सुरेश जावा, माना राम, लूणाराम,नरेश जदिया, सुरेश करोसिया, राजू सारसर, दीपक लोट, अशोक भाटी, कालूराम घारू व अन्य समाज के लोग उपस्थित रहे।
**पदमपुर।** सृष्टिकर्ता भगवान वाल्मीकि सेवा समिति ने वाल्मीकि प्रकट दिवस पर वाल्मीकि मंदिर से आकर्षक फूलों से पालकी को सजाकर बालकों ने लव कुश का स्वरूप धारण किया। मुख्य मार्गों पर भगवान वाल्मीकि की भव्य शोभा यात्रा ढोल नगाड़ों के साथ निकाली। जगह-जगह पर समाज के युवाओं द्वारा नृत्य प्रस्तुतिया देकर आतिशबाजी का किया प्रदर्शन । शोभा यात्रा में हर वर्ग के लोग श्रद्धा भाव से शामिल हुए। सेवाभावी व्यक्तियों के द्वारा जगह - जगह जलपान की व्यवस्था कर भगवान वाल्मीकि के चित्र पर पुष्प वर्षा कर नमन किया। वाल्मीकि मन्दिर को आकर्षक लाइटों से सजाया गया।
**सूरतगढ़।** शहर में भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज व अखिल भारतीय सफाई मजदूर कर्मचारी संघर्ष समिति के संयुक्त तत्वावधान में भगवान श्री वाल्मीकि प्रकट दिवस श्रद्धा व उत्साह से मनाया गया। सुबह चार बजे वाल्मीकि मंदिर से प्रभात फेरी रवाना हुई, जो पार्षद सुनीता वाल्मीकि, राजस्थान वाल्मीकि महासभा के प्रदेशाध्यक्ष अमित कल्याणा व संघर्ष समिति की अध्यक्ष रेखा घुसर के नेतृत्व में आरसीपी वाल्मीकि बस्ती, नवल चौक, आजाद नगर, शिववाड़ी मंदिर, नवल मंदिर वाल्मीकि बस्ती तथा महाराज आचार्य रामचरणदास आश्रय से होते हुए वापस मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। शाम को हुई महाआरती में अध्यक्ष अमित कंडारा, उपाध्यक्ष महेंद्र भाटिया, कोषाध्यक्ष राकेश धौल व समाज के अन्य लोगों ने भाग लिया। तत्पश्चात आयोजित सत्संग में महामंत्री धर्मेश सारसर, उपाध्यक्ष किरणबाला वाल्मीकि, माया देवी वाल्मीकि व गणेश सारसर अतिथि के रूप में शामिल हुए। सत्संग में सुरेश लधड, जगदीश गोयर, नथूराम भाटिया, मंगल धारु तथा विष्णु धारीवाल ने भजनों की प्रस्तुतियां दी। इस दौरान पूर्व अध्यक्ष रमेश अठवाल, संजय पंडित, युवराज कल्याणा, विकास कंडारा, रवि कंडारा, मनोज सारसर, प्रिंस चौहान, पानी देवी, ममता चांगरा, गौतम घुसर, पवन कंडारा, मंगतू घुसर, शंकर सारवान, दिनेश बुरट, धनपत सारसर, राहुल धारीवाल, प्रिंस सारसर, कालूराम लधड, धनपत पंडित, सुनील लधड, विनोद टाक, अशोक अटवाल, अनिल झांझोट, विजय अटवाल और राकेश पंडित सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।


# पूर्व मंत्री स्व. कुंभाराम आर्य की पुण्यतिथि पर अर्पित की पुष्पांजलि

**सीमा सन्देश # चूरू**



किसान नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. कुंभाराम आर्य की पुण्यतिथि पर चूरू में हुए श्रद्धांजलि कार्यक्रम में विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़, विधायक हरलाल सहारण, प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष रफीक मडेलिया, नारायण बालान, कांग्रेस महिला जिलाध्यक्ष सुनीता कपूरिया, रियाजत अली खान, इरशाद मडेलिया एवं जमील चौहान सहित अनेक जनप्रतिनिधि, कांग्रेस कार्यकर्ता एवं आमजन उपस्थित रहे।

## वर्ग पहली क्रमांक 7961




*ó बायें से दायें:-* 1) निर्बल, 8) प्रवेश, 12) शरीर, 15) भक्तिभाव से देखना, 17) नेता; नायक, 18) मुल्ला, 19) आँख की पुतली, 20) निराश, 21) दृश्य, 22) इरादा, 24) सुंदर स्त्री, 27) तरीका. (उत्तरः अगले अंक में)

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| न | ■ | स | दा | ■ | ख्या | ल | ना | ■ | पा |
| म | ■ | मे | ह | न | त | ■ | ज़ | बा | नी |
| क | पू | त | ■ | ग | म | क | ■ | ग | दा |
| ह | ■ | ■ | ह | र | ■ | ट | ट्ठ | ■ | र |
| रा | म | रा | म | ■ | पा | पी | ■ | पि | ■ |
| मी | न | ■ | द | र्प | ■ | स | विस्ता | र | ■ |
| ■ | शा | गि | र्द | ■ | नि | ■ | सं | ■ | स |
| ग़ | ■ | र | ■ | ल | ग | भ | ग | ■ | भ |
| म | हा | बी | र | ■ | म | ■ | त | स्करी | ■ |

*ó ऊपर से नीचेः-* 1) घर का चिराग़, 2) कृतघ्नता, 3) कश; साँस, 4) ग़ुलामी, 5) आसमानी, 6) सीमा, 4) मेघविद्युत, 7) चतुर्थ सिख गुरु, 9) मूल व्यय, 10) खत्म; कुल, 11) उपाधि, 13) पोला, 14) चोर ज़मीन; कीचड़, 16) सिंह, 18) चुप्पी, 19) कारनामा, 20) हत्या, 22) आकाशगंगा, 23) बहादुरी, 25) अंधा व्यक्ति, 26) विचारविमर्श; सलाह, 28) पुराणानुसार देववाणी.

## आज का इतिहास

**नयी दिल्ली (वार्ता) 27 अक्टूबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ-**

1676 - पोलैंड और तुर्की ने वारसा की संधि पर हस्ताक्षर किए।
1795 - अमेरिका और स्पेन ने सैन लोरेंजो की संधि पर हस्ताक्षर किए।
1806 - फ्रांस की सेना बर्लिन में घुसी।
1947 - जम्मू कश्मीर के राजा हरि सिंह ने भारत में जम्मू कश्मीर के विलय को स्वीकार कर लिया।
1959 - पश्चिमी मेक्सिको में चक्रवाती तूफान से कम से कम 2000 लोग मरे।
1968 - मेक्सिको सिटी में 19वें ओलंपिक खेलों का समापन हुआ।
1978 - मिस्र के राष्ट्रपति अनवर सादात और इजरायल के प्रधानमंत्री मेनाचेम को शांति का नोबेल पुरस्कार के लिए चुना गया।
1995 - यूक्रैन में कीव स्थित चेननोबिल परमाणु संयुत्र सुरक्षा संबंधी खामियों के कारण पूर्णतः बन्द किया गया।
1997 - एडिनबर्ग (स्काटलैंड) में राष्ट्रकुल शिखर सम्मेलन सम्पन्न।
2003 - चीन में भूकम्प से 50,000 से अधिक लोग प्रभावित, बगदाद में बम धमाकों से 40 लोगों की मृत्यु।
2004 - चीन ने विशालकाय क्रेन का निर्माण किया। फ्रांस के विदेश मंत्री माइकल वार्नियर दो दिवसीय भारत यात्रा पर नई दिल्ली पहुँचे।
2008 - केन्द्र सरकार ने अखबार उद्योग के पत्रकारों और गैर पत्रकारों को अंतरिम राहत की अधिसूचना जारी की।

## कल क्या होगा

**नई दिल्ली, 28 अक्टूबर (एनएनएस) बुधवार** कार्तिक बदी तृतीया को बासमती चावल, गेहूं, जौ, जई, राजमा चित्रा, काबुली चना, तिल, देशी चना, मूंग, मटर, मसूर, उड़द, तुवर, मोठ, सोडाएश, धनिया, अमचूर, दालचीनी, जावित्री, इमली, कालीमिर्च, कलौंजी, गुड़, चीनी, अंजीर, कॉपर-पीतल, मैंथा ऑयल, पारा, हल्दी, राई, अरंडी तेल, ग्वार व ग्वार गम में लाभ तथा मक्की, बाजरा, सरसों, बिनौला व इसके तेल, रीठा, जायफल, मगज तरबूज, पोस्तदाना, किशमिश, मखाना, जीरा, लौंग, सोयाबीन, अजवायन, कपास, टिटेनियम डाइऑक्साइड, मोम, टिन, निकिल, सीसा में हानि हो सकती है। **भाग्यांक 2-4-5-9 है। यात्रा विचार-दक्षिण दिशा की ओर 1.41 बजे अपराह्न से पहले यात्रा शुभ होगी।**

## आज का राशिफल

**27 अक्टूबर मंगलवार**

**श्रीचन्द शर्मा शास्त्री,** श्री स.घ. गायत्री संस्कृत महाविद्यालय, जवाहरनगर, श्रीगंगानगर, मो.: 9772765993

कार्तिक कृष्ण प्रतिपदा, नक्षत्र-भरणी, योग-सिद्धि, करण-कौलव, दिशाशूल-उत्तर, सूर्योदय 6.25 बजे, सूर्यास्त 6.25

ग्रह स्थिति : सूर्य, बुध, शुक्र - तुला राशि में, मंगल, गुरु - सिंह राशि में, चंद्रमा-वृश्चिक, राहु-कुंभ, केतु-सिंह, शनि-मीन राशि में संचार कर रहे हैं।

**मेष :** आज पैसों के मामले में भाग्य साथ देगा। करियर और पर्सनल लाइफ में तरक्की के खुद मौके मिलेंगे। सोच-समझकर फैसले लेने की जरूरत है।

**वृषभ :** खुली बातचीत और समझ से रिश्ते मजबूत करें। फालतू तनाव से बचने के लिए पैसों का मैनेजमेंट सही रखें। सेहत के लिए हेल्दी लाइफस्टाइल अपनाएं।

**मिथुन :** करीबियों से कनेक्शन मजबूत करने के मौके तलाशें। काम में नई चुनौतियों से बिल्कुल न घबराएं। वित्तीय मामलों में पूरा ध्यान देकर सोच-समझकर डिसीजन लें।

**कर्क :** सेहत के लिए फिजिकल और मेंटल हेल्थ में संतुलन बनाएं। बदलाव के लिए तैयार रहने पर अच्छे नतीजे मिलेंगे। बिजनेस या काम में प्रॉफिट की पूरी संभावना है।

**सिंह :** धन के मामले में अच्छी खासी वृद्धि देखने को मिलेगी। एनर्जी लेवल एकदम हाई और बढ़िया रहेगा। पर्सनल और प्रोफेशनल कनेक्शन मजबूत करने का शानदार मौका है।

**कन्या :** नई संभावनाओं के लिए तैयार रहें लेकिन जल्दबाजी न करें। रिश्तों के मामले में अपने दिल की बात सुनें। छोटे-छोटे कदम ही आगे चलकर बड़ा बदलाव लाएंगे।

**तुला :** नए रास्ते और अवसर तलाशने के लिए दिन बढ़िया है। पूरा ध्यान वर्क-लाइफ बैलेंस बनाए रखने पर होना चाहिए। अपने आराम के लिए भी थोड़ा समय जरूर निकालें।

**वृश्चिक :** खर्च और बचत की आदतों पर गौर करने का सही समय है। अपनी आदतों को सुधारें और तनाव से दूर रहकर सेहत को प्राथमिकता दें।

**धनु :** वित्तीय स्थिरता के लिए पैसों के मामले में सावधानी बरतें। पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ में नए आयाम तलाशें। करीबियों के साथ आपके रिश्ते और गहरे होंगे।

**मकर :** पैसों और खर्चों को लेकर आज काफी सतर्क रहें। निवेश करने से पहले दो बार जरूर सोच लें। प्रोफेशनल लाइफ में बदलाव और नई स्किल्स के लिए तैयार रहें।

**कुंभ :** खुद को ऐसी स्थिति में पाएंगे जो ग्रोथ दिलाएगी। रिश्तों को मजबूत करने के लिए थोड़ा ध्यान देने की जरूरत है। नए मौके मिलेंगे और रुका हुआ पैसा भी मिल सकता है।

**मीन :** जिंदगी में हर तरफ संतुलन बनाकर चलने की जरूरत है। रिश्तों में ईमानदारी और खुला संवाद बहुत जरूरी है। काम के तनाव को मैनेज करना सीखें।

# गंगानगर स्थापना दिवस की कहानी : वर्ष 1994 की स्मारिका की जुबानी

गंगानगर स्थापना दिवस पर यह स्मरण कराना उचित होगा कि इस ऐतिहासिक दिवस को सार्वजनिक रूप से आयोजित करने की प्रथा कब आरम्भ हुई थी। प्राप्त सूचना के अनुसार इसके भव्य आयोजन की शुयआत 'श्रीगंगानगर स्थापना महोत्सव' के रूप में प्रथम आयोजन 1994 में आरम्भ हुआ।

तत्कालीन जिला कलक्टर करणीसिंह राठौड़ ने व्यक्तिगत रूचि लेकर यह पहल की। इस अवसर पर प्रकाशित स्मारिका के करणीसिंह राठौड़ प्रमुख सम्पादक थे। तत्कालीन जिला सूचना अधिकारी फरीद खान इसके सम्पादक थे। इस क्षेत्र के प्रमुख साहित्यकार व म्यूनिसिपेलिटी में कार्यरत मोहन आलोक ने इसमें सहयोगी सम्पादक की भूमिका निभाई। तत्कालीन एसडीएम इन्द्र सिंह राव सहयोग दाता थे। इसके प्रकाशक श्रीगंगानगर स्थापना महोत्सव, 94 समिति श्रीगंगानगर और मुद्रक जनसेवी प्रिंटर्स बीकानेर थे। इसका प्रकाशन 26 अक्टूबर 1994 को हुआ और इसमें फोटो के रूप में सहयोग देने का काम अमृत स्टूडियो गंगानगर व चंडी स्टूडियो हनुमानगढ़ का रहा। इस स्मारिका में इस क्षेत्र के तत्कालीन राज्य मंत्री डॉ. राम प्रताप, उपमंत्री स. गुरजंट सिंह, सांसद मनफूल सिंह भादू, मुख्यमंत्री प्रेस सलाहकार के. एल. कोचर, एम.के. देवराजन, उप महानिरीक्षक पुलिस बीकानेर रेंज के शुभ कामना सन्देश भी प्रकाशित हुए। चित्रों सहित इस स्मारिका में करीब एक सौ पृष्ठ हैं।


स्मारिका में इस क्षेत्र के प्रमुख प्रशासक, अधिकारियों, लेखकों, साहित्यकारों, शिक्षाविदों, डॉक्टरों, वकीलों द्वारा विभिन्न महत्त्वपूर्ण आलेखों का समावेश भी है। तत्कालीन जिलाधीश करणी सिंह राठौड़ ने अपने लेख 'महाराजा गंगासिंह : व्यक्तित्व और कृतित्व' में प्रथम विश्व युद्ध के बाद पेरिस में जो सम्मेलन हुआ उसमें भारत के राजाओं का प्रतिनिधित्व करते हुए 1924 देशी नरेशों (राजाओं) का प्रतिनिधित्व किया। तब इस बहादुर महाराजा ने स्वतंत्र भारत का रक्षा मंत्री बनने के अपने सपने का जिक्र किया था। उनकी प्रजातांत्रिक सोच का परिचय महाराजा गंगासिंह के इस कथन से मिलता है 'मैं अपनी रोटी कमा रहा हूं-दस लाख का नौकर हूं।' ऐसे ही उनके कृत्य व विचार अनुकरणीय हैं जिसे कलेक्टर करणी सिंह राठौड़ ने सुन्दर भाषा में पिरोया है।

स्मारिका के सम्पादकीय में संक्षिप्त इतिहास के साथ इस स्मारिका के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला गया है। विद्वान डॉ. ब्रह्मानंद शर्मा ने 'गंगोदय' कविता के माध्यम से इस धरती का गुणगान किया है। संस्कृत विद्वान पं. रामचन्द्र शास्त्री (संगरिया) ने 'राजन्वती भूस्त्वया' के शीर्षक से संस्कृत की अपनी रचना में इस क्षेत्र की प्रकृति का गुणगान किया है। रघुवीर शरण चतुर्वेदी 'दादा' की लोकभाषा कविता 'आपणले सैर' की कविता में इस क्षेत्र की ग्रामीण परिवेश, परिधान व त्योहारों का बखान किया गया है। इस क्षेत्र की प्राचीन संस्कृति व इतिहास के ज्ञाता व विद्वान रामचन्द्र जैन ने अपने अंग्रेजी में लिखे लेख 'प्री-हिस्टोरिक गंगानगर' में इस क्षेत्र के प्राचीन अवशेषों व गौरव का गुणगान किया। गंगानगर के तत्कालीन उप जिला कलक्टर इंद्र सिंह राव ने 'रियासतकालीन राजस्व एवं सिविल न्याय व्यवस्था' का खांचा खींचकर तत्कालीन न्याय व कानूनी व्यवस्था की चर्चा की है। गंगानगर के तत्कालीन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीगंगानगर हरिराम मीणा ने अपने लेख 'श्रीगंगानगर पुलिस प्रशासन : तब और अब' में पुलिस ढांचे व कार्यप्रणाली का परिचय दिया है। राजनीति विज्ञान के व्याख्याता डॉ. विद्यासागर शर्मा ने 'रामनगर नवरूप लिए बन गंगानगर सुहाया' कविता नगर की प्रगति का विवरण पेश किया है। गंगानगर के प्रमुख चिकित्सक और साहित्यिक प्रवृत्ति के डॉ. एल.डी. भारद्वाज ने राजस्थानी भाषा में लिखे अपने लेख 'धन गंग, गंगा और गंगाणे नै' रचना के माध्यम से अपनी मायड़ भाषा में इस क्षेत्र की लोक संस्कृति को उजागर किया है।

भूगोल के व्याख्याता डॉ. हरिमोहन सक्सेना ने 'श्रीगंगानगर की विकास परिक्रमा' रचना के माध्यम से इस क्षेत्र की चार सोपानों में चर्चा करके समझाया है। वाणिज्य विशय के व्याख्याता डॉ. ओ.पी. गुप्ता ने 'हम सदा ऋणी रहेंगे' लेख के माध्यम से गंगनगर निर्माण में योगदान देने वाले व्यक्तियों की चर्चा तथ्यों सहित कर उने योगदान की याद ताजा की है। इस क्षेत्र के प्रमुख लेखक मोहन आलोक ने 'गंगानगर क्षेत्र का साहित्यिक धरातल' के माध्यम से प्राचीन व आधुनिक साहित्य लेखन व साहित्यकारों की चर्चा की है। **(क्रमशः)**



*यह तस्वीर 26 अक्टूबर 1927 की है, जिसमें शिवपुर हैड पर पहली बार पानी पहुंचने पर महाराजा गंगासिंह द्वारा भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया।*






डॉ. श्रीधर शर्मा
मो. 94140-89289

# गुरु रामदास : करुणा, सेवा और समर्पण के प्रतीक

सिख पंथ के दस गुरुओं में चौथे गुरु, श्री गुरु रामदास जी महाराज का जीवन करुणा, विनम्रता और निस्वार्थ सेवा का अनुपम उदाहरण है। उनका जन्म 24 सितंबर 1534 को लाहौर की चूना मंडी में हुआ था। उनका बचपन का नाम भाई जेठा जी था। पिता बाबा हरि दास जी सोढ़ी और माता दया कौर (अनूप देवी) थीं। बचपन में ही उन्हें कठिन परिस्थितियों का सामना करना पड़ा। मात्र सात वर्ष की आयु में माता-पिता के निधन के बाद उनकी नानी उन्हें बासरके गांव ले गईं। वहां उन्होंने उबले हुए चने बेचकर अपना जीवन यापन किया। कठिनाइयों के बावजूद उनमें सेवा, धैर्य और आध्यात्मिक समर्पण की भावना बनी रही।



### अमृतसर की स्थापना

गुरु रामदास जी का विवाह तीसरे सिख गुरु, गुरु अमरदास जी की पुत्री बीबी भानी जी से हुआ। उनके तीन पुत्र हुए–पृथ्वी चंद, महादेव और गुरु अर्जन देव जी। गुरु अमरदास जी के मार्गदर्शन में उन्होंने सिख सिद्धांतों को आगे बढ़ाया। 1 सितंबर 1574 को वे सिख धर्म के चौथे गुरु बने। गुरु पद संभालने के बाद उन्होंने सिख समुदाय के विस्तार और सेवा कार्यों को नई दिशा दी। वर्ष 1577 में उन्होंने 'रामदासपुर' नामक नगर की नींव रखी, जो आगे चलकर श्री अमृतसर के नाम से प्रसिद्ध हुआ।

### परंपराओं का विस्तार

गुरु रामदास जी ने अमृत सरोवर और संतोषसर सरोवर की खुदाई का कार्य शुरू करवाया, जो बाद में श्री हरमंदिर साहिब (स्वर्ण मंदिर) परिसर का आधार बने। उनकी दूरदृष्टि ने अमृतसर को सिख धर्म के प्रमुख आध्यात्मिक केंद्र के रूप में स्थापित किया। उन्होंने सिख समाज में आनंद कारज विवाह परंपरा को प्रारंभ किया। चार लावों की रचना के माध्यम से उन्होंने विवाह को आध्यात्मिक बंधन का स्वरूप दिया। इसके अलावा उन्होंने लंगर प्रथा को मजबूत किया और मसंद प्रणाली की शुरूआत कर सिख धर्म के प्रचार-प्रसार को संगठित रूप दिया।

### योगदान और विरासत

गुरु रामदास जी ने 30 रागों में कुल 638 शब्दों और श्लोकों की रचना की, जो पवित्र श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी में संकलित हैं। उनकी वाणी मानवता, विनम्रता और प्रभु भक्ति का संदेश देती है। 1 सितंबर 1581 को गोइंदवाल साहिब में गुरु रामदास जी ज्योति जोत समा गए। उन्होंने अपने छोटे पुत्र गुरु अर्जुन देव जी को पांचवें सिख गुरु के रूप में उत्तराधिकारी घोषित किया। गुरु रामदास जी की शिक्षाएं आज भी सेवा, समानता और मानव कल्याण का मार्ग दिखाती हैं।

**– डॉ. रणवीर सिंह श्रीकरणपुर**

## गंगनहर का वरीयताक्रम

**27 अक्टूबर 2026, मंगलवार [सम्भावित]**



| पेयजल व छीजत 250 | | खुलने का समय | बंद होने का समय |
|---|---|---|---|
| जीजी | 451 (6) | 22 अक्टूबर प्रातः 3 बजे | 29 अक्टूबर सायं 6 बजे |
| हिरणांवाली | 473 (6) | 22 अक्टूबर दोपहर 12 बजे | 29 अक्टूबर रात्रि 9 बजे |
| नेतेवाला | 494 (6) | 22 अक्टूबर दोपहर 12 बजे | 29 अक्टूबर रात्रि 9 बजे |
| एमएल | 554 (5) | 23 अक्टूबर दोपहर 12 बजे | 30 अक्टूबर रात्रि 9 बजे |
| एमएलए | 595 (5) | 23 अक्टूबर दोपहर 12 बजे | 30 अक्टूबर रात्रि 9 बजे |
| करणीजी | 925 (4) | 24 अक्टूबर दोपहर 12 बजे | 01 नवम्बर प्रातः 6 बजे |
| एफ | 1428 | | |
| केके | 1441 | | |
| एलएनपी | 1718 | | |
| ईईए | 1778 | | |
| बीबी | 1976 | | |
| फार्म | 2037 | | 26 अक्टूबर रात्रि 12 बजे |
| रिडमलसर | 2048 | | 26 अक्टूबर रात्रि 9 बजे |
| एचएच | 2083 | | 26 अक्टूबर रात्रि 9 बजे |
| आरबी | 2353 | | 26 अक्टूबर सायं 3 बजे |
| समेजा | 2555 | | 24 अक्टूबर दोपहर 12 बजे |
| पीएस | 2715 | | 22 अक्टूबर रात्रि 9 बजे |
| बीआईएफ+जे | 2756 | | 22 अक्टूबर प्रातः 6 बजे |
| डी-भागसर | 2774 | | 22 अक्टूबर प्रातः 6 बजे |
| जैड | 2929 | | 22 अक्टूबर प्रातः 3 बजे |
| वाई | 2960 | | 22 अक्टूबर प्रातः 3 बजे |
| एच | 3267 | | 21 अक्टूबर रात्रि 9 बजे |
| एमके | 3365 | | 21 अक्टूबर प्रातः 9 बजे |

**नोट : गंगनहर में सोमवार सायं 6 बजे तक पानी की मात्रा 1509 क्यूसेक।**

# श्रीगंगानगर-हनुमानगढ़ जिले की मंडियों के भाव

### श्रीगंगानगर जिला

**श्रीगंगानगर :** सरसों 8876-7000 (आ. 475 क्विं.), मूंग 8285-7200 (आ. 1278 क्विं.), ग्वार 7755-6700 (आ. 89 क्विं.), नरमा 9091-8625 (आ. 2512 क्विं.), गेहूं 2881-2731 (आ. 112 क्विं.), कपास 8850-8801 (आ. 75 क्विं.), बाजरा 2660-2536 (आ. 54 क्विं.), चना 6780 (आ. 50 क्विं.), अरण्डी 8200 (आ. 16 क्विं.), **अनूपगढ़ :** नरमा 9061-8900, मूंग 8551-7000, धान 4600-3651, सरसों 8442-8238, बाजरा 2761-2400, ग्वार 8111-7600, गेहूं 3000-2936, कपास 8771-8555, **घड़साना :** मूंग 8720-6100, नरमा 9045-8750, सरसों 8628-7989, ग्वार 7370, **श्रीविजयनगर :** मूंग 8365-7883, नरमा 8958-8898, ग्वार 7752-7601, सरसों 8200-7987, धान 4643-4141, बाजरी 2670-2600, गेहूं 2811, पीली सरसों 8931-8801, **जैतसर :** सरसों 8451-8222, मूंग 8540-7800, ग्वार 8292-7701, बाजरी 2680-2629, नरमा 9050-8740, कपास 8901-8700, धान 4493-3925, **सबमंडी यार्ड रीको :** गेहूं 2890-2100, सरसों 8605-5500, पीली सरसों 8700-6200, ग्वार 7975-6500, मूंग 8300-5000, नरमा 9101-8000, बाजरी 2690-2000, **रायसिंहनगर :** ग्वार 7900-7500, सरसों 8470-8280, मूंग 8422-7600, नरमा 9006-8900, **गजसिंहपुर :** ग्वार 7651-7300, सरसों 8785-8430, चना 6300-6280, मूंग 8370-6700, बाजरा 2670-2600, नरमा 9051-8700, कपास 8400, **करणपुर :** नरमा 9322-9221, ग्वार 8011-7951, सरसों 8286-8232, मूंग 8182-8095,

### किरयाना

धनिया 17000-20000, हल्दी 22000-24000, जीरा 28000-30000, अजवाइन 20000-21000, सौंफ 12500-22000, मेथी 8500, खोपरा 1950, गट गोला 415 रु. प्रति किग्रा., नारियल सूखा 2900-3000, मिर्च एमपी 19000-23000, मिर्च जोधपुरी 25000-30000, मिर्च गंटूर 25000, मैदा (कट्टा 45 किग्रा.) 1480, आटा (45 किग्रा.) 1440, सूजी 1600, बेसन 9100-9200, चावल टुकड़ी 3500-4200, चावल डबल छनाई 4200-4500, चावल सेला 3800, चावल बासमती 6000-10000

### दाल-दलहन

मूंग धूली 10500, मूंग छिल्का 10000, उड़द धुली 12500-13000, उड़द साबुत 11400-12000, अरहर दाल 12000-13000, दाल मसूर 7800, दाल चना 8800, देशी चना 8200, सिंगल डालर चना 9000-9200, डबल डालर चना 10000-10300, काला चना 8500-9000.

### गुड़ चीनी

गुड़ लड्डू 5600, गुड़ पेड़ी 5400, गुड़ शिवलिंग 6300, गुड़ बर्फी 6000, चीनी महाराष्ट्र 5500-5600, चीनी एल 5850-5900।, चीनी एस 5600, चीनी गंगानगर 5700।

### तेल-तिलहन व घी

तेल सरसों (एक्सपेलर) 185-195 रु. प्रति लीटर, कच्ची घाणी 190-195 रु. प्रति लीटर, घी वनस्पति : 2350-2550रु. (15 कि.ग्रा. टिन), 580-650 रु. प्रति लीटर। घी सरस : 10500 रु. (15 कि.ग्रा. टिन) व प्रति लीटर 590 रु., पंजाब किंग : 11000रु. (15 कि.ग्रा. टिन) व 590 रु. प्रति किग्रा., अमूल : 690 रुपये प्रति लीटर, एवरीडे : 690 रु. प्रति लीटर। **(नोट : उपरोक्त में किरयाना, तेल-तिलहन, दाल-दलहन व गुड़ चीनी के सभी थोक भाव दिये गये हैं।)**

### हनुमानगढ़ जिला

**हनुमानगढ़ जं.:** कपास 8600, नरमा व्यापारी 8830, बाजरा 2565, ग्वार 7855, मूंग व्यापारी 7625, धान पीआर व्यापारी 2325, धान मुछल 4305, धान 1509-3835, **डबली राठान :** नरमा व्यापारी 8730, धान पीआर व्यापारी 2853, **हनुमानगढ़ टा. :** कपास 8755, नरमा व्यापारी 9060, बाजरा 2590, ग्वार 7722, चना व्यापारी 6500, मूंग व्यापारी 7920, धान पीआर व्यापारी 2360, धान पीआर व्यापारी 4733, धान 1509-3980, ऊन 8600, **रावतसर :** कपास 8350, नरमा व्यापारी 9000, गेहूं व्यापारी 2866, जौ 2999, बाजरा 2569, ग्वार 8100, मूंग व्यापारी 7700, मोठ 8647, सरसों व्यापारी 8320, मूंगफली व्यापारी 7791, **नोहर :** ग्वार 8100, चना व्यापारी 6985, मूंग व्यापारी 8100, मोठ 8330, सरसों व्यापारी 8371, अरण्डी 8560, मूंगफली व्यापारी 8150, **भादरा :** नरमा सरकारी 2900, सरसों व्यापारी 8830, **संगरिया :** नरमा व्यापारी 8821, गेहूं व्यापारी 2850, बाजरा 2530, ग्वार 7730, मूंग व्यापारी 7750, सरसों व्यापारी 8079, **गोलूवाला :** नरमा व्यापारी 9115, गेहूं व्यापारी 2691, जौ 2430, बाजरा 2546, ग्वार 8125, मूंग व्यापारी 8011, सरसों व्यापारी 8068, तिल 13300, **पीलीबंगा :** कपास 8730, नरमा व्यापारी 8900, बाजरा 8730, ग्वार 7951, मूंग व्यापारी 8000, सरसों व्यापारी 8160, धान पीआर व्यापारी 2200, धान 1509-4000, **टिब्बी:** धान 1509-3800

## इन्दिरा गांधी नहर

**इंदिरा गांधी नहर की आरडी 243 तक चल रही नहरों की स्थिति**

| | | | |
|---|---|---|---|
| मसीतांवाली | 7090 | साहवा | 451 |
| आरडी-496 | एनएम | अनूपगढ़ | निल |
| एनडी | निल | कंवरसैन | 540 |
| रावतसर | 55 | बिरधवाल हैड से नीचे | 5901 |
| सूरतगढ़ | निल | | |
| जोरावरपुरा | निल | | |
| खेतेवाली | निल | | |

**सोमवार सायं 6 बजे हरिके बैराज से इंदिरा गांधी नहर में ..... क्यूसेक पानी।**

**बांधों में जलस्तर, पानी की आवक व निकासी 26.10.2026 को सायं 6 बजे की स्थिति**

**भाखड़ा बांध में जलस्तर (भराव क्षमता 1680) : 1632.66**
पानी की आवक - 8559 क्यूसेक, निकासी- 8400 क्यूसेक।

**पौंग बांध में जलस्तर (भराव क्षमता 1390) : 1359.97**
पानी की आवक- 2847 क्यू., निकासी- 9002 क्यू., बीकानेर - 2040

**सार्दुल ब्रांच 785, करणीसिंह ब्रांच- 415, पानी की कुल मात्रा- 1200**

## भाखड़ा वरीयताक्रम

**20 अक्टूबर से 28 अक्टूबर तक रहेगा प्रभावी**

| | | | |
|---|---|---|---|
| भाखरांवाली | 50 | प्रतापपुरा | 1344 |
| करनीसिंह | 405 | हरिपुरा | 1357 |
| मम्मड़खेड़ा | 660 | दीनगढ़ | 1370 |
| जोड़कियां | 780 | सूरतपुरा | 1379 |
| सूरतगढ़ | 900 | मोडिया | 1539 |
| भगतपुरा | 938 | पीलीबंगा | 1774 |
| संगरिया | 944 | लोंगवाला | 1889 |
| नगराना | 952 | अमरपुरा | 1982 |
| लीलांवाली | 1200 | रोड़ांवाली | 1995 |
| रतनपुरा | 1211 | नवां-सतीपुरा | 2006 |
| नाथवाना | 1239 | मोरजण्डा | 2216 |

## शेयर बाजारों में तेजी, सेंसेक्स 483 अंक मजबूत

**मुंबई, (वार्ता)** घरेलू शेयर बाजारों में सोमवार को शुरूआती गिरावट के बाद तेजी रही और बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 482.92 अंक (0.66 प्रतिशत) चढ़कर 73,606.75 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 153.20 अंक यानी 0.68 प्रतिशत की बढ़त में 22,753.20 अंक पर पहुंच गया।

सेंसेक्स 134 अंक टूटकर 72,990.04 अंक पर खुला और कुछ ही देर में 600 अंक से अधिक की गिरावट में चला गया। हालांकि इसके बाद सूचकांक ने हरे निशान में वापसी की और कारोबार की समाप्ति तक 73,606.75 अंक तक चढ़ने के बाद उसी स्तर पर बंद हुआ।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चा तेल आज डेढ़ प्रतिशत टूटकर 115 डॉलर प्रति बैरल से नीचे उतर गया। साथ ही विदेशों में अधिकतर प्रमुख शेयर बाजार हरे निशान में रहे। इन दोनों कारकों से घरेलू शेयर बाजारों में निवेश धारणा मजबूत हुई।

सेक्टर आधारित सूचकांकों में मीडिया और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पादों को छोड़कर अन्य सभी समूहों में तेजी रही। निफ्टी मेटल सूचकांक 2.21 प्रतिशत ऊपर रहा।

## न्यूज इन ब्रीफ

### नौकरी के नाम पर साइबर ठगी

**अलवर।** प्राइवेट बैंक के डिप्टी मैनेजर से नौकरी का ऑफर देने के बहाने साइबर ठगी का मामला सामने आया है। शहर कोतवाली में दर्ज रिपोर्ट के अनुसार राहुल अग्रवाल के मोबाइल पर एपीके फाइल का लिंक भेजा गया। लिंक खोलते ही मोबाइल हैक हो गया और उनके क्रेडिट कार्ड से 1.25 लाख रुपये निकाल लिए गए। राशि कटने का मैसेज मिलने पर ठगी का पता चला। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पंजाब गुंडाराज की ओर बढ़ रहा: भाजपा

**नई दिल्ली।** भाजपा ने पंजाब की भगवंत मान सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि राज्य में कानून-व्यवस्था पूरी तरह बिगड़ चुकी है और पंजाब 'गुंडाराज' की ओर बढ़ रहा है। भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा कि हत्या, नशाखोरी और अपराध की घटनाएं बढ़ रही हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री मान से हालात संभालने में असमर्थ होने पर इस्तीफे की मांग की। भाटिया ने मोगा समेत हालिया गोलीबारी की घटनाओं का हवाला देते हुए सरकार को घेरा।

### परीक्षा की तैयारी कर रहे 2 छात्रों की मौत

**कोटा।** जेईई और नीट की तैयारी कर रहे दो छात्रों की मौत से छात्र सुरक्षा पर सवाल खड़े हो गए हैं। मध्य प्रदेश निवासी जेईई अभ्यर्थी अपने पीजी कमरे में फंदे से लटका मिला, जिसे पुलिस ने आत्महत्या बताया है। वहीं बिहार निवासी नीट छात्र हॉस्टल के बाथरूम में बेहोश मिला, जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। परिजनों ने हॉस्टल प्रबंधन पर लापरवाही के आरोप लगाए हैं।

### हत्या मामले में चार दोषियों को उम्रकैद

**चंदौसी।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अवधेश कुमार सिंह ने हत्या के मामले में 4 दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। जयनारायण, विजयपाल और कालीचरण को 1.10 लाख तथा जयपाल को एक लाख के जुर्माने से दंडित किया। मामला जुनावई क्षेत्र के लावर गांव में 28 अगस्त 2023 को हुई हत्या से जुड़ा है। रंजिश के चलते सो रहे प्रताप की गोली मारकर हत्या की गई थी।

### धर्म परिवर्तन करने का आरोप

**लुधियाना।** बाइक राइडिंग के दौरान हुई दोस्ती के बाद प्रेम विवाह करने वाली युवती ने ससुराल पक्ष पर धोखे से धर्म परिवर्तन कराने, दहेज मांगने और मारपीट के आरोप लगाए हैं। परिवार के अनुसार, दोनों ने 2 सितंबर को हिंदू रीति-रिवाज से शादी की थी। युवती का आरोप है कि ससुराल पहुंचने के बाद उस पर धर्म परिवर्तन का दबाव बनाया गया और बाद में दहेज के लिए प्रताड़ित कर घर से निकाल दिया गया।

### पति की हत्या की साजिश का आरोप

**गाजियाबाद।** वसुंधरा सेक्टर-1 में सरकारी कर्मचारी शशांक कंथोरिया पर चाकू से जानलेवा हमले का मामला सामने आया है। पुलिस ने उनकी पत्नी प्रिया शर्मा और उसके कथित प्रेमी प्रभात सिंह को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। आरोप है कि दोनों ने मिलकर हमले की योजना बनाई। पुलिस के अनुसार, प्रिया की प्रभात से जिम में मुलाकात हुई थी। मामले की जांच जारी है।

### भाइयों में खून-खराबा

**वाराणसी।** नगर पंचायत गंगापुर स्थित बलवंत नगर में सोमवार को पिता की पेंशन को लेकर दो भाइयों के बीच हुआ विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। एक भाई ने चाकू से हमला कर अपने छोटे भाई सहित परिवार के चार लोगों को गंभीर रूप से घायल कर दिया।

### हादसे में 3 बहनों सहित 5 की मौत

**शिकोहाबाद।** शरद पूर्णिमा पर रविवार रात टेसू-झांझी की विसर्जन यात्रा में मौत की रफ्तार से घुसी कार ने कोहराम मचा दिया। आधा दर्जन ग्रामीणों को कुचलती हुई कार तेजी से भागी। एक बालिका की मौके पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों ने घेराबंदी कर कार सवारों को पीट-पीटकर मरणासन्न कर दिया। हादसे में 3 बहनों समेत पांच लोगों की मौत हुई है, जबकि दस लोग घायल हैं। तनाव को देखते हुए पुलिस फोर्स तैनात है।

---

**आस्था** • सर्वार्थ सिद्धि, रवि पुष्य और त्रिपुष्कर योग में पूजा-पाठ व दान का विशेष महत्व, शुक्र उदय होने के साथ ही शुरू होंगे मांगलिक कार्य

# कार्तिक मास में बनेंगे कई शुभ योग, पुष्कर में पंच तीर्थ स्नान 20 से 24 नवम्बर तक

**अजमेर।** रवि योग के साथ कार्तिक मास का शुभारंभ हो चुका है। इस बार कार्तिक मास में 10 सर्वार्थ सिद्धि योग, दो त्रिपुष्कर योग, दो अमृत योग और एक रवि पुष्य योग का संयोग बन रहा है। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार इन शुभ योगों में तीर्थ स्नान, हवन, पूजन और दान करने से विशेष फल की प्राप्ति होती है। पुष्कर तीर्थ में पंच तीर्थ स्नान 20 से 24 नवंबर तक होगा। वहीं, 31 अक्टूबर से शुक्र उदय होने के साथ ही मांगलिक कार्यों की शुरूआत हो जाएगी।

**भगवान दामोदर को समर्पित है कार्तिक मास :** ज्योतिषाचार्य पंडित कैलाश नाथ दाधीच ने बताया कि सनातन परंपरा में कार्तिक मास को भगवान दामोदर का महीना माना जाता है। इस माह में तीर्थ स्नान, दीपदान, हवन, पूजन और दान का विशेष महत्व है। मान्यता है कि कार्तिक मास में पुष्कर तीर्थ में देवी-देवताओं का वास रहता है। पुष्कर सरोवर में स्नान के बाद ब्रह्मा, गायत्री और सावित्री के दर्शन करने से अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है।

**वर्षों बाद बन रहा शुभ संयोग :** पंडित दाधीच के अनुसार इस बार कार्तिक मास में कई दुर्लभ योग बन रहे हैं। सर्वार्थ सिद्धि योग 27, 28 अक्टूबर तथा 1, 7, 11, 15, 16, 20 व 22 नवंबर को रहेगा। वहीं 1 नवंबर को रवि पुष्य योग बनेगा, जिसे अत्यंत शुभ माना जाता है। इस दिन सूर्य और



गायत्री माता की पूजा विशेष फलदायी मानी गई है।

**व्रत और पूजन करती हैं महिलाएं:** कार्तिक मास में बड़ी संख्या में महिलाएं व्रत रखती हैं और सुबह स्नान कर भगवान विष्णु की पूजा करती हैं। पुष्कर में श्रद्धालु ब्रह्म सरोवर की परिक्रमा, दीपदान और पूजन करते हैं। धार्मिक मान्यता के अनुसार कार्तिक स्नान, दान और पूजा से जीवन में सुख-समृद्धि आती है और अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है।

**पुष्कर में पंच तीर्थ स्नान का विशेष महत्व :** कार्तिक शुक्ल एकादशी से पूर्णिमा तक पुष्कर स्नान का विशेष महत्व माना जाता है। इस बार पंच तीर्थ स्नान 20 से 24 नवंबर तक रहेगा। 20 नवंबर को सर्वार्थ सिद्धि और अमृत योग का संयोग रहेगा, जबकि 22 नवंबर को प्रदोष के दिन भी शुभ योग बन रहा है। 24 नवंबर को कार्तिक पूर्णिमा रहेगी।

**31 अक्टूबर से शुरू होंगे मांगलिक कार्य :** कार्तिक मास में दो त्रिपुष्कर योग भी बन रहे हैं। इन योगों में किए गए शुभ कार्यों का तीन गुना फल मिलने की मान्यता है। पहला योग 27 अक्टूबर को और दूसरा 31 अक्टूबर को रहेगा। पंडित दाधीच ने बताया कि 31 अक्टूबर को शुक्र उदय होने के बाद विवाह सहित अन्य मांगलिक कार्यों की शुरूआत होगी।

---

# विशाल जागरण के साथ चानणा धाम का ऐतिहासिक मेला सम्पन्न

**सीमा सन्देश # पदमपुर**

सिद्ध पीठ जय श्री हनुमान चानना धाम में रविवार रात लाखों श्रद्धालुओं ने श्री बालाजी दरबार में अखंड ज्योत के दर्शन कर धोक लगाई। 5 दिवसीय 56वें वार्षिक महोत्सव का समापन भव्य जागरण के साथ हुआ।

कार्यक्रम में महंत गोपी राम बगड़िया के सानिध्य में शास्त्री ऋषि प्रसाद ने वैदिक मंत्रोच्चारण से पूजा कराई। इसके बाद मुख्य अतिथि बजरंग लाल मित्तल, सत्य प्रकाश खेमका, नगर पालिका अध्यक्ष जितेंद्र नारंग, व्यापार मंडल अध्यक्ष बहादारचंद नारंग, हरजीत सिंह पाहवा, राजकुमार वाधवा, चिक्की वाधवा पदमपुर, मैनाराम गोदारा बीझवायला व हरीश शर्मा रिड़मलसर ने गणेश वंदना से जागरण का शुभारंभ किया।

संतोष व्यास एंड पार्टी



(रींगस), कमल आर्ट ग्रुप (अबोहर), हर्ष अग्रवाल (केसरीसिंहपुर) व दास संस्कृत मंडल ने भजनों की प्रस्तुतियां दीं।

समिति अध्यक्ष राकेश गोयल, मेला प्रभारी पूर्ण सिंह चौहान, विक्रमजीत वर्मा, प्रवीण कुमार बगड़िया, महावीर अरोड़ा, प्रभाती लाल मित्तल, अमर चंद भादू, सुधीर बगड़िया, राजेश कुमार बंसल, चरणजीत सोनी, कृष्ण जालंधरा व कश्मीर सिंह निर्वाण ने अतिथियों का स्वागत किया। दरबार सज्जा हेतु पेंटर बालकिशन थालकला व पवन कुमार गोयल (दिल्ली) को सम्मानित किया गया। संचालन दीपक नायक ने किया।

यातायात व खस्ताहाल सड़कों से परेशानी: पदमपुर डीडी हैड मार्ग पर गड्ढों और जलभराव के चलते श्रद्धालुओं को भारी परेशानी हुई; 10 मिनट का सफर 3 घंटे में तय हुआ। श्री-व्हीलर्स द्वारा 50-50 किराया वसूलने की भी शिकायत रही।

---

## स्कूल में छात्र पर ब्लेड से हमला, जांच शुरू

**कोटा।** एक सरकारी स्कूल में दूसरी कक्षा के दो छात्रों के बीच झगड़े में एक बच्चे को ब्लेड से चोट लग गई। घटना पीरियड बदलने के दौरान हुई, जब शिक्षक कक्षा से जा चुके थे। बताया जा रहा है कि डस्टर रखने की बात को लेकर विवाद हुआ, जिसके बाद एक छात्र ने ब्लेड से हमला कर दिया।

## ई-चालान के नाम पर 4.40 लाख रुपए की साइबर ठगी

**जयपुर।** राजधानी में ई-चालान के नाम पर साइबर ठगी का मामला सामने आया है। खोराबीसल थाना क्षेत्र के नांगल जैसा बोहरा निवासी सुनील कुमार टेलर (51) के खाते से साइबर ठगों ने 4.40 लाख निकाल लिए। पीड़ित के मोबाइल पर 21 अक्टूबर को ट्रैफिक चालान भुगतान का मैसेज आया था, जिसमें एक लिंक भेजा गया था। जानकारी लेने के लिए लिंक खोलते ही ठगों ने बैंक डिटेल हासिल कर ली। पुलिस के अनुसार 23 अक्टूबर को ठगों ने बैंक खाते से 4.10 लाख और क्रेडिट कार्ड से 30 हजार निकाल लिए। साइबर विशेषज्ञों ने बताया कि ठग फर्जी लिंक, एपीके फाइल और नकली वेबसाइट के जरिए लोगों की निजी जानकारी चुरा रहे हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वाहन चालकों को ऐसे संदिग्ध संदेशों से सावधान रहने की अपील की गई है।

## युवक की चाकू मारकर हत्या

**झुंझुनू।** जिले के पिलानी में सतीश जाट नामक एक व्यक्ति ने उसकी पत्नी के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में रह रहे एक युवक राजेश कुमावत की चाकू मारकर हत्या कर दी। शोर होने पर मौके पर पहुंचे राजेश के परिजनों ने सतीश को पकड़ लिया। मारपीट में सतीश भी घायल हो गया।

## साइबर ठग गिरोहों पर बड़ी कार्रवाई

**मुरादाबाद।** पुलिस ने अंतरराज्यीय साइबर ठगी गिरोहों का खुलासा करते हुए कई आरोपितों को गिरफ्तार किया है। जांच में सामने आया कि अपराधी फर्जी बैंक खातों, मोबाइल एप और डिजिटल नेटवर्क के जरिए ठगी कर रहे थे। चार साल में करीब 10 करोड़ रुपये की साइबर ठगी के मामलों में पुलिस ने 3.89 करोड़ रुपये वापस कराए हैं। हालिया मामलों में पुलिस ने बैंक खातों, सीसीटीवी और मोबाइल डेटा से अपराधियों तक पहुंच बनाई।

## सड़क हादसे में तीन की मौत

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार भाटापारा जिले में एक बस खड़े ट्रक से टकरा गई। हादसे में 3 लोगों की मौत हो गई जबकि कम से कम 8 लोग घायल हो गए हैं।

---

## कांग्रेस के कई उम्मीदवारों ने नामांकन उठाये



**सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर।** सांसद कुलदीप इंदौरा, कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष एवं श्रीकरणपुर विधायक रूबी कुन्नर के प्रयासों से कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारियों को जिला परिषद में मौका नहीं मिल पाया था, उनके फार्म आज अंतिम दिन वापस उठवाए गए। जोन 33 से कांग्रेसी नेता रामदेव ढाका और अरुण सहारण ने तथा जोन 35 से यूथ कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष करण सहारण ने अपने फार्म उठाए। जोन नंबर 33 से रामदेव ढाका ने कांग्रेस प्रत्याशी राहुल सहारण पुत्र विनोद सहारण को समर्थन दिया और कहा कि वे कांग्रेस पार्टी के जिले के सभी प्रत्याशियों के साथ हैं और सदैव मदद को तैयार रहेंगे। इस अवसर पर जोन नंबर 33 कांग्रेस प्रत्याशी राहुल सहारण, जोन नंबर 34 प्रत्याशी पति दुलीचंद गोदारा, जोन नंबर 38 प्रत्याशी मंगल सिंह, पर्यावरण प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष सुशील भादू , बाबूलाल डूडी, करण सोमानी, राहुल स्वामी, पूर्व सरपंच छमिंदर सिंह, पूर्व सरपंच मदनलाल , पूर्व सरपंच सुभाष बिश्नोई, विशु भोबिया, संदीप भूंवाल, रामकुमार सहारण , पूर्व सरपंच वीरेंद्र सिंह, मंगतराम जैसल, रमेश लोठिया, लक्ष्मणराम सहित सभी साथियों ने एकजुट दिखाई।

## पॉलिथीन मुक्त अभियान में जनभागीदारी का आह्वान



**सीमा सन्देश # पदमपुर।** जिला उप कलेक्टर राजेंद्र कुमार और नगर पालिका अध्यक्ष जितेंद्र नारंग ने कहा कि पॉलीथीन मुक्त एवं स्वच्छता अभियान में जन-जन की भागीदारी से ही सकारात्मक परिणाम सामने आएंगे। वे राजकीय चिकित्सालय में इनर व्हील क्लब की ओर से मरीजों को निशुल्क दवाइयां वितरित करने के लिए कपड़े के कैरी बैग उपलब्ध करवाने के कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे। अतिथियों ने कहा कि पॉलीथीन के अत्यधिक उपयोग से पर्यावरण को नुकसान पहुंच रहा है और मानव स्वास्थ्य के साथ पशुओं पर भी इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। प्रत्येक नागरिक को पॉलीथीन का उपयोग कम करने और स्वच्छता अभियान में अपनी जिम्मेदारी निभाने के लिए आगे आना होगा। कार्यक्रम में तहसीलदार सूर्यदेव स्वामी, वाइस चेयरमैन परविंदर सिंह संधू, एसपीएन कॉलेज संस्थापक डॉ. मनीष परनामी, बीसीएमओ डॉ. मित्तल, चिकित्सालय प्रभारी डॉ. दिनेश भारद्वाज, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी विमल परिहार, प्राचार्य नीलम त्रिपाठी, प्राचार्य पुष्पा पांडे, भाजपा मंडल अध्यक्ष अंशु बिलंदी, गोकर्ण गर्ग, सुभाष सेतिया, अमित बलाना, कमल चावला, सुखदेव सिंह और थाना प्रभारी सुमन जयपाल मौजूद रहे। इनर व्हील क्लब अध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. नीना चावला और सचिव मुस्कान परनामी के नेतृत्व में कमलेश अरोड़ा, डॉ. सविता टाक, शिवानी गर्ग, मंजू मित्तल, मंजू बलाना, पाल भुल्लर, पूजा अंगी, नेहा सोनी, ज्योति मिगलानी, पारुल सेतिया, पूजा सोनी, रेणु धमीजा, शिखा अंगी और स्वर्णलता बलाना ने अतिथियों व सहयोगियों का स्वागत किया। डॉ. नीना चावला ने कहा कि पॉलीथीन का बढ़ता उपयोग पर्यावरण संरक्षण के लिए गंभीर चुनौती है।

---

**कार्यालय नगरपालिका मण्डल, नोहर जिला हनुमानगढ़ (राज.)**
क्रमांक :-नपानो / 2026-27 / 5047 दिनांक :- 26/10/26
**सार्वजनिक आपत्ति सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी श्री लियाकत अली टाक पुत्र श्री गन्नी खां टाक जाति टाक निवासी नोहर ने इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि श्री अमित अली टाक पुत्र श्री लियाकत अली टाक जाति टाक का दिनांक 29.12.2022 को मृत्यु हो गई थी। जिनके नाम से चक देईदासपुरा के खसरा संख्या 148/1, 2, 3 व 152 की कुल भूमि 7.980 है. व चक सरदारपुरा के खसरा संख्या 94, 95 व 106/352 की कुल भूमि 7.5900 है। कुल भूमि 15.57 है. यानि 155700 वर्गमीटर भूमि में हिस्सेदारी थी जो पूर्व में श्रीमान प्राधिकृत अधिकारी नोहर के पत्र क्रमांक 2777 दिनांक 02.12.2015 के द्वारा 90% कार्यवाही पूर्ण की जा चुकी है। जिनकी मृत्यु के पश्चात श्रीमती रजिया टाक पत्नी श्री स्व. अमित अली टाक व श्री आदित्य टाक पुत्र श्री स्व. अमित अली टाक जायज वारिस है। अतः उक्त जायज वारिसों के विरुद्ध किसी को कोई आपत्ति हो तो समाचार पत्र में प्रकाशन की तिथि से सात दिवस के अन्दर अपनी आपत्ति इस कार्यालय में पेश कर सकता है। अन्यथा मियाद अग्रीम कार्यवाही कर दी जायेगी। सूचित रहें।
**अधिशासी अधिकारी नगरपालिका नोहर**

**कार्यालय नगरपालिका रायसिंहनगर जिला श्रीगंगानगर (राज.)**
क्रमांक :- राजस्व/2954 दिनांक- 26-10-2026
**आपत्ति सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती विमला पत्नी श्री मंगतराम जाति नायक निवासी वार्ड नं. 24 रायसिंहनगर ने आनलाईन आवेदन के साथ मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र व नोटरी से प्रमाणित वसीयतनामा दिनांक 17.01.1990 की प्रति प्रस्तुत कर आवासीय भूखण्ड सर्वे सं. 13/791 साईज 19 इन्टू 44 फुट का नामान्तरण दर्ज करने हेतु निवेदन किया है। पालिका रिकॉर्ड अनुसार उक्त भूखण्ड श्री किशनाराम पुत्र श्री उतमाराम के नाम से दर्ज है। प्रस्तुत मृत्यु प्रमाण पत्र अनुसार श्री किशनाराम पुत्र उतमाराम की मृत्यु दिनांक 15.05.1991 को हुई। प्रस्तुत अपंजीकृत वसीयतनामा दिनांक 17.07.1990 अनुसार श्री किशनाराम ने उक्त भूखण्ड साईज 19' इन्टू 44' फुट की वसीयत अपने जीवनकाल में अपनी पुत्रवधु श्रीमती विमला पत्नी श्री मंगतराम के हक में की गयी। उपरोक्तानुसार वसीयत के आधार पर नामान्तरण दर्ज करने पर यदि किसी भी व्यक्ति को आपति / ऐतराज हो तो नगरपालिका की ई-मेल आई.डी. nagarpalikarsnr@gmail.com अथवा लिखित में अपनी आपति/ऐतराज मय सबूत/ दस्तावेज 07 दिवस में अद्योहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद गुजरने मियाद आपति मान्य नहीं होगी। सूचित रहें।
**- अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका रायसिंहनगर**

**कार्यालय नगरपरिषद, श्रीगंगानगर**
क्रमांक :-24234701 दिनांक :-
**आपत्ति सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित एवं प्रकाशित किया जाता है कि प्रार्थी श्रीमती गुरमीत कौर पत्नी श्री गुरनाम सिंह ने आवेदन पत्र, शपथ पत्र, व अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर आवासीय भूखण्ड संख्या 40 साईज 54 गुणा 70 फीट वाके थर्ड ब्लॉक, पुरानी आबादी श्रीगंगानगर में से निस्फ हिस्सा दक्षिणी 54 गुणा 35 फीट पूर्व दिशा की तरफ खुलता हुआ अपने नाम से परिषद रिकार्ड में दर्ज कर नामांतरण करवाने हेतु निवेदन किया है। 203097 29.07.2026 यह कि प्रसनगत भूखण्ड प्रस्तुत दस्तावेजों के अनुसार भूखण्ड संख्या 40 थर्ड ब्लॉक श्रीगंगानगर साईज 210 स्क्वेयरयार्ड का नामांतरण परिषद द्वारा ऑनलाईन क्रमांक 175338 दिनांक 25.06.2026 को श्री कलविन्द सिंह पुत्र श्री कपूर सिंह व कलविन्द सिंह पुत्र श्री बलविन्द सिंह के नाम से जारीशुदा है। श्रीमती कलविन्दर कौर पत्नी श्री कलविन्द सिंह ने आवासीय भूखण्ड संख्या 40 साईज 54 गुणा 70 फीट वाके थर्ड ब्लॉक, पुरानी आबादी श्रीगंगानगर में से निस्फ हिस्सा दक्षिणी 54 गुणा 35 फीट में से साईज 17 फीट 6 इंच गुणा 54 फीट का मुख्तयारनामा अपने पति श्री कलविन्द सिंह पुत्र श्री कपूर सिंह को नियुक्त कर दिया। मुख्तयार नामा आप पंजीकृत है। बाहैसियत मुख्तयारनामा आम श्री कलविन्द सिंह पुत्र श्री कपूर सिंह ने जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 20.07.2026 द्वारा आवासीय भूखण्ड संख्या 40 साईज 54 गुणा 70 फीट वाके थर्ड ब्लॉक, पुरानी आबादी श्रीगंगानगर में से निस्फ हिस्सा दक्षिणी 54 गुणा 35 फीट पूर्व दिशा की तरफ खुलता हुआ श्रीमती गुरमीत कौर पत्नी श्री गुरनाम सिंह को विक्रय कर दिया। उपरोक्तानुसार नामांतरण चाहा है। नगरपरिषद जारी करने से पूर्व यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह आपत्ति सूचना के प्रकाशन से 7 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति मय समस्त दस्तावेज इस कार्यालय में प्रस्तुत कर देवें अन्यथा समयावधि बीत जाने के बाद नामांतरण जारी करने की कार्यवाही नगर परिषद द्वारा अमल में लाई जावेगी। इसके पश्चात् कोई उज्र मान्य नहीं होगा। **आयुक्त नगरपरिषद, श्रीगंगानगर**

**कार्यालय नगरपालिका पदमपुर जिला श्रीगंगानगर (राज.)**
क्रमांक :- 25178433 दिनांक- 23-10-2026
**आम सूचना**
सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि इन्दिरा कॉलोनी में आवसीय भूखण्ड संख्या 281 साईज 10'x50' पदमपुर में श्री हरपाल सिंह पुत्र श्री अतर सिंह जाति ओठ सिख निवासी पदमपुर तहसील पदमपुर जिला श्रीगंगानगर (राज.) के नाम गलतफहमी रिकॉर्ड में दर्ज शुदा है। श्रीमती सुरजीत कौर पत्नी श्री हरपाल सिंह व समजीत पुत्री श्री हरपाल सिंह निवासी पदमपुर तहसील पदमपुर जिला श्रीगंगानगर (राज.) द्वारा इस कार्यालय में अंतिहति आवेदन पत्र क्रमांक LSG/PADAMPUR/MUT/2025-26/197542 प्रस्तुत कर इन्दिरा कॉलोनी में आवसीय भूखण्ड संख्या 281 साईज 10'x50' पदमपुर को अपने नाम से नामान्तरित करवाना चाहा है। मुतबिक नगरपालिका रिकार्ड के उक्त भूखण्ड श्री हरपाल सिंह पुत्र श्री अतर सिंह जाति ओठसिख निवासी पदमपुर तहसील पदमपुर जिला श्रीगंगानगर (राज.) के नाम दर्ज शुदा है। श्री हरपाल सिंह पुत्र श्री अतर सिंह जाति ओठसिख निवासी पदमपुर तहसील पदमपुर जिला श्रीगंगानगर (राज.) की मृत्यु प्रमाण पत्र अनुसार दिनांक 04.10.2025 को होने के उपरान्त वारिसान जो निम्नलिखित है- 1. श्रीमति सुरजीत कौर पत्नी श्री हरपाल सिंह, 2. श्री समजीत पुत्री श्री हरपाल सिंह। निम्नांकित प्रार्थीगण द्वारा उक्त भूखण्ड का विरासतन इन्तकाल अपने-अपने नाम से करवाना चाहा है जिसमे उन्होंने अनिहति आवेदन पत्र क्रमांक LSG/PADAMPUR/MUT/2025-26/197542 प्रार्थना-पत्र, वारिसान संबंधित श्रीमति सुरजीत कौर का स्वर्ग का शपथ पत्र दिनांक 19.06.2026, श्री हरपाल सिंह पुत्र श्री अतर सिंह का मृत्यु प्रमाण पत्र दिनांक 04.10.2025, श्रीमान अध्यक्ष महोदय नगर पालिका पदमपुर द्वारा प्रमाणित वारिस प्रमाण पत्र क्रमांक 157 दिनांक 18.06.2026, आधार कार्ड नक्शे की फोटो प्रति इत्यादि प्रस्तुत कर प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर उक्त भूखण्ड का विरासतन इन्तकाल अपने नाम से करवाना चाहा है। अतः इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति/हितग्रह, संस्था, ब्रान्चदारी संस्था आदि को कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर-2 मय दस्तावेज लिखित में आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि के पश्चात आपत्ति मान्य नहीं होगी। अतः विरासतन इन्तकाल की अगली कार्यवाही कर दी जावेगी। **- अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका, पदमपुर**

**वाद पत्रों के स्थिरीकरण के लिये सम्मन**
(आदेश 3 नियम 1 और जाब्ता दीवानी परिशिष्ट (ख) संख्या (2)
अज ब अदालत वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश, घड़साना ब इजलास श्री विनोद कुमार (आरजेएस) वाद पत्र बावत घोषणात्मक कि न्यायालय अपर जिला न्यायाधीश अनूपगढ़ द्वारा पारित निर्णय एवं डिक्री दिनांक 08.08.2001, वाद संख्या 69/1999, अनवानी जीसुखराम बनाम स्वणादेवी वगैरा, वादी के अधिकारों पर प्रभावहीन व प्रभावशून्य या बेअसर घोषित किये जाने व स्थाई निषेज्ञा बावत, वर बिनाय साक्ष्य हर किस्म व ब्यादेश हेतु दावा संख्या: 14/2026 अनवानी प्रकरण तिलकराज बनाम ब्योकरी वगैरह बनाम 1.ब्योकरी पजी रामप्रताप पुत्री जीसुखराम निवासी वार्ड नं. 23, रावसिंहनगर, तहसील रायसिंहनगर, जिला श्रीगंगानगर राज.2.कृष्णा पुत्री जीसुखराम निवासी 4 के.के., तहसील पदमपुर, जिला श्रीगंगानगर राज.3.गोमेवरी पुत्री जीसुखराम निवासी 4 के.के., तहसील पदमपुर, जिला श्रीगंगानगर राज.4.विद्या पुत्री जीसुखराम निवासी 4 के.के., तहसील पदमपुर, जिला श्रीगंगानगर राज.5.सुलाना पुत्र जीसुखराम निवासी 4 के.के., तहसील पदमपुर, जिला श्रीगंगानगर राज.6. मनोहरी पुत्री जीसुखराम निवासी 4 के.के., तहसील पदमपुर, जिला श्रीगंगानगर राज. 7. रज्जी पुत्री जीसुखराम निवासी 4 के.के., तहसील पदमपुर, जिला श्रीगंगानगर राज.8.विमला पुत्री जीसुखराम निवासी 4 के.के., तहसील पदमपुर, जिला श्रीगंगानगर राज.9.सनरी पत्नी साहबराम पुत्र जीसुखराम निवासी 4 के.के., तहसील पदमपुर, जिला श्रीगंगानगर राज.10.चन्द्रप्रकाश पुत्र साहबराम पुत्र जीसुखराम निवासी 4 के.के., तहसील पदमपुर, जिला श्रीगंगानगर राज.11.चन्दपाल पुत्र साहबराम पुत्र जीसुखराम निवासी 4 के.के., तहसील पदमपुर, जिला श्रीगंगानगर राज.सुचिता पुत्री साहबराम पुत्र जीसुखराम निवासी 4 के.के., तहसील पदमपुर, जिला श्रीगंगानगर राज.। जो कि वादी के प्रतिवादीगण के विरुद्ध वाद पत्र बावत घोषणात्मक कि न्यायालय अपर जिला न्यायाधीश अनूपगढ़ द्वारा पारित निर्णय एवं डिक्री दिनांक 08.08.2001, वाद संख्या 69/1999, अनवानी जीसुखराम बनाम स्वणादेवी वगैरह, वादी के अधिकारों पर प्रभावहीन व प्रभावशून्य या बेअसर घोषित किये जाने व स्थाई निषेज्ञा बावत, वर बिनाय साक्ष्य हर किस्म व ब्यादेश हेतु सस्थित किया है, अतः आपको एतद्वारा सूचित किया जाता है कि आप स्वयं या ऐसे अधिकृत द्वारा जो कि स्वयं के रूपेण अनभिज्ञ है और वाद सम्बन्धी सब सावधान प्रश्नों के उत्तर देने में सम्पर्क है या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति जो ऐसे सब प्रश्नों के उत्तर देने में सक्षम है दिनांक 17.11.2026 को 10 ए.एम. बजे अदालत में दावे का उत्तर देने के लिए इस न्यायालय में उपस्थित हो और आपको यह निर्देश दिया जाता है कि उस दिन अपना पक्ष रखने हेतु लिखित कथन पक्षद्वय को और उस दिन सब दस्तावेजों को जो आपके कब्जे या शक्ति में हो पेश करो जिन पर आप अपनी प्रतिश्रुत या मुजरा या एतद्वारा निर्भर करते हों वहां आप अपनी प्रतिश्रुत मुजरा प्रतिदावा के समर्थन में साक्ष्य के रूप में ऐसी दस्तावेजों को लिखित कथन के साथ अगर वो जो चाहें वाली सूची में प्रविष्ट कर सकेंगे। आपको यह सूचना दी जाती है, कि पूर्ववर्ती दिवस की आपकी उपस्थिति में चूक होने पर बाद आपकी उपस्थिति में सुना जावेगा और अवधारित किया जावेगा। मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांक 26.10.26 को निकाला गया है।
मुद्रा **न्यायालय की आज्ञा से रीडर, वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, घड़साना, (जिला श्रीगंगानगर)**

**कार्यालय अध्यक्ष नगरपालिका रायसिंहनगर, जिला श्रीगंगानगर (राज.)**
क्रमांक:- 6-7 दिनांक:- 21.10.26
**आम सूचना/सार्वजनिक आपत्ति विज्ञप्ति**
सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि प्रार्थी **श्री कुन्दनलाल पुत्र श्री गंगाबिशन निवासी वार्ड सं. 19 नगरपालिका रायसिंहनगर** द्वारा इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत कर निवेदन किया गया है कि इनके परिवार के सदस्य स्वर्गीय श्रीमती गीता देवी का स्वर्गवास दिनांक 02/06/2025 को हो चुका है। प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र (मय वार्ड पार्षद अनुशंसा), शपथ पत्र एवं संलग्न पहचान दस्तावेजों के आधार पर मृतक के पश्चात निम्नलिखित सदस्यों को विधिक / पारिवारिक वारिसान दर्शाते हुए सदस्य प्रमाण पत्र जारी किए जाने की मांग की गई है :-

| क्र.सं. | सदस्य का नाम | मृतक से संबंध | आयु | आधार नंबर |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सन्तोष दिनोदिया | पुत्री | 50 वर्ष | 497005589452 |
| 2 | पूनम | पुत्री | 44 वर्ष | 668028961844 |
| 3 | निर्मल कुमार भाटी | पुत्र | 51 वर्ष | 758266219870 |
| 4 | जितेन्द्र कुमार | पुत्र | 44 वर्ष | 535023874034 |

अतः इस विज्ञप्ति के माध्यम से सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त आशय का सदस्य प्रमाण पत्र जारी किए जाने के संबंध में यदि किसी व्यक्ति / संस्था / उत्तराधिकारी को किसी भी प्रकार की आपत्ति / आक्षेप हो, तो वह अपनी लिखित आपत्ति मय ठोस साक्ष्य व प्रमाण इस विज्ञप्ति के समाचार पत्र में प्रकाशित होने की दिनांक से 15 (पंद्रह) दिवस के भीतर कार्यालय समय में कार्यालय अध्यक्ष, नगरपालिका रायसिंहनगर में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित 15 दिवस की समयावधि समाप्त होने के उपरांत किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा तथा प्रार्थी को नियमानुसार सदस्य प्रमाण पत्र जारी कर दिया जाएगा। **(मयंक कांत), अध्यक्ष नगरपालिका रायसिंहनगर**

प्रारूप 10(नियम 6(7) देखिए)
**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी (नगर पालिका) सादुलशहर, जिला श्रीग

## न्यूज इन ब्रीफ

### पूनम कड़ोल बनी स्वर्णकार महिला संघ अध्यक्ष

**सीमा सन्देश# रावतसर।** स्वर्णकार संघ समिति रावतसर के नेतृत्व में स्वर्णकार महिला संघ समिति का गठन किया गया। सर्वसम्मति से पूनम कड़ोल पुत्री वीरेंद्र कड़ोल ,पौत्री महेंद्र कड़ोल को अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस अवसर पर मिठाई बांटकर महिला प्रधान का राजस्थानी साफा पहनाकर स्वागत किया गया। महेन्द्र वीरेंद्र के निवास पर समाज की महिला सदस्यों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। पूनम कड़ोल ने धर्मशाला में शपथ लेकर जल्द ही अपनी कार्यकारिणी का विस्तार करने और धर्मशाला निर्माण में महिलाओं की भूमिका बढ़-चढ़कर व समाज के विकास में तन-मन-धन से योगदान देने का निर्णय लिया।



### धूमधाम से मनाया शरद पूर्णिमा का पर्व

**सीमा सन्देश # तलवाड़ा झील।** नारायण भारती मंदिर में शरद पूर्णिमा का पर्व धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर के पुजारी पालाराम ने बताया कि शरद पूर्णिमा के पावन पर्व पर विशेष रूप से खीर और चूरमा का प्रसाद तैयार किया गया। सुबह विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद हनुमान जी महाराज को भोग लगाया गया। तत्पश्चात, उपस्थित ग्रामीणों और श्रद्धालुओं में प्रसाद का वितरण किया गया। त्योहार को लेकर मंदिर परिसर में दिनभर श्रद्धालुओं की चहल-पहल रही और पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा।

### दो बेटियों ने क्रिकेट में लहराया परचम



**सीमा सन्देश # बरवाली।** गांव मुंसरी की रेखा और पूनम का क्रिकेट में स्टेट लेवल पर चयन हुआ है। दोनों खिलाड़ियों ने शानदार खेल प्रदर्शन कर यह उपलब्धि हासिल की। उनके चयन से गांव में खुशी का माहौल है। शारीरिक शिक्षक जाकिर हुसैन और कोच कपिल गोदारा ने बताया कि रेखा और पूनम ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया, जिसके चलते उनका चयन स्टेट लेवल के लिए हुआ है। दोनों खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर ग्रामीणों ने खुशी जताते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### 'एक देश, एक चुनाव' विषय पर 4 नवंबर को आयोजन

**हनुमानगढ़।** 18 से 25 वर्ष के युवाओं के लिए 4 नवंबर को 'विकसित भारत युवा संसद' आयोजित होगी, जिसका मुख्य विषय 'एक देश, एक चुनाव' रखा गया है। इसमें प्रतिभागी हिंदी, अंग्रेजी या क्षेत्रीय भाषा में 3 मिनट तक अपने विचार रख सकेंगे। प्रतियोगिता जिला, राज्य और राष्ट्रीय (संविधान सदन, नई दिल्ली) स्तर पर तीन चरणों में होगी। राष्ट्रीय स्तर के शीर्ष युवा 11-12 जनवरी 2027 को 'विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग' में भाग लेंगे। इच्छुक युवा माय भारत पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

### जागरूकता कार्यक्रम

**हनुमानगढ़।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालयों (संगम और डबरवाला खुंजा) में वायुसैनिक चयन केन्द्र जोधपुर के निर्देशन में वायुसेना भर्ती पर करियर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें लगभग 600 विद्यार्थियों को अग्निवीरवायु और अधिकारी पदों की चयन प्रक्रिया, शैक्षणिक योग्यता और परीक्षा पैटर्न की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि अग्निवीरवायु के लिए अधिकतम आयु सीमा 21 से बढ़ाकर 22 वर्ष कर दी गई है। 12वीं में 50% अंकों और अंग्रेजी में 50% अंक प्राप्त युवा इसके पात्र हैं। ठउउ प्रमाण पत्र धारकों को अतिरिक्त अंक मिलेंगे।

---

### मरीजों से फोन पर ली उपचार एवं दवाइयों की जानकारी, किया क्रॉस वैरिफिकेशन, नहीं मिला संतोषजनक जवाब

# हनुमानगढ़ : संगरिया के दो साइक्रेटिक क्लिनिक का औचक निरीक्षण किया

**सीमा सन्देश # हनुमानगढ़।** जिला कलक्टर डॉ. खुशाल यादव के निर्देशन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवनीत शर्मा ने सोमवार को संगरिया ब्लॉक के दो साइक्रेटिक क्लिनिक का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान श्री रूद्रा साइक्रेटिक क्लिनिक और न्यू आदर्श क्लिनिक में दवाइयों के स्टॉक, कार्यरत स्टाफ के सत्यापन सहित विभिन्न व्यवस्थाओं की जांच की गई। सीएमएचओ डॉ. नवनीत शर्मा ने बताया कि निरीक्षण के दौरान दोनों क्लिनिक में दवाइयों के स्टॉक का मिलान किया गया तथा कार्यरत स्टाफ की जानकारी का सत्यापन किया गया।



#### हाजिरी रजिस्टर के कॉलम मिले खाली

इसके अतिरिक्त, दोनों चिकित्सा संस्थानों से दवाइयां लेकर उपचार करवाने वाले मरीजों से फोन पर संपर्क कर उनके उपचार, उपलब्ध करवाई जा रही दवाइयों तथा नियमित रूप से दवाइयां लेने के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। दवाओं के संबंध में फोन पर मरीजों से जानकारी मांगी गई और मरीजों की ओर से ली गई दवाइयों का क्रॉस वैफिकेशन किया गया। जांच के दौरान दोनों संस्थानों के स्टाफ के हाजिरी रजिस्टर में उपस्थिति संबंधी कॉलम खाली पाए गए। इस संबंध में संस्थान संचालकों की ओर से कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया। अधिकारियों ने क्लिनिक में साफ-सफाई एवं अन्य व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया। उनके साथ डीईओ जसविन्द्र बराड़ भी मौजूद रहे।

#### अनियमितताओं पर कार्रवाई

सीएमएचओ डॉ. नवनीत शर्मा ने बताया कि निरीक्षण के दौरान सामने आई अनियमितताओं के संबंध में संबंधित चिकित्सा संस्थानों को नोटिस जारी कर संस्थान संचालकों से स्पष्टीकरण मांगा जाएगा। यदि जवाब संतोषजनक नहीं पाया जाता है, तो नियमानुसार विभागीय कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि चिकित्सा संस्थानों में व्यवस्थाओं की नियमित निगरानी की जाएगी, ताकि मरीजों को निर्धारित मानकों के अनुरूप उपचार एवं दवाइयां उपलब्ध हो सकें।

---

### कृषि विशेषज्ञों ने नवीन तकनीकों व नैनो उत्पादों के उपयोग की दी जानकारी

# केवीएसएस की वार्षिक आमसभा में किसानों की समस्याओं पर हुई चर्चा

**सीमा सन्देश # गोलूवाला।**

केवीएसएस की वार्षिक आमसभा का आयोजन समिति के गोदाम भवन में किया गया। इसकी अध्यक्षता समिति के चेयरमैन रजीराम गोदारा ने की। आमसभा में समिति के वार्षिक लेखा-जोखा, ऑडिट रिपोर्ट, कृषि की नवीनतम तकनीकों, उन्नत कृषि उत्पादों और किसानों से जुड़ी समस्याओं पर चर्चा की गई। समिति के मुख्य व्यवस्थापक इंद्रजीत बिश्नोई ने विगत वर्ष का लेखा-जोखा और ऑडिट रिपोर्ट प्रस्तुत की। समिति अध्यक्ष रजीराम गोदारा ने अध्यक्षीय उद्बोधन में समिति की विभिन्न गतिविधियों का वर्णन किया तथा सदस्यों का आभार व्यक्त किया। सहायक कृषि अधिकारी कृष्णलाल सहारण ने कृषि की नवीनतम तकनीकों की जानकारी देते हुए किसानों को आधुनिक तरीकों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। इफको एमसी के सपन कुमार ने नवीनतम कृषि उत्पादों के बारे में बताया। वहीं, कृभको के दयाराम ने कृभको के बीजों और मिट्टी परीक्षण के महत्व की जानकारी दी।



#### विभिन्न समस्याओं से सदन को अवगत करवाया

सूरांवाली जीएसएस अध्यक्ष अर्जुनराम खाती ने किसानों से संबंधित विभिन्न समस्याओं से सदन को अवगत करवाया। पूर्व चेयरमैन हरपाल सिंह ने किसानों से अधिकाधिक संख्या में संस्था से जुड़ने का आह्वान किया। पूर्व कृषि उपज मंडी अध्यक्ष ओमप्रकाश सिहाग ने कृषि कार्यों में नैनो उत्पादों का अधिकाधिक उपयोग करने का सुझाव दिया।

#### बैठक में यह रहे उपस्थित

आमसभा में समिति के उपाध्यक्ष रजीराम सिहाग, डायरेक्टर रामकुमार सिहाग, पूर्व मंडी समिति अध्यक्ष एवं इफको से रणवीर सिहाग, इफको एमसी से अनिल बिश्नोई व सपन कुमार, कृभको से दयाराम, गोलूवाला जीएसएस अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण गोदारा, कान्हेवाला जीएसएस अध्यक्ष राम ढाका, निवादान जीएसएस अध्यक्ष ओमप्रकाश माली, अयालकी जीएसएस अध्यक्ष जसकरण सिंह, सूरांवाली जीएसएस अध्यक्ष अर्जुनराम खाती, गौशाला अध्यक्ष लिछमण राम छिंपा तथा विभिन्न ग्राम सेवा सहकारी समितियों के व्यवस्थापक उपस्थित रहे।

---

# रावतसर : 175 आसनों पर गूंजा सुंदरकाण्ड, 113 नागरिकों ने ग्रहण की वार्षिक सदस्यता

### श्रद्धालुओं के उत्साह ने आयोजन को भव्य और यादगार बनाया

**सीमा सन्देश # रावतसर।** श्री सुंदरकाण्ड मित्र मंडल, रावतसर के पंचम वार्षिक उत्सव के अवसर पर रविवार को श्री श्याम मंदिर में भव्य संगीतमय सुंदरकाण्ड पाठ का आयोजन श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में 175 आसनों पर श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से सुंदरकाण्ड पाठ किया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति से मंदिर परिसर भक्तिमय हो गया। प्रभु श्रीराम एवं श्री बालाजी महाराज के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए पूरे आयोजन को भव्य और यादगार बना दिया। कार्यक्रम के दौरान संगीतमय सुंदरकाण्ड पाठ की मधुर स्वर लहरियों से श्री श्याम मंदिर परिसर गूंजता रहा। श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर नजर आए। सामूहिक पाठ के माध्यम से प्रभु श्रीराम और श्री बालाजी महाराज के प्रति श्रद्धा प्रकट की गई। आयोजन में नगरवासियों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई।



#### प्रसंगों से चरित्र पर डाला प्रकाश

बजरंग लाल शास्त्री ने सीता माता से जुड़े प्रसंगों की विशेष व्याख्या करते हुए उनके त्याग, धैर्य, समर्पण एवं आदर्श चरित्र पर प्रकाश डाला। उन्होंने रामायण के प्रसंगों के माध्यम से श्रद्धालुओं को धार्मिक, नैतिक और पारिवारिक मूल्यों का संदेश दिया। श्री सुंदरकाण्ड मित्र मंडल की वार्षिक सदस्यता के अंतर्गत 113 गणमान्य नागरिक मंडल से जुड़े। इस अवसर पर सभी सदस्यों को मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। बड़ी संख्या में नागरिकों के जुड़ने से मंडल के सदस्यों में उत्साह देखने को मिला। एडवोकेट रामनिवास शर्मा ने कार्यक्रम की विभिन्न गतिविधियों का सुव्यवस्थित संचालन किया। कार्यक्रम में अनेक गणमान्य नागरिक एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

---

## कुंभाराम आर्य की पुण्यतिथि मनाई



**सीमा सन्देश # चारणवासी।** राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, अंबेडकर बस्ती फेफाना में आज महान स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय चौधरी कुंभाराम जी आर्य की पुण्यतिथि अत्यंत श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत उनके चित्र पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ हुई। कार्यक्रम के दौरान प्रधानाध्यापक अजय कुमार पुनिया ने स्वर्गीय चौधरी कुंभाराम आर्य के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके समाजसेवा, स्वतंत्रता आंदोलन, छुआ-छूत व अंधविश्वास विरोधी योगदान की विस्तृत जानकारी दी।

## अभियान चलाया

**हनुमानगढ़।** पंचायती राज संस्थाओं के आम चुनाव 2026 के मद्देनजर मतदाता जागरूकता बढ़ाने के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा हनुमानगढ़ के ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाया गया। स्वीप गतिविधियों के तहत गांवों के प्रमुख चौराहों पर रंगोलियां बनाकर महिला मतदाताओं और ग्रामीणों को शत-प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया गया। इस अभियान में महिला पर्यवेक्षकों, आंगनबाड़ी कार्यकताओं, सहायिकाओं और ग्रामीण महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

---

## परेशानी: नाले की ऊंचाई से बंद हुईं छह गलियां

**कान्हेवाला।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर चल रहे निर्माण कार्य के तहत बनाए गए साइड नाले की अधिक ऊंचाई से कान्हेवाला के ग्रामीणों की परेशानी बढ़ गई है। नाले का लेवल ज्यादा होने के कारण गांव की मुख्य सड़क से जुड़ने वाली करीब छह गलियां बंद हो गई हैं, जिससे लोगों का आवागमन प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि नाले की ऊंचाई इतनी अधिक है कि दोपहिया और चार पहिया वाहन घरों से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं। अब पूरे क्षेत्र के लोगों को एक ही मुख्य मार्ग से गुजरना पड़ रहा है, जिससे गांव की गलियों में दिनभर जाम की स्थिति बनी रहती है। ग्रामीणों ने बताया कि समस्या से ठेकेदार और संबंधित विभाग को कई बार अवगत करवाया गया, लेकिन समाधान नहीं हुआ। उन्होंने प्रशासन से नाले का लेवल सही करवाने और बंद गलियों को जल्द खोलने की मांग की है।



## आखिरी गेंद पर छक्का जड़ बना चैंपियन

**सीमा सन्देश # हनुमानगढ़।** हनुमानगढ़ के गंगागढ़ गांव में 'राइजिंग क्रिकेट क्लब गंगानगर' द्वारा युवाओं को नशे से दूर रखने के उद्देश्य से 5-दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित किया गया, जिसमें 45 टीमों ने भाग लिया। रोमांचक फाइनल मुकाबले में डबलीराठान ने अंतिम गेंद पर छक्का जड़कर उम्मेवाला को हराया और 41 हजार रुपए नकद व ट्रॉफी का खिताब अपने नाम किया। उपविजेता उम्मेवाला को 31 हजार रुपए व ट्रॉफी मिली। मुख्य अतिथि एडवोकेट जोधा सिंह भाटी ने कहा कि युवाओं को नशे से बचाने के लिए खेल मैदानों से जोड़ना बेहद जरूरी है। आयोजन में सोमा सिंह भट्टी ने मैदान के लिए जमीन देकर विशेष योगदान दिया।

## जिला परिषद प्रत्याशियों के प्रचार की अनुमति के लिए रिटर्निंग अधिकारी अधिकृत

**सीमा सन्देश # हनुमानगढ़।** पंचायती राज संस्थाओं के आम चुनाव 2026 के तहत जिला परिषद सदस्य पद के अभ्यर्थियों को चुनाव प्रचार के लिए वाहन, लाउडस्पीकर, सभा, जुलूस और रैली की अनुमति जारी करने के लिए पंचायत समिति क्षेत्रवार रिटर्निंग अधिकारियों को अधिकृत किया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. खुशाल यादव ने इस संबंध में आदेश जारी किए हैं। आदेश के अनुसार, पीलीबंगा क्षेत्र के वार्ड संख्या 1 से 4, रावतसर के वार्ड 5, 6, 7, 22 और 23 तथा नोहर क्षेत्र के वार्ड 8, 9, 10 और 17 से 21 तक के लिए संबंधित रिटर्निंग अधिकारी अनुमति जारी करेंगे। इसी प्रकार भादरा क्षेत्र के वार्ड 11 से 16, टिब्बी के वार्ड 24 से 26 और संगरिया के वार्ड 33 से 35 के लिए संबंधित रिटर्निंग अधिकारी अधिकृत होंगे। हनुमानगढ़ जंक्शन क्षेत्र के वार्ड संख्या 27 से 32 तथा 36 और 37 के लिए भी संबंधित रिटर्निंग अधिकारी को अनुमति जारी करने की जिम्मेदारी दी गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिए हैं कि राज्य निर्वाचन आयोग, राजस्थान, जयपुर की अधिसूचना में दिए गए निर्देशों के अनुसार स्वीकृतियां जारी की जाएं तथा उनकी प्रतियां संबंधित अधिकारियों को भेजना सुनिश्चित किया जाए।

## दीपावली व पंचायत चुनाव को लेकर पुलिस अलर्ट, सीएलजी की बैठक में सुरक्षा व्यवस्था पर मंथन

**सीमा सन्देश# रावतसर।** दीपावली पर्व एवं पंचायत चुनाव को शांतिपूर्ण और सुरक्षित तरीके से संपन्न करवाने के उद्देश्य से रावतसर थाना परिसर में सीएलजी की बैठक का आयोजित की गई। एएसपी गीता की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में पुलिस अधिकारियों ने सीएलजी सदस्यों के साथ विभिन्न सुरक्षा एवं जनहित से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। डीएसपी विक्रम चौहान एवं थाना प्रभारी मदन बिश्नोई ने दीपावली पर्व और पंचायत चुनाव के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने को लेकर सदस्यों से सुझाव लिए। इस दौरान क्षेत्र में बढ़ते नशे की रोकथाम, हनीट्रैप के मामलों से बचाव, साइबर क्राइम के प्रति जागरूकता तथा शहर की यातायात व्यवस्था में सुधार जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। पुलिस अधिकारियों ने त्योहार एवं चुनाव के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने और आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आपसी सहयोग की आवश्यकता पर जोर दिया। थाना प्रभारी मदन बिश्नोई ने कहा कि नशे के पत्ती कहीं भी आप को सूचना मिले तो सूचना दे। सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जाएगा। बैठक में सरपंच धर्मपाल थालौड़, सनातन धर्म नाटक समिति के अध्यक्ष सार्दुल बिजारणियां, राजेश सोमानी, पार्षद रामस्वरूप स्वामी , पार्षद रणजीत किरोड़ीवाल, भंवर सिंह रावतोत, नथुराम न्योल,लकी बतरा,जयलाल भारी, पार्षद दर्शना, ओम पारीक,सहित रावतसर कस्बा व ग्रामीण क्षेत्र से सदस्य मौजूद रहे।



---

### श्री खुशाल दास विशेष शिक्षा विद्यालय के विद्यार्थियों ने अधिकारियों को भेंट किए हस्तनिर्मित दीपक

# विशेष बच्चों के हाथों से बने दीपकों से रोशन होगी दीपावली

**सीमा सन्देश # हनुमानगढ़।** श्री खुशाल दास विशेष शिक्षा विद्यालय के विशेष बच्चों ने दीपावली के मौके पर अपने हाथों से तैयार किए गए दीपक सोमवार को अधिकारियों को भेंट किए। विशेष बच्चों ने जिला कलक्टर डॉ. खुशाल यादव, जिला पुलिस अधीक्षक बी आदित्य, एडीएम उम्मेदीलाल मीना, एएसपी अरविन्द विश्नोई, एसडीएम श्याम सुंदर बेनीवाल, डीएसओ सुनील घोड़ेला, एसबीआई के सीनियर ब्रांच मैनेजर अरविन्द ताखर, प्रमोद सहित अन्य अधिकारियों को भेंट किए। इस दौरान विशेष बच्चों के साथ उनके शिक्षक भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने बच्चों की रचनात्मक प्रतिभा की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि विशेष बच्चों को शिक्षा के साथ व्यावहारिक कौशल, आत्मनिर्भरता और सामाजिक सहभागिता के अवसर उपलब्ध करवाना उनके सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक है।



**जिला कलक्टर डॉ. खुशाल यादव** ने बच्चों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां विशेष बच्चों की प्रतिभा को निखारने के साथ उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ व्यावहारिक कौशल सीखने के अवसर उपलब्ध करवाना आवश्यक है, ताकि वे आत्मनिर्भर बनकर समाज की मुख्यधारा में अपनी सक्रिय भागीदारी निभा सकें। श्री गुरु गोबिंद सिंह चेरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष बाबूलाल जुनेजा ने कहा कि विशेष बच्चों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं होती।

#### जीवनोपयोगी कौशल में भी दक्ष बनाना उद्देश्य

संस्था का उद्देश्य विशेष बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ जीवनोपयोगी कौशल में भी दक्ष बनाना है। श्री खुशाल दास विशेष शिक्षा विभाग के डीन डॉ. सत्यनारायण नाई ने बताया कि विद्यालय में बच्चों को उनकी आवश्यकताओं के अनुरूप शिक्षा एवं व्यावसायिक कौशल का प्रशिक्षण दिया जाता है। दीपावली के मौके पर बच्चों ने अपने हाथों से दीपक तैयार किए, जो उनकी मेहनत, रचनात्मकता और सीखने की क्षमता का परिचायक हैं। इस प्रकार की गतिविधियों से बच्चों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने तथा स्वावलंबी बनने का अवसर मिलता है। प्रधानाध्यापक पुरुषोत्तम ने बताया कि विद्यालय में कक्षा एक से आठवीं तक कुल 152 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। इनमें दृष्टिबाधित, मूक-बधिर एवं बौद्धिक दिव्यांगता वाले बच्चे शामिल हैं। विद्यार्थियों को ब्रेल लिपि, सांकेतिक भाषा तथा विभिन्न शिक्षण सामग्रियों एवं सहायक उपकरणों के माध्यम से शिक्षा प्रदान की जाती है।

---

# पंचायतीराज चुनाव : टोपरिया सहित कई गांवों में सियासी पारा चढ़ा



**सीमा सन्देश # टोपरियां।** पंचायतीराज चुनाव की सुगबुगाहट के साथ ही गांव टोपरियां, ढंढेला, देईदास, ढाणी लाल खां वाली सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में सियासी माहौल गरमाने लगा है। गांवों की चौपालों से लेकर गलियों, चाय की थड़ियों और बस स्टैंड तक चुनावी चर्चाओं का दौर तेज हो गया है। जिला परिषद, पंचायत समिति, सरपंच और वार्ड पंच पदों को लेकर संभावित प्रत्याशियों की सक्रियता बढ़ने लगी है। ग्रामीण क्षेत्रों में गांव की सरकार चुनने को लेकर लोग अपने-अपने स्तर पर चुनावी समीकरण बनाने और रणनीति तैयार करने में जुटे नजर आ रहे हैं। संभावित उम्मीदवारों की दावेदारी को लेकर भी चर्चाएं शुरू हो गई हैं। चुनावी माहौल के बीच ग्रामीण अपने क्षेत्र के विकास और बुनियादी सुविधाओं से जुड़े मुद्दों पर भी विचार-विमर्श कर रहे हैं।

### स्वर्गीय सुधीर सहारण और अमर शहीद मेजर विकास भांभू की स्मृति में होगी भव्य क्रिकेट प्रतियोगिता

# जिले की सबसे बड़ी क्रिकेट प्रतियोगिता ग्राम पंचायत भगवान में 7 नवंबर को

**सीमा सन्देश # थालड़का।** ग्राम पंचायत भगवान में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने, युवाओं में खेल भावना को बढ़ावा देने और देश के वीर सपूत अमर शहीद मेजर विकास भांभू की शहादत को नमन करने के उद्देश्य से भगवान क्रिकेट चैंपियनशिप-2026 का आयोजन किया जाएगा। प्रिंस बॉयज हॉस्टल, सीकर के सौजन्य से आयोजित होने वाली यह शानदार क्रिकेट प्रतियोगिता स्वर्गीय सुधीर सहारण की मीठी यादों तथा अमर शहीद मेजर विकास भांभू के बलिदान को समर्पित रहेगी। प्रतियोगिता को लेकर क्रिकेट प्रेमियों और युवाओं में उत्साह का माहौल है। ग्रामीण क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को अपनी क्षमता दिखाने का अवसर देने वाली इस प्रतियोगिता में राजस्थान,पंजाब और हरियाणा से कुल 70 टीमों के बीच रोमांचक मुकाबले



देखने को मिलेंगे। आयोजकों की ओर से खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन के लिए आकर्षक नकद पुरस्कारों के साथ विशेष व्यक्तिगत पुरस्कार भी रखे गए हैं। भगवान क्रिकेट चैंपियनशिप-2026 में विजेता टीम को 71,000 रुपये का नकद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। वहीं प्रतियोगिता में दूसरा स्थान हासिल करने वाली टीम को 41,000 रुपये देकर सम्मानित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त तीसरे और चौथे स्थान पर रहने वाली टीमों के लिए 3,100-3,100 रुपये का पुरस्कार निर्धारित किया गया है।

#### खिलाड़ियों को मिलेंगे आकर्षक व्यक्तिगत पुरस्कार

प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष पुरस्कार भी रखे गए हैं। इनमें पहली मैन ऑफ द सीरीज के लिए फोर्ड ट्रैक्टर, दूसरी मैन ऑफ द सीरीज श्रेणी के लिए मॉडिफाइड बाइक तथा तीसरी मैन ऑफ द सीरीज श्रेणी के लिए 32 इंच एलईडी टीवी का पुरस्कार शामिल है। इसके अलावा सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज और सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज के लिए सरप्राइज पुरस्कार रखे गए हैं। इन पुरस्कारों से खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन करने की प्रेरणा मिलेगी और प्रतियोगिता के मुकाबले और भी रोमांचक होने की उम्मीद है। **14-14 टीमों के पांच पूल बनाए जाएंगे:** प्रतियोगिता के नियमों के अनुसार, टीमों के बीच मुकाबलों के आयोजन के लिए 14-14 टीमों के पांच पूल बनाए जाएंगे। गांव की टीम में एक खिलाड़ी बाहर से खेलने की अनुमति होगी। इन नियमों के तहत प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीमों को अपनी रणनीति और प्रदर्शन के दम पर आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। भगवान क्रिकेट चैंपियनशिप केवल खेल प्रतियोगिता ही नहीं, बल्कि शहीद के बलिदान को याद करने और युवाओं में देशभक्ति, अनुशासन, भाईचारे तथा खेल भावना को मजबूत करने का भी माध्यम बनेगी। अमर शहीद मेजर विकास भांभू की शहादत को समर्पित यह आयोजन युवाओं को राष्ट्रसेवा और समर्पण की प्रेरणा देने के साथ स्वर्गीय सुधीर सहारण की स्मृतियों को भी जीवंत रखेगा।

## भगवान वाल्मीकि के प्रकट दिवस पर निकली शोभायात्रा

### मानवता व सामाजिक समरसता का दिया संदेश



**सीमा सन्देश # हनुमानगढ़।** आदिकवि, महर्षि, समाज सुधारक एवं मानवता के पथ प्रदर्शक भगवान वाल्मीकि के प्रकट दिवस पर सोमवार को भगवान वाल्मीकि धर्मशाला कमेटी की ओर से जंक्शन के वार्ड 16 स्थित भगवान वाल्मीकि मंदिर-धर्मशाला परिसर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर भगवान वाल्मीकि को नमन कर उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के तहत शहर में शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें समाज के लोगों ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया। कार्यक्रम में नगर परिषद सभापति मंजू रणवां, उपसभापति सोनू बंसल, वार्ड पार्षद नगीना बाई और गुरदीप सिंह बराड़ ने अतिथि के रूप में शिरकत की। इस दौरान भगवान वाल्मीकि के प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने और समाज में आपसी भाईचारा बनाए रखने का आह्वान किया गया।

## श्री सत्यनारायण मंदिर में पूर्णिमा पर विशेष पूजा-अर्चना

**सादुलशहर।** श्री सत्यनारायण मंदिर में पूर्णिमा पर विशेष पूजा-अर्चना पुजारी सुंदरदास शर्मा के सान्निध्य में की गई। यही नहीं रात को चांद की रोशनी में खीर बनाकर रखी गई। सुबह पूजा कर श्रधालुओं में बांटी गई। पुजारी सुंदर दास ने श्रधालुओं को पूर्णिमा का महत्व बताया। इस दौरान बाबूलाल शास्त्री, बद्री विशाल शर्मा, रामकिशन गोयल, बृजलाल गोयल, कुलदीप गोयल, गिरधारी मित्तल, गिरधारी कार्कडिया, रवि गोयल, भवानी शंकर सोनी, महावीर गोयल, अनुज गोयल, हर्ष बंसल सहित काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

## समर्थन मूल्य पर मूंग की खरीद शुरू करने की मांग

**सादुलशहर।** समर्थन मूल्य पर किसानों से मूंग की फसल की खरीद शुरू करवाने की मांग की गई है। इस संबंध में व्यापार मंडल सहित किसान संगठनों द्वारा सोमवार को राजफेड के एमडी सहित उच्चाधिकारियों को ज्ञापन भेजे गए हैं। इसमें उल्लेख किया गया है कि मूंग की समर्थन मूल्य 8780 रूपए प्रति क्विंटल है, जबकि धान मंडियों में 7000 हजार से लेकर 8200 रूपए तक मूंग की ढेरियां बिक रही हैं। इससे किसानों को काफी नुकसान हो रहा है। इसलिए मूंग की फसल की सरकारी खरीद शीघ्र शुरू करवाई जाए। ज्ञापन भेजने वालों में व्यापार मंडल के अध्यक्ष संदीप सिंगला, सचिव पुनीत गुप्ता, महासचिव अमित तरड, कोषाध्यक्ष नीरज मित्तल, उपाध्यक्ष कमल गोयल, साहिल बाघला, संरक्षक रतनलाल गोयल आदि शामिल हैं। वहीं किसान सभा के जिला उपाध्यक्ष कौर सिंह सिधू, पूर्व डायरेक्टर डॉ. गरीबदास, किसान नेता कृष्ण सहारण, पूर्व डायरेक्टर अरविंद सहारण आदि ने भी सरकारी खरीद शुरू करवाने की मांग की है।

## व्यावहारिक प्रशिक्षण

**सीमा सन्देश # हनुमानगढ़।** पंचायतीराज संस्थाओं के आम चुनाव 2026 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए मतदान दल कार्मिकों के प्रथम चरण का छह दिवसीय प्रशिक्षण सोमवार को सम्पन्न हुआ। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. खुशाल यादव के निर्देशन में आयोजित प्रशिक्षण में मतदान प्रक्रिया, निर्वाचन प्रपत्रों और ईवीएम संचालन से संबंधित जानकारी दी गई।

# गोगामेड़ी में सड़ा-गला भोजन खाने से दो पशुपालकों की 90 भेड़ों की मौत

### ग्रामीणों व पीड़ित पशुपालकों ने प्रशासन से की मुआवजे की मांग

**सीमा सन्देश # बरवाली।**

गोगामेड़ी के आठ बारानी चक में विषाक्त भोजन खाने से ढीलकी जाटान निवासी दो पशुपालकों की करीब 90 भेड़ों की मौत हो गई, जबकि एक दर्जन से अधिक भेड़ों की हालत गंभीर बनी हुई है। घटना के बाद पशुपालकों को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित पशुपालकों को सरकारी मुआवजा दिलाने की मांग की है। जानकारी के अनुसार, ढीलकी जाटान निवासी शीशपाल और नोरंगराम पुत्र हरिराम जाट रविवार को हरियाणा से भेड़ें चराकर गोगामेड़ी होते हुए अपने गांव लौट रहे थे। इस दौरान वे गोगामेड़ी पशु मेले के स्थल पर चाय पीने के लिए रुके। बताया जा रहा है कि मेले के दौरान भंडारों में बचा हुआ भोजन वहां फेंका गया था, जिसे घूमते हुए भेड़ों ने खा लिया। इसके बाद दोनों पशुपालक भेड़ों को लेकर आठ बारानी चक में



बने अस्थायी बाड़े में पहुंचे और शाम को वहीं भेड़ों को रोक दिया।

सोमवार सुबह जब पशुपालक उठे तो बड़ी संख्या में भेड़ें मृत मिलीं, जबकि कई भेड़ों की हालत गंभीर थी। घटना की सूचना प्रशासन को दी गई। इस पर पशु चिकित्सक डॉ. राजेंद्र न्योल अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे।

#### मृत भेड़ों का पोस्टमार्टम करवाया

हल्का पटवारी की मौजूदगी में मृत भेड़ों का पोस्टमार्टम करवाया गया तथा गंभीर रूप से बीमार भेड़ों का उपचार शुरू किया गया। पशु चिकित्सक डॉ. राजेंद्र न्योल के अनुसार, भेड़ों की मौत विषाक्त भोजन खाने से हुई है। समाचार लिखे जाने तक बीमार भेड़ों का उपचार जारी था। घटना की जानकारी मिलने पर बड़ी संख्या में ग्रामीण भी मौके पर पहुंचे और पीड़ित पशुपालकों को हुए नुकसान को देखते हुए प्रशासन से उचित सरकारी मुआवजा दिलाने की मांग की।

## महर्षि वाल्मीकि जयंती मनाई

**सीमा सन्देश # नोहर।** महर्षि वाल्मीकि जयंती के उपलक्ष्य में मटोरिया भवन में भाजपा कार्यकर्ताओं की ओर से कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं ने महर्षि वाल्मीकि के जीवन, विचारों और आदर्शों को याद करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि रामायण के रचयिता और आदिकवि के रूप में पूजनीय हैं। उन्होंने रामायण के माध्यम से भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन, मर्यादा, सत्य, कर्तव्य और धर्म के संदेश को जन-जन तक पहुंचाया। उनका जीवन ज्ञान, तपस्या, साधना और आत्मपरिवर्तन की प्रेरणादायक मिसाल है। वक्ताओं ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि की शिक्षाएं आज भी प्रासंगिक हैं। उनके विचार समाज को सदाचार, समानता, मानवता और नैतिक मूल्यों के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। ऐसे महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेकर समाज में आपसी सद्भाव, समरसता और सेवा भावना को मजबूत किया जा सकता है। छोटू लाल सेवग, अभिषेक बचवानी, संतलाल रेगर, पार्षद देवी लाल पारीक, रतन लाल रेगर, भूमि विकास बैंक अध्यक्ष राजेंद्र सिंह सिहाग, पूर्व मंडल अध्यक्ष बसंत तिवाड़ी, मोहनलाल डाबी, विनोद गोल्याण, ओमप्रकाश लालवानी, सोनू सारसूत सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मोहनलाल पारीक बने संरक्षक, गुरसेवक सिंह वृत्त अध्यक्ष नियुक्त



**सीमा सन्देश # हनुमानगढ़।** राजस्थान वाटर वर्क्स कर्मचारी संघ की बैठक सोमवार को प्रदेश संरक्षक अशोक भोभिया की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में संगठन की विभिन्न इकाइयों में रिक्त चल रहे पदों पर सर्वसम्मति से नए पदाधिकारियों का मनोनयन किया गया। इस दौरान संगठन को मजबूत बनाने, कर्मचारियों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने और आपसी समन्वय के साथ कार्य करने पर जोर दिया गया। बैठक में वृत हनुमानगढ़ के वृत अध्यक्ष एवं महामंत्री, खण्ड अध्यक्ष तथा उपखण्ड हनुमानगढ़ टाउन के अध्यक्ष एवं महामंत्री के पद रिक्त होने के कारण इन पदों पर नई जिम्मेदारियां सौंपी गईं। सर्वसम्मति से मोहन लाल पारीक पम्प चालक को संरक्षक, गुरसेवक सिंह को वृत अध्यक्ष और महेंद्रपाल सिंह को वृत महामंत्री मनोनीत किया गया। इसी क्रम में रमेशचन्द्र गलगट को खण्ड अध्यक्ष बनाया गया। वहीं, उपखण्ड हनुमानगढ़ टाउन की कार्यकारिणी में जयकिशन शर्मा पम्प चालक को अध्यक्ष तथा प्यारेलाल सहायक को महामंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई।

## 12 नवंबर को निकलेगी कलश यात्रा

**हनुमानगढ़।** श्री सुन्दरकाण्ड मित्र मंडल समिति की ओर से टाउन स्थित सिद्धेश्वर धाम में 13 से 19 नवंबर तक आयोजित होने वाली श्री राम कथा, श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ एवं काशी जी की विश्व प्रसिद्ध दिव्य गंगा आरती को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में नशा मुक्त संसार, संस्कारमय जीवन के संदेश के साथ आयोजित होने वाले इस धार्मिक अनुष्ठान की तैयारियों, व्यवस्थाओं और श्रद्धालुओं की सहभागिता को लेकर चर्चा की गई। इस मौके पर 12 नवंबर को आयोजित होने वाली कलश यात्रा के प्रचार-प्रसार के लिए तैयार किए गए बैनर एवं कार्ड का विधिवत लोकार्पणकिया गया।

# नोहर : शरद पूर्णिमा पर मंदिर में उमड़े लोग

**सीमा सन्देश # नोहर।** शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर नोहर के प्राचीन जोहड़े वाले हनुमान मंदिर में श्रद्धा और भक्ति का अनूठा संगम देखने को मिला। श्री बालाजी महाराज के विशाल जागरण में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। पूरी रात मंदिर परिसर जय श्रीराम और जय हनुमान के जयकारों से गूंजता रहा। इस दौरान बाबा को छप्पन भोग अर्पित कर श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया गया। जागरण में प्रसिद्ध भजन गायक महिपाल सैनी और दयाल पुरोहित ने भजनों की प्रस्तुतियां दीं। भक्ति गीतों ने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया।



भजनों और जयकारों के बीच श्रद्धालु देर रात तक भक्ति में लीन रहे। मंदिर परिसर में पूरे समय भक्तिमय माहौल बना रहा। मंदिर के पुजारी जोन कुमार जोशी ने बताया कि शरद पूर्णिमा की अलसुबह चार बजे से ही श्री बालाजी महाराज के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया। भक्तों ने बाबा के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और परिवार की सुख-समृद्धि, खुशहाली तथा मंगलमय जीवन की कामना की।

## नोहर में खाली भूखंडों की सफाई के लिए नगर पालिका का 7 दिन का अल्टीमेटम

सीमा सन्देश # नोहर। शहर में स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने और गंदगी पर अंकुश लगाने के लिए नगरपालिका प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। शहर के विभिन्न वार्डों और कॉलोनियों में खाली भूखंडों पर कचरा व गंदगी जमा होने के मामलों को लेकर भूखंड मालिकों को सात दिन में सफाई करवाने के निर्देश दिए गए हैं। नगरपालिका ईओ गिरीराज रतनू ने बताया कि खाली भूखंडों में लंबे समय तक गंदगी जमा रहने से स्वच्छता व्यवस्था प्रभावित होती है और जनस्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल असर पड़ता है। उन्होंने भूखंड मालिकों से निर्धारित समयावधि में साफ-सफाई करवाने की अपील की है। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि समय सीमा में सफाई नहीं करवाने पर पालिका अपने स्तर पर सफाई करवाएगी तथा इसका खर्च संबंधित भूखंड मालिक से वसूला जाएगा। निदेर्शों की पालना नहीं करने या सफाई खर्च जमा नहीं करवाने पर नियमानुसार भूखंड सीज करने की कार्रवाई भी की जा सकती है।

## पूजा अर्चना के साथ हुआ कार्यालय का उद्घाटन

**सीमा सन्देश # पल्लू।** ग्राम पंचायत पल्लू में सरपंच पद की दावेदारी को लेकर गंगाराम ढूकिया ने सोमवार को तहसील मुख्यालय के पास अपने कार्यालय का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण, युवा और गणमान्य लोग पहुंचे। कार्यालय उद्घाटन से पहले धार्मिक परंपराओं के अनुसार मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद विधिवत रूप से कार्यालय का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में पहुंचे लोगों ने गंगाराम ढूकिया का स्वागत किय। इस दौरान माहौल उत्साहपूर्ण रहा और ग्रामीणों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। गंगाराम ढूकिया ने उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आज तक ग्राम पंचायत में सरपंच पद पर रहे सभी व्यक्ति उनके लिए देवतुल्य हैं। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत के विकास में पूर्व में कार्य कर चुके सभी लोगों का अपना योगदान रहा है और वे सभी सम्मान के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में युवा पीढ़ी की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए गांव में कुछ नए और बेहतर कार्य करने की आवश्यकता है।

## नोहर : चौधरी कुंभाराम आर्य की पुण्यतिथि मनाई

### किसानों और वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए किए गए संघर्ष को किया याद

**सीमा सन्देश # नोहर।** स्वतंत्रता सेनानी एवं किसान नेता चौधरी कुंभाराम आर्य की 31वीं पुण्यतिथि पर स्मृति स्थल स्थित चौक पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। वक्ताओं ने उनके जीवन, संघर्ष और किसान हितों के लिए किए गए कार्यों को याद किया। उन्होंने कहा कि चौधरी साहब ने किसानों, मजदूरों, वंचितों और दलितों के अधिकारों की रक्षा के लिए आजीवन संघर्ष किया। काश्तकारी



अधिनियम उनके जनकल्याणकारी कार्यों का महत्वपूर्ण उदाहरण है। इस दौरान कृष्ण महिया, शिव भगवान रेगर, भूपेंद्र सहारण, रणवीर राव, कृष्ण गोदारा सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## ई-रिक्शा चालक से मारपीट, जातिसूचक गालियां देने का आरोप



**सीमा सन्देश # हनुमानगढ़।** जंक्शन बस स्टैंड के पास सवारियां बैठाने को लेकर हुए विवाद में ई-रिक्शा चालक से मारपीट का मामला सामने आया है। सुरेशिया निवासी रणवीर पुत्र जसवीर सिंह ने जंक्शन पुलिस थाने में शिकायत देकर टेम्पो चालक संजू सहित दो-तीन अन्य लोगों पर मारपीट और जातिसूचक गालियां देने का आरोप लगाया है। शिकायत के अनुसार, सोमवार सुबह करीब 10 बजे रणवीर बस स्टैंड के पास सवारियां बैठा रहा था। इसी दौरान संजू से विवाद हो गया। आरोप है कि संजू और उसके साथियों ने रणवीर के सिर पर कड़े से वार किया तथा लात-घूंसों से मारपीट की। इससे वह बेहोश हो गया। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है।

# कांग्रेस नेता श्योपत राम गोदारा के आवास पर पहुंचे चुनाव प्रभारी एमडी चोपदार, हुआ स्वागत-सम्मान

**रावतसर।** पंचायती राज चुनाव की सरगर्मियों के बीच कांग्रेस के पंचायती राज चुनाव प्रभारी एमडी चोपदार ने रावतसर की जाट कॉलोनी स्थित वरिष्ठ कांग्रेस नेता श्योपत राम गोदारा के आवास पर पहुंचकर शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान गोदारा परिवार की ओर से चुनाव प्रभारी चोपदार का भावभीना स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में कांग्रेस के प्रमुख पदाधिकारियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों की बड़ी संख्या में मौजूदगी रही। इस मौके पर गोदारा परिवार के लंबे राजनीतिक सफर, जनसेवा के कार्यों तथा कांग्रेस संगठन के प्रति निष्ठा पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक को संबोधित करते हुए चुनाव प्रभारी एमडी चोपदार ने कहा कि गोदारा परिवार दशकों से आमजन की सेवा करता आ रहा है और पार्टी का निष्ठावान सिपाही है। परिवार ने जनप्रतिनिधित्व और राजनीति के माध्यम से निरंतर क्षेत्र के विकास और जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता दी है।



#### तीन पीढ़ियों से राजनीति और जनसेवा

श्योपत राम गोदारा का परिवार तीन पीढ़ियों से कांग्रेस संगठन और जनप्रतिनिधित्व में सक्रिय रहा है। श्योपत राम गोदारा वर्ष 1995 से 1998 तक यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष (हनुमानगढ़) रहे। इसके बाद उन्होंने वर्ष 2000 से 2003 तक कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष (रावतसर) की जिम्मेदारी निभाई तथा 2000 से 2005 तक पंचायत समिति नोहर के सदस्य रहे। उनकी पत्नी रेशमी गोदारा भी राजनीति में सक्रिय भूमिका निभा चुकी हैं। वे वर्ष 2010 से 2015 और 2020 से 2025 तक कांग्रेस पार्टी की टिकट पर पंचायत समिति रावतसर की सदस्य रहीं। इसके अलावा 2011 से 2016 तक उन्होंने कृषि उपज मंडी समिति रावतसर में डायरेक्टर पद पर कार्य किया। इससे पूर्व परिवार की पिछली पीढ़ी भी जिला परिषद हनुमानगढ़ में प्रतिनिधित्व कर चुकी है।

## प्रमोद गोदारा बने जिला परिषद जोन 5 से प्रत्याशी

परिवार की इसी मजबूत राजनीतिक पृष्ठभूमि को देखते हुए कांग्रेस पार्टी ने श्योपत राम गोदारा के बड़े सुपुत्र एवं युवा समाजसेवी प्रमोद गोदारा को जिला परिषद हनुमानगढ़ के जोन नंबर 5 से अधिकृत प्रत्याशी घोषित किया है। प्रमोद गोदारा पूर्व में यूथ कांग्रेस ग्राम अध्यक्ष (भेरुसरी) के रूप में कार्य कर चुके हैं। उन्होंने शुक्रवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल किया और क्षेत्र के चहुंमुखी विकास को अपनी प्राथमिकता बताया। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष देवीलाल मटोरिया, सुखलाभ बराड़, हरि सिंह राहड़, अनिल कस्वां, बहरुद्दीन टांक, जाकिर हुसैन, बाबूलाल टांक, गिरधारी कड़वासरा, अरविंद मटोरिया, सुरेंद्र शर्मा, शिवभगवान और पुरुषोत्तम सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## रियायती यात्रा स्मार्ट कार्ड, 43 लाभार्थी लाभान्वित

**सीमा सन्देश # भादरा।** उपखंड अधिकारी भागीरथ राम चौधरी एवं राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम हनुमानगढ़ के कार्यवाहक मुख्य प्रबंधक कर्मसिंह के निदेर्शानुसार सोमवार को मुख्य बस स्टैंड भादरा में दिव्यांग एवं जनकल्याण सेवा समिति की ओर से दिव्यांग चिन्हीकरण, रोडवेज रियायती यात्रा स्मार्ट कार्ड वितरण एवं आवेदन जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर की अध्यक्षता छानीबड़ी उप-तहसीलदार मुकेश सहारण ने की। समिति अध्यक्ष एवं सामाजिक कार्यकर्ता हरबंस लाल सहारण ने बताया कि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग हनुमानगढ़ के सहयोग से पांच दिव्यांग लाभार्थियों को यूडीआईडी कार्ड तथा राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम के सहयोग से दिव्यांगों, वृद्धजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों सहित विभिन्न श्रेणियों के 43 लाभार्थियों को रोडवेज रियायती यात्रा स्मार्ट कार्ड का लाभ प्रदान किया गया।

## पूर्व विधायक बोले-तीन साल में क्षेत्र में हुए विकास के अनेक कार्य



**सीमा सन्देश # नोहर।** पंचायती राज चुनाव को लेकर नोहर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा नेताओं का जनसंपर्क जारी है। पूर्व विधायक अभिषेक मटोरिया के नेतृत्व में भाजपा नेता और कार्यकर्ता गांव-गांव पहुंचकर पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में मतदान की अपील कर रहे हैं। मटोरिया ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में तीन वर्षों में नोहर विधानसभा क्षेत्र में विकास के अनेक कार्य हुए हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की सोच गांवों तक विकास पहुंचाने की है। इसी उद्देश्य से छोटे ब्लॉक, जोन और ग्राम पंचायतों का गठन किया गया, ताकि स्थानीय स्तर पर विकास कार्यों को गति मिल सके। मटोरिया ने दावा किया कि भाजपा शासन में नोहर विधानसभा क्षेत्र में सिंचाई के क्षेत्र में भी ऐतिहासिक कार्य हुए हैं। भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष रामकृष्ण भाकर ने कहा कि नोहर पंचायत समिति में भाजपा पूर्ण बहुमत के साथ अपना प्रधान बनाएगी। उन्होंने दावा किया कि इन पंचायत चुनावों में माकपा नोहर में अपना खाता भी नहीं खोल पाएगी। वहीं, पंचायत राज चुनाव प्रभारी सुरेंद्र राजपुरोहित ने कहा कि भाजपा ने चुनावों को लेकर अपना संकल्प पत्र जारी किया है, जिसमें पार्टी की प्राथमिकताओं और विकास के विजन को सामने रखा गया है।

## हनुमान मंदिर हाथियांवाली धाम में हुई विशेष पूजा-अर्चना



**सीमा सन्देश # सादुलशहर**

हनुमानगढ मार्ग पर स्थित श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर हाथियांवाली धाम में सोमवार को पूर्णिमा के अवसर पर विशेष पूजा-अर्चना की गई। बालाजी का भजनों के माध्यम से जहां गुणगान हुआ, वहीं भंडार भी लगाया गया। नगरपालिका चेयरमैन प्रतिनिधि प्रदीप खीचड के नेतृत्व में जनप्रतिनिधियों एवं श्रद्धालुओं ने अल सुबह व्यापार मंडल परिसर से श्री बालाजी का ध्वज लेकर पैदल यात्रा शुरू कर सुबह करीब नौ बजे हाथियांवाली धाम पहुंचे। यहां मंदिर संचालन कमेटी सदस्यों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। बाबा के जयकारे लगाए। इसके बाद चेयरमैन प्रतिनिधि प्रदीप खीचड सहित श्रद्धालुओं ने बाबा के ध्वज समर्पित कर धोक लगाई। इलाके की खुशहाली, सुख-शांति की प्रार्थना की। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष सुरेंद्र बंसल, पूर्व पार्षद सुरेंद्र सिडाना आदि ने व्यवस्थाएं करवाई, वहीं व्यापार मंडल के संरक्षक रतनलाल गोयल, सचिव पुनीत गुप्ता, स्वरूप चौधरी, अमित तरड, आयुष खीचड, मंगत सहारण, एडवोकेट धर्मेंद्र शर्मा, प्रकाश चंद्र गोयल, शिक्षाविद प्रभु दयाल शर्मा, पार्षद रणजीत सहारण, श्रीराम वर्मा, कशिष मोदी, संजय शर्मा, रोहित गर्ग, प्रदीप मूढ, दीपक बंसल, अमित अग्रवाल, नवीन गोयल, रवि गोयल, अभिषेक चौधरी, दिनेश पंवार, राकेश जांगू, वेद पूनिया, भूप शाक्य, जीटीबी स्कूल के प्रिंसिपल हिरेण राजबंशी, पुनीत शर्मा, कृष्ण सहारण, जितेंद्र सिंह कडवासरा, पूर्व सरपंच देवीलाल, राजेंद्र सोखल सहित काफी संख्या में जनप्रतिनिधियों एवं श्रद्धालुओं ने पहुंचकर धोक लगाई।

## सूरतगढ़ : शरद पूर्णिमा पर लगा श्री श्याम बाबा का जागरण



**सीमा सन्देश # सूरतगढ़**

भारत गैस गोदाम के पास वार्ड नं. 10 में श्री श्याम सखा व महिला मंडल की ओर से शरद पूर्णिमा पर श्री श्याम बाबा का जागरण आयोजित किया गया। मुख्य यजमान दीपक सुथार, धनंजय सुथार व राघव सुथार व परिवार के सदस्यों ने बाबा के दरबार में ज्योत प्रज्ज्वलित कर जागरण का शुभारंभ किया। पं. पवन कुमार शास्त्री ने पूजन करवाया। भजन संध्या में भजन गायक दिनेश सागर, हर शिव, सानू सिंगर, शिवम, पायल सेठिया ने बाबा श्याम के मधुर भजनों की प्रस्तुतियां दी। श्रीगंगानगर के बबलू आर्ट ग्रुप के कलाकारों ने विभिन्न देवी-देवताओं की आकर्षक झांकियां प्रस्तुत की। बाबा को कड़ी-खिचड़ा, मक्खन-मिश्री, छप्पन भोग व कढ़ी-कचौरी का भोग लगाया गया। पुष्प व इत्र वर्षा के साथ बाबा की हीरे-मोती से नजर उतारकर श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरण गया। सोनू बवेजा, अंकुर लड्ढोइया, धीरज अग्रवाल, अजय कालड़ा, राजेश चराया, अशोक भार्गव, संरक्षक सत्यनारायण तावणिया तथा वरिष्ठ सदस्य नरेश नागपाल, जोनी नागपाल ने अतिथियों को सम्मानित किया।

## वरिष्ठ नर्सिंग अधिकारी मनफूलराम रोकणा को श्रद्धांजलि दी



**सीमा सन्देश # बींझबायला**

स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत वरिष्ठ नर्सिंग अधिकारी मनफूल राम रोकणा का हृदय गति रुकने से निधन हो गया। अस्पताल परिसर में सोमवार को ड्यूटी समय के उपरांत श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ. मनीष नागल, डॉ. नरेंद्र मीना, नर्सिंग अधिकारी मंजीत सिंह, वीरपाल कौर, अजय कुमार, महेश कुमार, एलएचवी पुष्पा कुमारी सहित समस्त स्टाफ ने श्रद्धांजलि दी। सीएचसी प्रभारी डॉ. मनीष नागल ने अस्पताल के विकास और व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने में सदैव महत्वपूर्ण योगदान दिया। सभी कर्मचारियों ने शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदनाएं व्यक्त कीं।

## चूनावढ़: स्थापना दिवस पर गर्ल्स कॉलेज में हुआ कवि सम्मेलन



**सीमा सन्देश # चूनावढ़**

श्रीगंगानगर स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में राजकीय कन्या महाविद्यालय, चूनावढ़ में कवि सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में डॉ. संदेश त्यागी, इजहार गंगानगरी, बोधायन शर्मा, ऋतु सिंह और मेजर डॉ. अरुण शहेरिया ताइर ने अपनी ओजस्वी एवं भावपूर्ण रचनाओं की प्रस्तुति दी। कवियों ने अपनी कविताओं के माध्यम से क्षेत्र के इतिहास, संस्कृति और सामाजिक सरोकारों को उजागर किया। इस अवसर पर डाइट चूनावढ़ से शिल्पी शर्मा और ललिता भी विद्यार्थियों के साथ उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के समापन पर महाविद्यालय की प्रभारी अधिकारी दिव्य ज्योति एवं स्टाफ सदस्यों ने सभी कवियों को पौधे भेंट कर सम्मानित किया।

### श्रीविजयनगर : सर्व समाज के बच्चों व महिलाओं ने सांस्कृतिक गतिविधियों में उत्साह से लिया भाग

# रायसन रंग 2026 में डांडिया उत्सव की धूम

**सीमा सन्देश # श्रीविजयनगर**



आइकॉनिक पब्लिक स्कूल (रायसन ग्रुप) की ओर से आयोजित सर्व समाज डांडिया उत्सव ह्यरायसन रंग 2026ह्ल उत्साह और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। इसमें बच्चों-महिलाओं और अभिभावकों ने उत्साह से भाग लिया। डांडिया नृत्य, मनोरंजक खेलों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को आकर्षक बना दिया। पारंपरिक परिधानों में सजे प्रतिभागियों ने संगीत की धुनों पर डांडिया खेलकर समां बांध दिया। कार्यक्रम में श्रीविजयनगर एसडीएम साक्षी पुरी, अनूपगढ़ एसडीएम कौशल्या बिश्नोई, नवनिर्वाचित पार्षद रीना मिड्ढा तथा समाजसेवी अंजू मिड्ढा बतौर अतिथि मौजूद रहीं। बच्चों और महिलाओं ने विभिन्न गतिविधियों में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। आयोजन का उद्देश्य सर्व समाज को एक मंच पर लाकर सांस्कृतिक परंपराओं को प्रोत्साहित करना तथा सामाजिक एकता और आपसी सद्भाव को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम की सफलता में पूजा शर्मा एवं उनकी टीम का विशेष योगदान रहा। आयोजन की व्यवस्थाओं और संचालन में टीम के सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विद्यालय की प्रधानाचार्या इंदु चौधरी ने कार्यक्रम में शामिल अतिथियों, सर्व समाज के सदस्यों और सहयोग कर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

## आरोपी कार्मिक को निलंबित कर अन्यत्र भिजवाने की मांग

# सादुलशहर : बार संघ का एसडीएम कार्यालय के समक्ष धरना जारी

**सीमा सन्देश # सादुलशहर**



एसडीएम कार्यालय के चुनाव शाखा में कार्यरत लिपिक जिसके पास न्याय शाखा का लिपिकीय प्रभार होने के कारण जमानत तस्दीक करवाने की एवज में रिश्वत मांगने पर कार्रवाई की मांग को लेकर बार संघ सादुलशहर का एसडीएम कार्यालय के समक्ष धरना सोमवार को भी जारी रहा। बार संघ के अध्यक्ष सुभाष पटीर, सचिव राकेश गुरिया, पूर्व अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता धर्मेंद्र शर्मा ने बताया कि अधिवक्ता अमनदीप सिंह बराड अपने कक्षीकार के साथ उपखंड अधिकारी कार्यालय में गया था। यहां निवारक कार्रवाई में जमानत तस्दीक करवाने के लिए उक्त लिपिक द्वारा एक हजार रूपए की रिश्वत के तौर पर मांग की गई तथा अधिवक्ता के साथ दुर्व्यवहार करने का भी आरोप है। इस पर बार संघ द्वारा कार्रवाई की मांग को लेकर 13 अक्टूबर से बार संघ द्वारा उपखंड कार्यालय की कार्रवाई में भाग नहीं लेने का निर्णय लेकर सांकेतिक धरना लगातार दिया जा रहा है। जब तक प्रकरण में लिपिक के खिलाफ कार्रवाई नहीं होगी धरना जारी रहेगा। जरूरत पडी तो श्रीगंगानगर बार संघ तथा सादुलशहर की विभिन्न संस्थाओं से सहयोग लिया जाएगा। इस बीच बार संघ का शिष्टमंडल श्रीगंगानगर पहुंचा। यहां जिला कलेक्टर के नाम का ज्ञापन एडीएम सिटी को दिया।

**धरना एवं ज्ञापन देने वालों में ये हैं शामिल:** धरना एवं ज्ञापन देने वालों में श्रीगंगानगर बार संघ के अध्यक्ष हंसराज तनेजा, सचिव लक्ष्मणराम नायक, उपाध्यक्ष अरमान सेतिया, इंद्रजीत बिश्नोई सहित सादुलशहर के वरिष्ठ अधिवक्ता रविंद्र मोदी, मणिराम जालप, कुंदनलाल चुघ, मेजर सिंह, एडवोकेट आयुष खीचड, एडवोकेट लक्ष्मीनारायण सहगल, करणी सिंह राठौड, महेंद्र शर्मा, बार संघ के उपाध्यक्ष संत कुमार वर्मा, थावरदास सेठी, कृपाल सिंह, रामकुमार जालवाल, अमित चावला, लाभ सिंह सौलंकी, संजय गरूआ, नरेश गोदारा, विकास गुरिया, मनीष चावला, बलवंत सिंह बुडानिया, जगनंदन सिंह चहल, रामकुमार टांक, हरदीप सिंह मान, अजब खीचड, बृज चौहान, गुरप्रीत सिंह मान, धर्मेंद्र खीचड आदि शामिल हैं।

### भाविप उत्तर प्रांत की ओर से बीकानेर में हुई प्रतियोगिता

## प्रांतीय लोकगीत प्रतियोगिता में हर्ष कॉन्वेंट स्कूल सूरतगढ़ प्रथम



**सीमा सन्देश # सूरतगढ़**

भारत विकास परिषद उत्तर प्रांत की ओर से बीकानेर के टीएम ऑडिटोरियम में आयोजित प्रांत स्तरीय राष्ट्रीय समूहगान व लोकगीत प्रतियोगिता में स्थानीय हर्ष कॉन्वेंट पब्लिक स्कूल छाया रहा। लोकगीत प्रतियोगिता में विद्यालय ने प्रथम तथा राष्ट्रीय समूहगान व संस्कृत समूहगान प्रतियोगिता में तीसरा स्थान हासिल कर शहर का गौरव बढ़ाया। प्रतियोगिता में प्रांत की विभिन्न शाखाओं से 13 टीमों ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओतप्रोत समूहगान प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। लोकगीत प्रतियोगिता में हर्ष कॉन्वेंट पब्लिक स्कूल सूरतगढ़ प्रथम, पूजा इंटरनेशनल स्कूल डीडवाना द्वितीय व माहेश्वरी पब्लिक स्कूल बीकानेर तृतीय स्थान पर रहा। इसी तरह राष्ट्रीय समूहगान व संस्कृत समूहगान प्रतियोगिता में एसआरएम इंटरनेशनल स्कूल हनुमानगढ़ प्रथम, माहेश्वरी पब्लिक स्कूल बीकानेर द्वितीय व हर्ष कॉन्वेंट पब्लिक स्कूल सूरतगढ़ तृतीय रहा। प्रतियोगिता के समापन पर विजेता टीमों व सभी प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय पर्यवेक्षक रितेश अरोड़ा, क्षेत्रीय संयुक्त महासचिव विनोद सैन, प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. दीप्ति वाहल, प्रांतीय महासचिव डॉ. संजय जिंदल, पुरुषोत्तम सोनी, दिव्या माथुर, आयोजक शाखा अध्यक्ष राजीव शर्मा, अनिल टुटेजा, भारत विकास परिषद सूरतगढ़ शाखा अध्यक्ष आसकरण सोनी, संस्कार संयोजक रमेश आसवानी सहित प्रांत की विभिन्न शाखाओं के पदाधिकारी, विद्यालय प्रतिनिधि, अभिभावक व प्रतिभागी उपस्थित रहे। सूरतगढ़ शाखा के संस्कार संयोजक रमेश आसवानी ने आभार जताया।

## बर्थ-डे सेलिब्रेशन

**घड़साना।** लाडली बिटिया नंदनी के जन्मदिन पर दादा-दादी माणक



तावणिया-मंजु देवी, माता-पिता पार्वती-अशोक तावणिया, बुआ-फूफा वीणा-भवानीशंकर सारस्वा, चाचा खेतपाल, भाई-बहन नित्या, निष्ठा, अमित, मिनाक्षी एवं ननिहाल द्वारा की तरफ से बधाई।

**श्रीगंगानगर।** संकल्प कोचिंग के निदेशक संजय चौधरी, प्रियंका



चौधरी के भतीजे एवं संदीप चौधरी, सुचित्रा चौधरी के सुपुत्र परीक्षित चौधरी को आज उनके जन्मदिन पर दादा ओम प्रकाश भूँवाल, दादी गुड्डी देवी एवं चौधरी परिवार की बधाई।

## न्यूज इन ब्रीफ

### आज सूरतगढ़ में बिजली बंद रहेगी

**सूरतगढ़।** शहर में दीपावली पर्व के मद्देनजर आवश्यक रखरखाव व मरम्मत कार्य के चलते मंगलवार सुबह साढ़े 8 से साढ़े 11 बजे तक विभिन्न क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।जोधपुर डिस्कॉम के सहायक अभियंता वरुण भुवांल के अनुसार बड़ोपल रोड जीएसएस के आरसीपी फीडर से जुड़े क्षेत्रों में बिजली बंद रहेगी। इसके चलते गुरुद्वारे के पास, माता जीतो कॉलेज, सीआरपीएफ, सूर्यनगरी कॉलोनी सहित आसपास के क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति प्रभावित रहेगी।

### वाल्मीकि जयंती पर शोभायात्रा निकाली

**श्रीकरणपुर।** कस्बे के वाल्मीकि समाज की ओर से भगवान महर्षि वाल्मीकि जयंती समारोहपूर्वक मनाई गई। सत्संग उपरांत लंगर बरताया गया। मिल्ट्री ब्रास बैंड के साथ भगवान वाल्मीकि मंदिर से चलकर शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इसमें झांकियां भी सजाई गई। यह शोभायात्रा रेलवे फाटक के पास स्थित वाल्मीकि चौक में भी पहुंची।

### निजी स्कूल संचालकों ने पूर्व विधायक संतोष बावरी को सौंपा ज्ञापन

## आरटीई पुनर्भरण राशि की पहली किस्त के भुगतान की मांग

**सीमा सन्देश # अनूपगढ़**



शिक्षा सत्र 2025-26 की आरटीई पुनर्भरण राशि की प्रथम किस्त का भुगतान नहीं होने पर स्कूल शिक्षा परिवार ब्लॉक अनूपगढ़ के नेतृत्व में निजी विद्यालयों के संस्था प्रधानों ने सोमवार को पूर्व विधायक संतोष बावरी को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने राज्य सरकार और शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारियों के समक्ष समस्या उठाकर बकाया राशि का शीघ्र भुगतान करवाने की मांग की। स्कूल शिक्षा परिवार के अध्यक्ष प्रदीप कुमार टाक ने बताया कि निजी विद्यालय आरटीई योजना के तहत आर्थिक रूप से कमजोर एवं वंचित वर्ग के बच्चों को निःशुल्क शिक्षा प्रदान कर रहे हैं, लेकिन सत्र 2025-26 की प्रथम किस्त अब तक नहीं मिलने से विद्यालयों को आर्थिक परेशानी हो रही है। ज्ञापन में बताया गया कि भुगतान में देरी से शिक्षकों एवं कर्मचारियों के वेतन, भवन किराया, बिजली बिल, वाहन संचालन और अन्य आवश्यक खर्चों का प्रबंधन करना मुश्किल हो रहा है। विशेषकर ग्रामीण एवं सीमावर्ती क्षेत्र के छोटे और मध्यम निजी विद्यालय प्रभावित हो रहे हैं। विद्यालय संचालकों ने पूर्व विधायक से मुख्यमंत्री और शिक्षा विभाग के अधिकारियों के समक्ष इस मुद्दे को उठाकर आरटीई पुनर्भरण राशि की पहली किस्त का भुगतान जल्द करवाने की मांग की।

## गजसिंहपुर: वाल्मीकि प्रकट दिवस की शोभायात्रा का अनेक जगह स्वागत

**गजसिंहपुर।** भगवान वाल्मीकि प्रकट दिवस के पावन अवसर पर वाल्मीकि समाज द्वारा गजसिंहपुर में श्रद्धा, उल्लास और उत्साह के साथ भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शोभायात्रा में महिला-पुरुषों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भागीदारी निभाई। शोभायात्रा में भगवान वाल्मीकि के जीवन, शिक्षाओं और धार्मिक महत्व को दशार्ती आकर्षक एवं झांकियां सजाई गईं। विभिन्न मार्गों से गुजरने के दौरान शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया। इस



अवसर पर मुरली, सोनू, पालिका उपाध्यक्ष भगवान दास, देवी लाल, कैलाश बागड़ी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## सफेदा के पेड़ लगाये

**कीकरवाली।** गांव के एक युवा ने हरियाली के प्रति रुझान रखते हुए अपने खेत में सफेदा के पांच सौ से ज्यादा पौधे लगाने का कार्य किया है। उन्होंने बताया कि अगर हम अपने आसपास अधिक से अधिक पौधे लगाए तो हमें शुद्ध वातावरण मिलता है। इस युवा से प्रभावित होकर अन्य लोग भी पौधारोपण के प्रति प्रेरित हो रहे हैं। तीन चार किसानों ने अपने खेत में सिंचाई विभाग से अनुदान लेकर सिंचाई डिग्गी बनाई है अर अपने खेत में किन्नु के बाग लगाएं है।

# नगरपालिका ने कहा- बाजार में दुकानदार व्यवस्था बनाकर रखें

### पालिकाध्यक्ष और ईओ ने ली बैठक

**सीमा सन्देश # श्रीकरणपुर**



नगर पालिका अध्यक्ष विनय तनेजा एवं अधिशासी अधिकारी संदीप कुमार बिश्नोई द्वारा शहर के दुकानदारों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए गये। दुकानदारों से कहा गया कि स्वच्छता का पूरा ध्यान रखें। बाजार में हाथ रिक्शा कर्मियों द्वारा दिन में कई बार कचरा संग्रहण किया जा रहा है। इसके बावजूद भी दुकानदार कचरा सड़क पर फेंकने से बाज नहीं आ रहे। उन्होंने बाजार में चल रहे हाथ रिक्शा एवं ऑटो टिपर में ही कचरा डालने का आग्रह किया। दीपावली पर पटाखों एवं अन्य दुकानदारों द्वारा सुरक्षा की दृष्टि से सड़क आम रास्ते पर अस्थाई अड्डेनुमा दुकानें नहीं लगाने की अपील की, ताकि किसी अप्रिय स्थिति में बाजार में दमकल को रास्ता मिल सके।

# मिर्जेवाला को पंचायत समिति बनाने की उठी मांग

### नागपाल ने प्रधानमंत्री को लिखा पत्र

**सीमा सन्देश # श्रीगंगानगर**



राष्ट्रीय सचिव किसान महापंचायत एवं राष्ट्रीय महासचिव पीपुल्स ग्रीन पार्टी सतीश कुमार नागपाल ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर ऐतिहासिक गांव मिर्जेवाला क्षेत्र को पुनः पंचायत समिति बनाने की पुरजोर मांग उठाई है। इस संबंध में उन्होंने जनहित के मुद्दों को उठाते हुए सरकार को चेताया है कि यदि जनता की उपेक्षा की जाती रही तो सरकार की लोकप्रियता प्रभावित होगी और विरोध प्रदर्शन बढ़ेंगे।

**67 साल पहले उजड़ गया था मिर्जेवाला का हक :** पत्र में उल्लेख किया गया है कि ठीक 67 साल पहले, 2 अक्टूबर 1959 को मिर्जेवाला पंचायत समिति का गठन किया गया था, जिसे बाद में श्रीगंगानगर में मिला दिया गया। नागपाल ने बताया कि राजस्थान का श्रीगंगानगर जिला पाकिस्तान सीमा पर स्थित एक संवेदनशील क्षेत्र है। ऐतिहासिक रूप से आदर्श ग्राम मिर्जेवाला स्टेट बीकानेर के अधीन तहसील मुख्यालय था और यहाँ तक कि जैसलमेर, बाड़मेर व बीकानेर के लिए जकात थाना भी यहीं था।

**32 में से 27 ग्राम पंचायतों को मिलेगा सीधा लाभ :** नागपाल का तर्क है कि यदि मिर्जेवाला को स्वतंत्र पंचायत समिति के रूप में पुनर्गठित किया जाए, तो ह्यश्रीगंगानगर उत्तरह्ल के अंतर्गत आने वाली 32 ग्राम पंचायतों में से करीब 27 ग्राम पंचायतें सीधे तौर पर लाभान्वित होंगी। इस संबंध में जिला कलेक्टर (डॉ. मंजू, आईएएस) को स्थानीय लोगों और जन प्रतिनिधियों द्वारा पत्र भेजकर तथा स्वयं उपस्थित होकर मिर्जेवाला पंचायत समिति बनाने की माँग की जा चुकी है।

### जनता को क्या मिला?
### भारी-भरकम बजट खर्च का आरोप

पत्र में यह भी कहा गया है कि मिर्जेवाला से स्थानांतरित करके श्रीगंगानगर पंचायत समिति का विभाजन किया गया और 'श्रीगंगानगर उत्तर' व 'श्रीगंगानगर दक्षिण' बनाकर पंचायत समिति का दायरा तो बढ़ा दिया गया, लेकिन इससे आम जनता को कोई वास्तविक लाभ नहीं मिला। श्रीगंगानगर स्वयं एक नगर परिषद क्षेत्र होने के कारण वहाँ के आम नागरिकों को पंचायत समिति के गठन से कोई विशेष लाभ नहीं पहुँचता, जबकि सारा बजट और खर्च केवल कागजी साबित हो रहा है।

**अस्पताल के पुराने भवन के इस्तेमाल और अन्य सुझाव:** पत्र के दूसरे हिस्से में स्थानीय स्वास्थ्य सुविधाओं और प्रशासनिक व्यवस्था को लेकर भी सुझाव दिए गए हैं:

**अस्पताल भवन:** अस्थायी रूप से खाली पड़े राजकीय अस्पताल को पुराने भवन में ही संचालित किए जाने के आदेश दिए जाने की माँग की गई है।

**वैकल्पिक भूमि:** ग्राम मिजेर्वाला में सीनियर सेकेंडरी स्कूल, स्टेडियम व होमगार्ड कंपनी के निकट और केसरीसिंहपुर रोड पर स्थित (चक 12 ऋ मु. नं. 68) वह भूमि जो कलेक्टर द्वारा उप-तहसील को प्रदान की गई थी (किन्तु उप-तहसील भवन का निर्माण अन्यत्र हो चुका है), उसका उपयोग कर स्थाई निर्माण किया जा सकता है। इसमें स्थानीय जनसहयोग का भी पूरा भरोसा दिलाया गया है। पत्र के अंत में चेतावनी दी गई है कि जनता की माँग और जनहित को ध्यान में रखते हुए ही निर्णय लिए जाने चाहिए, अन्यथा क्षेत्र में प्रदर्शन किये जायेंगे।

Email : advt.seemasandesh@gmail.com
CLASSIFIED
99280-38379, 95095-96000

**NAME CHANGED**

■ I MAHBOOB ALI s/o HAAJI JAHURDIN AASOPAWALA Previosuly called MAHABUBALI s/o JAHURADIN Res. CHABILI GATHI KE NICHE BIKANER RAJASTHAN.Intended to declar that i have changed my name as for MAHBOOB ALI s/o HAAJI JAHURDIN AASOPAWALA Ressue passport and all purpose

**DOB CHANGED**

■ I, SVARAN KOUR LEGALLY WEDDED SPOUSE OF SHRI AMREEK SINGH, PRESENTLY RESIDING AT VILLAGE 3 STR, THESIL GHARSANA DISTT. SRI GANGANAGAR RAJASTHAN. HAVE CHANGED MY DOB 15.6.1959 TO 15.10.1954 ALSO MY NAME SAWARAN KOUR TO SVARAN KOUR DUE TO ERRONESOUSLY PUBLISHED IN MY HUSBAND SRVICE DOCUMENT

विज्ञापनों के संबंध में पाठक कृपया अपने विवेक से निर्णय लें। किसी भी प्रकार के विज्ञापनों के दावों के लिए सीमा सन्देश जिम्मेदार नहीं रहेगा।

## ग्लोबल न्यूज

### रैपर निकी मिनाज बनेंगी ट्रंप की प्रेस सचिव? मिला हिंट



वाइट हाउस के कम्युनिकेशन डायरेक्टर स्टीवन चेउंग ने संकेत दिया है कि रैपर निकी मिनाज अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप की नई प्रेस सेक्रेटरी बन सकती हैं। मिनाज संग बातचीत का वीडियो शेयर कर स्टीवन ने कहा, लगता है हमें वाइट हाउस की नई प्रेस सेक्रेटरी मिल गई हैं! ट्रंप ने इससे पहले कहा था, निकी के बहुत सुंदर हैं।

### कबाड़ी बाजार से खरीदी ओलंपिक की दुर्लभ मशाल हुई नीलाम, 1.31 करोड़ लगी कीमत



स्वीडन की एक महिला द्वारा कबाड़ी बाजार से सस्ते में खरीदी गई एक मशाल 1.31 करोड़ से अधिक में नीलाम हुई। यह 1956 ओलंपिक की दुर्लभ मशाल निकली, जो घुड़सवारी प्रतियोगिताओं के लिए बनी थी। 10 से कम नमूनों में से एक यह मशाल कभी इस्तेमाल नहीं हुई थी। नीलामी घर को लगा था कि यह महज 2 लाख में बिकेगी।

### मेक्सिको में दिखा 'दूसरी दुनिया' का जीव, कैमरे में हुआ कैद



अमेरिका-मेक्सिको सीमा के पास कैमरा-ट्रैप में एक रहस्यमयी जीव कैमरे में कैद हुआ है। 6 फीट लंबे इस जीव को लेकर व एफओ विशेषज्ञ जैमे मौसन ने बताया कि पीले रंग और लंबे अंगों वाला जीव एक बुद्धिमान और इंसानों जैसा शिकारी है। उन्होंने इस बात की संभावना जताई कि यह प्राणी किसी दूसरी दुनिया (इंटरडायमेंशनल) का हो सकता है।

### मालिक की मौत के 8 साल बाद भी कैंसर अस्पताल के बाहर उसका इंतजार कर रहा मुर्गा



बोलीविया के एक कैंसर अस्पताल के बाहर मार्टिन नाम का मुर्गा पिछले 8 साल से रह रहा है। वह अपने मालिक के साथ इलाज के दौरान अस्पताल आया था लेकिन उसकी मौत के बाद वहीं रुक गया। अस्पताल के कर्मचारी और आसपास के दुकानदार उसे खाना खिलाते हैं। उसकी कहानी जापान के वफादार कुत्ते हाचिको की याद दिलाती है।

### 21 साल के लड़के ने कैसे सिर्फ 400 नागरिकों के साथ बना लिया अपना 'देश'?



ब्रिटिश-ऑस्ट्रेलियाई डैनियल जैक्सन ने 2019 में क्रोएशिया और सर्बिया के बीच 0.5 वर्ग किलोमीटर जमीन पर खुद को स्वतंत्र देश बताने वाले फ्री रिपब्लिक ऑफ वर्डिस की स्थापना की थी। वर्डिस के मुताबिक, उसके करीब 400 नागरिक हैं और उसका अपना कानून व झंडा है। हाल ही में जैक्सन को यूएन मुख्यालय में आईपीपीडीआर द्वारा मानवीय पुरस्कार दिया गया।

### परमाणु हादसे में तबाह चेरनोबिल में 28 साल पहले छोड़े गए थे 31 घोड़े, वैज्ञानिक हैरान



1986 की परमाणु दुर्घटना के लिए चर्चित यूक्रेन के चेरनोबिल में 1998 में दुर्लभ प्रेजेवाल्स्की जंगली घोड़े लाए गए थे। मौतों/अवैध शिकार के बावजूद, 2018 में कैमरा ट्रैप से यहां 137 घोड़े दर्ज किए गए। वैज्ञानिकों के मुताबिक, इनकी वास्तविक संख्या इससे अधिक हो सकती थी। यह संख्या काफी प्रभावशाली है क्योंकि अवैध शिकार/शुरूआती नुकसानों के बावजूद घोड़े बच गए।

### भारतीय कंपनी ने दुबई में 16.5 किग्रा सोने के झुमके बनाकर दो वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाए



दुबई में 16 किलोग्राम से अधिक वजन वाले सोने के झुमकों की एक जोड़ी ने दो गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाए हैं। गल्फ न्यूज के मुताबिक, मयूर सहस्र नामक इन झुमकों को 'जोयआलुक्कास' ने 55-कारीगरों की मदद से बनाया। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स ने इन्हें दुनिया की सबसे भारी व सबसे बड़ी सोने की बालियों की जोड़ी के रूप में मान्यता दी।



**दीपावली से पहले धूप में मिट्टी के दीये सुखाते कुम्हार के चेहरे पर चमकती उम्मीद**

दीपावली का त्योहार नजदीक आते ही कुम्हारों के घरों में चाक की रफ्तार और उम्मीदें दोनों तेज हो जाती हैं। सुबह की सुनहरी धूप में एक कुम्हार मिट्टी से सने हाथों से दीयों की सजी हुई ट्रे को आंगन में सूखने के लिए सहेजकर रख रहा है। उसकी आंखों में इन दीयों के बाजार में बिकने और हर घर को रोशन करने की एक खास चमक साफ दिखाई दे रही है। यही दीये उसकी महीनों की मेहनत व खुशियों का आधार बनते हैं।

# देवदत्त पडिक्कल ने 199 रन बनाकर इंडिया-ए टीम को संकट से निकाला

**टेस्ट क्रिकेट** न्यूजीलैंड-ए के विरुद्ध इंडिया-ए ने 284 रनों की बढ़त हासिल की

**नई दिल्ली**

पहली पारी में मात्र 113 रनों पर सिमटने के बाद इंडिया ए ने देवदत्त पडिक्कल और साई सुदर्शन के दम पर जबरदस्त वापसी की है। पडिक्कल दोहरा शतक लगाने से चूक गए और 199 रनों पर आउट हो गए। इस दौरान उनके बल्ले से 24 चौके और तीन छक्के निकले। हालांकि, उन्होंने टीम इंडिया को संकट से निकाला। तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक भारत ए ने 284 रनों की बढ़त बना ली है। पहले अनौपचारिक टेस्ट मैच में भारतीय टीम पहली पारी में न्यूजीलैंड के गेंदबाजों के सामने बेबस नजर आ रही थी। साइमन कीन के पांच विकेटों के दम पर न्यूजीलैंड ए ने भारत ए को 113 रनों पर समेट दिया। इसके बाद कीवियों ने पहली पारी में 317 रन बना लिए और भारत पर 204 रनों की विशाल बढ़त हासिल की। हालांकि, दूसरी पारी में भारतीय बल्लेबाजों ने वापसी की और अब भारत ए मजबूत स्थिति में है।



**सुदर्शन ने 91 रन बनाकर साथ निभाया:** दूसरी पारी में खराब शुरूआत के बाद पडिक्कल और साई सुदर्शन सुदर्शन ने मोर्चा संभाला। तीसरे दिन भारत की पारी, जब शुरू हुई, तो उस वक्त टीम इंडिया का स्कोर 106/2 था और टीम 98 रनों से पीछे थी। इसके बाद तीसरे विकेट के लिए पडिक्कल और सुदर्शन के बीच 215 रनों की साझेदारी हुई। सुदर्शन शतक लगाने से चूक गए और 91 रन बनाकर आउट हो गए। उनके आउट होने के बाद कप्तान ध्रुव जुरैल (2) भी सस्ते में पवेलियन लौट गए। जुरैल के बाद यश राठौड़ ने मोर्चा संभाला और देवदत्त पडिक्कल का साथ दिया। पडिक्कल दोहरा शतक से चूक गए और उन्होंने 248 गेंदों पर 199 रनों की पारी खेली। यश भी 66 रन बनाकर आउट हो गए।

**वॉशिंगटन सुंदर का अर्द्धशतक :** सोमवार को तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक भारतीय टीम ने आठ विकेट के नुकसान पर 488 रन बना लिए हैं। इंडिया ए ने 284 रनों की बढ़त भी हासिल कर ली है। दूसरी पारी में अंशुल कंबोज (23) और आकिब नबी (38) ने भी अहम योगदान दिया। वॉशिंगटन सुंदर अर्द्धशतक जमाकर क्रीज पर मौजूद हैं। वे 51 रन बनाकर खेल रहे हैं, जबकि दूसरे छोर पर आकाश दीप हैं, जो एक गेंद खेल चुके हैं।

## ईशान अनफिट, सूर्यवंशी को फिर मिल सकता है मौका

**भारत-न्यूजीलैंड में तीसरा टी-20 मैच आज**



**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की सीरीज के तीसरे मुकाबले से पहले भारतीय टीम को झटका लगा है। विकेटकीपर-बल्लेबाज ईशान किशन चोट के कारण तीसरे टी20 में भी नहीं खेलेंगे। भारत के गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्केल ने सोमवार को इसकी पुष्टि की। उन्होंने बताया कि किशन एहतियात के तौर पर चयन के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे। भारत सीरीज में पहले ही 2-0 की बढ़त बना चुका है। 28 वर्षीय ईशान किशन को पिछले सप्ताह सीरीज के पहले मुकाबले के दौरान दाएं एडडक्टर मांसपेशी में खिंचाव आ गया था। जांघ के अंदरूनी हिस्से में मौजूद मांसपेशियों के इस समूह में चोट के कारण वह दूसरे टी20 में भी नहीं खेल पाए थे। उनकी जगह युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को प्लेइंग इलेवन में शामिल किया गया था। मोर्केल ने मैच से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि ईशान अच्छी तरह से रिकवर कर रहे हैं। वह आज अभ्यास करेंगे। लेकिन कल के मुकाबले के लिए वह चयन के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। हम एहतियात के तौर पर यह फैसला ले रहे हैं। 27 अक्टूबर को वेलिंगटन में होने वाले तीसरे टी20 मुकाबले से बाहर रखा गया है।

## रणजी ट्रॉफी : बिहार 99 पर ढेर, स्पिनर सारांश जैन ने झटके सात विकेट



**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड के खिलाफ आगामी टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम में जगह न मिलने की निराशा को पीछे छोड़ते हुए मध्य प्रदेश के अनुभवी स्पिनर सारांश जैन ने घरेलू क्रिकेट में शानदार वापसी की है। रणजी ट्रॉफी के मुकाबले में सोमवार को सारांश जैन की घातक गेंदबाजी के आगे बिहार की पूरी टीम महज 99 रनों पर ही ढेर हो गई। 33 वर्षीय इस ऑफ स्पिनर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पहली पारी में अपने प्रथम श्रेणी करियर का सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी स्पेल फेंका। रणजी मैच में बिहार के खिलाफ सारांश जैन ने महज 13 ओवरों के अपने कोटे में केवल 40 रन खर्च करते हुए 7 महत्वपूर्ण विकेट हासिल किए। इस दौरान उन्होंने एक मेडन ओवर भी डाला। जैन की धारदार और सटीक गेंदबाजी का बिहार के बल्लेबाजों के पास कोई जवाब नहीं था और पूरी टीम 30.3 ओवरों में सिमट गई। उनकी इस कातिलाना गेंदबाजी की बदौलत मध्य प्रदेश की टीम मुकाबले में बेहद मजबूत स्थिति में पहुंच गई है।

## हारे हुए मैच में पाकिस्तान की 1 विकेट से रोमांचक जीत

**लाहौर।** पाकिस्तान और इंग्लैंड के बीच रविवार को एक बेहद रोमांचक मैच देखने को मिला। जब मेजबान पाकिस्तान ने 99.9 प्रतिशत हारे हुए मैच को जीत में बदल दिया। दरअसल ट्राई सीरीज के एक मैच में इंग्लैंड ने पाकिस्तान के सामने जीत के लिए 242 रनों का लक्ष्या रखा था, और पाकिस्तान की टीम एक समय 33.5 ओवर में 159 पर अपने 9 विकेट खो दी थी। जहां से ये लगने लगा था कि अब पाकिस्तान के लिए ये मैच जीत पाना नामुमकिन है। लेकिन शादाब खान (113) और हारिस रऊफ (9) ने 10वें विकेट के लिए रिकॉर्ड 89 रनों की साझेदारी करके जीत को मुमकिन बना दिया। इस रोमांचक जीत में पाकिस्तानी टीम को डीआरएस का भी साथ मिला। जब पाकिस्तान जीत से केवल 20 रन दूर था तब 45वें ओवर में शादाब खान एटकिंसन की गेंद पर एलबीडब्ल्यू आउट हो गए। खुद शादाब खान को भी लगा कि वो



आउट हो चुके हैं। इसकी वजह से शादाब ने अपना बल्ला भी जमीन में पटक दिया था और इंग्लैंड के खिलाड़ी खुशी मानाने लगे थे।

लेकिन मैच में बड़ा पल तब आया जब शादाब ने पाकिस्तान का इकलौता रिव्यू लेने का फैसला किया। रीप्ले में 'अल्ट्रा-एज' पर एक स्पाइक दिखा, जिससे पता चला कि गेंद बल्ले से लगी थी और इस वजह से अंपायर का फैसला बदल गया। इंग्लैंड के खिलाड़ी हैरान रह गए। शादाब और रऊफ ने भी हैरानी का इजहार किया। उसके बाद पाकिस्तान पीछे मुड़कर नहीं देखा और 47.1 ओवर में 242 रन चेज करके अपनी टीम को एक विकेट से रोमांचक जीत दिला दी।शादाब खान ने 96 गेंदों पर नाबाद 113 रनों की मैच जिताऊ पारी खेली। जिसमें 13 चौके और 5 छक्के शामिल थे। ये उनके वनडे करियर का पहला शतक भी था। इसके अलावा 10वें नंबर पर बल्लेबाजी करने आए हारिस रऊफ ने 19 गेंद में केवल 7 रन बनाए और जीत में अहम भूमिका निभाई। इन दोनों के बीच 80 गेंदों में 89 रनों की रिकॉर्ड साझेदारी भी बनी, जो वनडे के इतिहास में सफल रन चेज करते हुए सबसे बड़ी साझेदारी बन गई। जिससे 51 साल पुराना रिकॉर्ड भी टूट गया। इससे पहले यह रिकॉर्ड वेस्टइंडीज के डेरिक मरे और एंडी रॉबर्ट्स की जोड़ी के नाम था, जिन्होंने 1975 के वर्ल्ड कप में आखिरी विकेट के लिए नाबाद 64 रन जोड़े थे।

**स्कूल स्तर से तैयार होंगे खिलाड़ी, 12 से 13 खेलों का होगा चरणबद्ध आयोजन**

## 'खेलो राजस्थान' से गाँवों की प्रतिभाओं को मिलेगा मंच

**जयपुर।** राजस्थान में खेल प्रतिभाओं की पहचान और उन्हें आगे बढ़ाने के लिए राज्य सरकार 'खेलो राजस्थान' का आयोजन करने जा रही है। खेल मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने बताया कि इसका उद्देश्य स्कूल स्तर से ही बच्चों को खेलों के लिए तैयार करना और गांव-गांव से प्रतिभाओं को तलाशना है।

### पहले चरण में होंगे तीन-चार खेल

खेल मंत्री ने बताया कि प्रतियोगिताओं का आयोजन योजनाबद्ध तरीके से किया जाएगा। इसमें करीब 12 से 13 खेलों को शामिल किया जाएगा। पहले



चरण में तीन-चार खेल आयोजित होंगे, इसके बाद अन्य खेलों का आयोजन किया जाएगा, ताकि खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का पर्याप्त अवसर मिल सके।

### स्कूलों में दर्ज होगा फिटनेस रिकॉर्ड

बच्चों की फिटनेस जांच के लिए बैटरी टेस्ट पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू किया गया है, जिसे अब सभी स्कूलों तक पहुंचाने की योजना है। बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों को नियमित प्रशिक्षण देकर प्रतिस्पर्धात्मक खेलों के लिए तैयार किया जाएगा। खेल विभाग, शिक्षा विभाग और प्रशासन के समन्वय से यह अभियान चलाया जाएगा।

### फिटनेस से होगी प्रतिभाओं की पहचान

कर्नल राठौड़ ने कहा कि खेलों को केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं रखा जाएगा, बल्कि प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की पहचान पर भी जोर रहेगा। पांच से 15 वर्ष तक के बच्चों के लिए फिटनेस टेस्ट शुरू किए जा रहे हैं। इसमें बच्चों की शारीरिक क्षमता, लचीलापन, सहनशक्ति और ताकत का आकलन किया जाएगा।

### SUCCESS PICTURES



पो. रजि. नं. श्रीगंगानगर/35/2024-2026, आरएनआई रजि नं. 23665/72

# सीमा सन्देश

श्रीगंगानगर, मंगलवार, 27 अक्टूबर, 2026



कॉकरोच, खटमल और टुकड़े-टुकड़े गैंग जैसी बुराइयां जो कोरोना वायरस की तरह फैलने की कोशिश कर रही हैं – उन पर हिट का छिड़काव करने की जरूरत ही नहीं पड़ती (अगर उन्होंने फैलने की कोशिश न की होती)। - **शुभेंदु अधिकारी**

## न्यूज इन ब्रीफ

### संगरूर में राहुल गांधी की रैली 4 को

**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस के बड़े नेता राहुल गांधी 4 नवंबर को पंजाब के संगरूर में एक विशाल 'हिसाब मांगो' रैली को संबोधित करेंगे। इसके साथ ही 2027 के विधानसभा चुनावों के लिए पार्टी के प्रचार अभियान की शुरूआत होगी। पार्टी नेताओं के.सी. वेणुगोपाल और सचिन पायलट ने सोमवार को पत्रकारों से बातचीत के दौरान यह जानकारी दी। बता दें कि आप औपचारिक रूप से 18 जुलाई 2025 को इंडिया गठबंधन से अलग हो गई थी।

### पीएम मोदी ने वाल्मीकि जयंती पर किया नमन

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को महर्षि वाल्मीकि जयंती पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि महर्षि वाल्मीकि के विचार भारतीय संस्कृति और विरासत का आधार हैं तथा उनकी शिक्षाएं मानवता को सदैव मार्गदर्शन देती रहेंगी। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि आदि कवि महर्षि वाल्मीकि की रचना रामायण सत्य, धर्म, कर्तव्य और करुणा जैसे मूल्यों का संदेश देती है। उनकी साहित्यिक और आध्यात्मिक विरासत आज भी समाज को प्रेरित कर रही है।

### थर्मल प्लांट के कूलिंग टॉवर में आग

**झालावाड़।** कालीसिंध थर्मल पावर प्लांट की प्रथम यूनिट के कूलिंग टावर में सोमवार को अचानक आग लग गई। आग ने देखते ही देखते टावर में लगी प्लास्टिक की जालियों को अपनी चपेट में ले लिया। सूचना मिलते ही दमकल टीम मौके पर पहुंची और करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। प्रारंभिक आशंका है कि मेंटेनेंस के दौरान वेल्डिंग की चिंगारी से आग लगी, हालांकि कारणों की जांच जारी है।

एक शाम धोरों के नाम में लोक कलाओं का अनूठा संगम, कैमल डांस से लेकर डेजर्ट सफारी का रोमांच

# रेतीले धोरों पर सजी हमारी लोक संस्कृति की महफिल, मरुधरा के रंगों से महका सूरतगढ़

**शिवशंकर सारड़ा**



सूरतगढ़। कहीं मस्क बीण की मधुर धुन पर थिरकते कदम, कहीं कच्ची घोड़ी और कालबेलिया नृत्य की मनमोहक अदाएं, तो कहीं लंगा-मांगणियार के सुरों में घुलती मरुधरा की मिठास। श्री हनुमान जी खेजड़ी धाम के पास स्थित रेत के धोरों पर राजस्थान की लोक संस्कृति अपने पूरे वैभव के साथ जीवंत हो उठी। श्रीगंगानगर स्थापना दिवस-2026 के समापन पर आयोजित एक शाम धोरों के नाम कार्यक्रम में लोक कलाओं, पारंपरिक संगीत व मरुस्थलीय रोमांच का ऐसा संगम देखने को मिला कि धोरों की रेत सांस्कृतिक रंगों से सराबोर हो गई। राजस्थान के विभिन्न अंचलों से आए कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों को लोक परंपराओं की समृद्ध विरासत से रूबरू करवाया। कैमल डांस, ऊंट गाड़ा सफारी, जीप सफारी और डेजर्ट बाइक सफारी जैसी गतिविधियों ने आयोजन को और भी खास बना दिया।

### कहीं बीण की धुन, कहीं घोड़ी और चकरी का चमत्कार

सांस्कृतिक संध्या में राजस्थान के अलग-अलग क्षेत्रों की लोक कलाओं का अनूठा रंग देखने को मिला। सूरतगढ़ के मस्क बीण लोक नृत्य ने जहां स्थानीय सांस्कृतिक पहचान को मंच दिया, वहीं बीकानेर की कच्ची घोड़ी, भवई, तराजू व चकरी नृत्य की प्रस्तुतियों ने दर्शकों का ध्यान खींचा। बालोतरा के लालगैर आंगी नृत्य, किशनगढ़ के चरी लोक नृत्य व जोधपुर की कालबेलिया पार्टी ने अपनी विशिष्ट शैली से कार्यक्रम में रंग भर दिए। पारंपरिक वेशभूषा, लोक संगीत की लय व कलाकारों की भावपूर्ण प्रस्तुतियों ने मरुधरा की सांस्कृतिक विरासत को साकार कर दिया। इसी तरह जैसलमेर के लंगा-मांगणियार कलाकारों ने अपनी गायकी व सुरों की जुगलबंदी से लोक संगीत की ऐसी छटा बिखेरी कि श्रोता मरुधरा की संगीत परंपरा में डूब गए। बीकानेर के



रौबीले ग्रुप की प्रस्तुति ने भी समां बांधा। वहीं, श्रीगंगानगर के पंजाबी ढोल व पंजाबी लोक नृत्य के साथ पंजाब की ढोल प्रस्तुतियों ने सांस्कृतिक संध्या में अलग ही रंग घोल दिया। राजस्थानी व पंजाबी लोक संस्कृति के इस संगम ने आयोजन को विविधता से भर दिया।

लोक संस्कृति के साथ मरुस्थलीय पर्यटन को भी आयोजन का प्रमुख आकर्षण बनाया गया। कैमल डांस शो में ऊंटों की अनूठी प्रस्तुतियां देखने को मिलीं, वहीं कैमल सफारी और ऊंट गाड़ा सफारी ने लोगों को रेतीले धोरों के पारंपरिक सफर का अनुभव करवाया। जीप सफारी व डेजर्ट बाइक सफारी ने रोमांच के शौकीनों को आकर्षित किया। लोक कला, रेगिस्तानी परिवेश व साहसिक गतिविधियों के मेल ने एक शाम धोरों के नाम को यादगार बनाने में अहम भूमिका निभाई।

### जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने की शिरकत

शरद पूर्णिमा का मेले में हजारों श्रद्धालु श्री हनुमान खेजड़ी धाम में उमड़ते हैं। इस कारण कार्यक्रम में खासी भीड़ उमड़ पड़ी। इसके अलावा श्रीगंगानगर विधायक जयदीप बिहाणी, सूरतगढ़ विधायक डूंगरराम गेदर, जिला कलेक्टर डॉ. अमित यादव, अतिरिक्त जिला कलक्टर भवानी सिंह पंवार, उपखंड अधिकारी भरत जयप्रकाश मीणा, तहसीलदार विनोद कड़वासरा, पुलिस उपाधीक्षक पारसमल, श्रीगंगानगर नगर परिषद अध्यक्ष अजय दावड़ा, नगरपालिका अध्यक्ष ज्योति कंवर, अधिशासी अधिकारी गणपतराम कस्वां, श्री हनुमानजी खेजड़ी मंदिर समिति अध्यक्ष नरेंद्र राठी, नीरज वर्मा, भाजपा प्रदेश मंत्री विजेंद्र पूनिया सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे। मंच संचालन यशपाल शर्मा व मनस्वी शर्मा ने किया।

पानी चोरी पर रोक लगे

# रसलाना वितरिका की टेल तक पहुंचे पूरा पानी

**सीमा सन्देश # नोहर।**

सिद्धमुख सिंचाई प्रणाली के 28 अक्टूबर से प्रस्तावित सी ग्रुप रेगुलेशन के दौरान रसलाना वितरिका की टेल तक पर्याप्त पानी पहुंचाने का मुद्दा गरमा गया है। सोमवार को किसानों ने जल संसाधन विभाग के अधीक्षण अभियंता, अधिशासी अभियंता और उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर भादरा क्षेत्र में बड़े पैमाने पर कथित जल चोरी और अवैध मोघों पर सख्ती से रोक लगाने की मांग की। किसानों ने आरोप लगाया कि जल चोरी और पानी के असमान वितरण के कारण नोहर क्षेत्र की टेल तक पर्याप्त पानी नहीं पहुंच रहा। उन्होंने रेगुलेशन के दौरान विशेष निगरानी दल तैनात करने, सीपी-5 से नथवानियां हेड तक पानी के प्रवाह की नियमित माप करवाने और जल हानि के कारणों की जांच करने की मांग उठाई। साथ ही हरियाणा से अतिरिक्त सिंचाई पानी उपलब्ध करवाने के लिए उच्च स्तर पर प्रभावी प्रयास करने का आग्रह किया। किसानों के अनुसार, खरीफ सीजन में रसलाना वितरिका की टेल तक पानी नहीं पहुंचा और बारिश भी पर्याप्त नहीं हुई। अब रबी की बुवाई के महत्वपूर्ण समय में सिंचाई पानी की कमी बनी रही, तो नोहर तहसील के करीब 27 गांवों के किसानों की बुवाई और फसल उत्पादन पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। किसानों का कहना है कि सिर्फ रेगुलेशन घोषित करना पर्याप्त नहीं, टेल तक पानी पहुंचाना विभाग की वास्तविक जिम्मेदारी है। उन्होंने मांग की कि जल चोरी पर प्रभावी अंकुश लगाकर रसलाना वितरिका और सभी माइनरों के अंतिम छोर तक निर्धारित मात्रा में पानी पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए, ताकि किसानों को लगातार दूसरे फसल संकट का सामना न करना पड़े।

# ऑस्ट्रेलिया वीजा प्रक्रिया में बड़ा बदलाव, भारतीयों को देने होंगे फिंगरप्रिंट और फोटो

**नई दिल्ली।**

ऑस्ट्रेलिया सरकार ने वीजा प्रक्रिया को अधिक सुरक्षित और पारदर्शी बनाने के लिए नए नियम लागू किए हैं। 26 अक्टूबर 2026 या उसके बाद वीजा आवेदन करने वाले भारतीय नागरिकों को अब जरूरत पड़ने पर फिंगरप्रिंट और चेहरे की फोटो (बायोमेट्रिक्स) देनी होगी। यह बदलाव केवल नए आवेदनों पर लागू होगा। इससे पहले आवेदन करने वाले या जिन लोगों को वीजा जारी हो चुका है, उन पर इसका असर नहीं पड़ेगा।

ऑस्ट्रेलिया का डिपार्टमेंट ऑफ होम अफेयर्स यह तय करेगा कि किन आवेदकों के लिए बायोमेट्रिक्स देना अनिवार्य होगा। संबंधित आवेदक या उसके अधिकृत एजेंट को ईमेल के माध्यम से इसकी जानकारी भेजी जाएगी। इसके बाद आवेदकों को निर्धारित प्रक्रिया पूरी करनी होगी। भारत में मौजूद 16 ऑस्ट्रेलियाई बायोमेट्रिक्स संग्रह केंद्रों में से किसी एक केंद्र पर जाकर आवेदक अपनी जानकारी जमा कर सकेंगे।

इन केंद्रों का संचालन वीएफएस ग्लोबल द्वारा किया जाता है। कुछ पात्र आवेदकों को ऑस्ट्रेलियाई इमी ऐप के माध्यम से डिजिटल बायोमेट्रिक्स जमा करने की सुविधा भी मिल सकती है। ऑस्ट्रेलिया सरकार के अनुसार, बायोमेट्रिक्स व्यवस्था का उद्देश्य आवेदकों की पहचान को सुरक्षित बनाना और वीजा प्रक्रिया में धोखाधड़ी को कम करना है।




स्वामी सीमा सन्देश के लिए प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक ललित कुमार शर्मा द्वारा हनुमानगढ़ रोड, श्रीगंगानगर से प्रकाशित एवं सीमा सन्देश मुद्रणालय चक 7 ई छोटी, हनुमानगढ़ रोड, श्रीगंगानगर से मुद्रित। आरएनआई रजि नं. 23665/72, पो. रजि. नं. श्रीगंगानगर/35/2024-2026 फोन : 2466402/03, मो. 93528-93528, विज्ञापन विभाग : 0154-2466402/03, जयपुर कार्यालय : जे-2 झालाना संस्थानिक क्षेत्र, झालाना डूंगरी, जयपुर, फोन : 0141-2700113

# सीमा संदेश

ताकत किसान की, जवान की

## सभी पाठकगणों का सीमा संदेश परिवार की ओर से

# हार्दिक धन्यवाद

### हर खबर से निरंतर जुड़े रहें

/seemasandesh_

/officialseemasandesh

/@OfficialSeemaSandesh

/officialseemasandesh

seemasandeshsgr@gmail.com

Join our WhatsApp community
93528 93528

**आपकी अपनी आवाज़ – हमसे जुड़े रहें**

**Helpline: 93528 93528**